@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

रविवार, 19 मई 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 179 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## हरियाणा में बस में आग लगने से आठ जिंदा जले

नई दिल्ली, 18 मई। दिल्ली में बीते 14 वर्षों का तापमान का रिकॉर्ट टूट गया है। राष्ट्रीय राजधानी में पारा 47 डिग्री के पार हो गया। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए लू का अलर्ट जारी किया है। उधर, हरियाणा में एक श्रद्धालुओं से भरी बस में आग लगने से आठ लोग जिंदा जल गए। जबकि दो दर्जन से ज्यादा लोग झुलस गए। उधर, स्वाती मालीवाल के मामले में दिल्ली पुलिस मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची। वहीं, आईपीएल में मुंबई को सीजन की 10वीं हार मिली है। तावडू उपमंडल की सीमा से गुजर रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार-शनिवार की रात श्रद्धालुओं से भरी बस में अज्ञात कारणों से आग लग गई। बस में सवार आठ लोग जिंदा जल गए जबकि दो दर्जन से अधिक बुरी तरह झुलस गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया है। पढ़ें पूरी खबर उत्तर पश्चिम भारत प्रचंड गर्मी की चपेट में है। अधिकांश क्षेत्रों में आसमान से झुलसा देने वाली आग बरस रही है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो देश में सर्वाधिक रहा। यही नहीं, 14 साल बाद दिल्ली में 17 मई यानी शुक्रवार को इतनी भीषण गर्मी पड़ी है। हरियाणा के सिरसा में भी पारा 47.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। पढ़ें पूरी खबर देश के प्रमुख जलाशयों के जल संग्रहण में गिरावट आई है और वर्तमान में यह कुल भंडारण क्षमता का 25 प्रतिशत ही रह गया है।

# जेल का खेल न खेलें पीएम : केजरीवाल

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 18 मई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आप नेताओं को गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के सभी नेताओं को जेल भेजने की चुनौती दी है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि ये रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए। रविवार को दोपहर 12 बजे आप के सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहे हैं। इसके बाद सबको जेल में डाल दो। भाजपा की साजिश पूरा देश देख रहा है। आप के नेताओं के पीछे पड़े हैं। पहले मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा और अब मुख्यमंत्री के पीए को जेल में डाल दिया है। आप का कसूर सिर्फ इतना है कि दिल्ली में स्कूल बनवाए, अस्पताल व मोहल्ला क्लीनिक बनाकर मुफ्त इलाज दिया, 24 घंटे और मुफ्त बिजली दी, जो ये नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गलतफहमी में हैं कि वो नेताओं को जेल में डालकर आप को कुचल देंगे। ऐसे तो आम आदमी पार्टी खत्म नहीं होने वाली है। उन्होंने शनिवार को अपने पीएम



बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने के बाद प्रेसवार्ता की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा अभी लंदन से लौटे हैं और ये कह रहे हैं कि उनको भी जेल में डालेंगे। ये कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालेंगे। ये लोग सरकारी स्कूल नहीं बना सकते। इसलिए ये लोग दिल्ली में सरकारी स्कूल बनने रोकना चाहते हैं। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि आप जिस-जिस को जेल में डालना चाहते हैं, आप जेल में डाल दो। आप एक बार सभी नेताओं को जेल में डाल कर देख लो। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो पूरे देश के अंदर लोगों के दिल में चला गया है। आप आम आदमी पार्टी के जितने नेताओं को जेल में डालोगो, उससे सौ गुना नेता यह देश पैदा करेगा। इससे पहले माना जा रहा था कि केजरीवाल अपने निजी सचिव बिभव कुमार को लेकर अपनी देश के सामने रखेंगे। बता दें कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में बिभव कुमार को आज ही दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद बिभव ने तीस हजारी कोर्ट ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका दायर की जहां से उन्हें राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

## सीबीआई निदेशक के फोटो का इस्तेमाल कर रहे पाकिस्तानी ठग

नई दिल्ली, 18 मई। अगर आपके पास भी पाकिस्तान के नंबरों से फोन आ रहा है तो सावधान हो जाएं। आप साइबर अपराध का शिकार हो सकते हैं। पाकिस्तान के नंबर +92 से आने वाले फोन पर जो व्यक्ति बोलता है, वह खुद को पुलिस इंस्पेक्टर बताता है। कभी कभार वह खुद को कोतवाली इंचार्ज कहता है, जबकि उसके व्हाट्सएप प्रोफाइल पर किसी आईपीएस का फोटो लगा होता है। वह आपसे दो तीन बात कहता है। आपका बच्चा फलां कालेज में पढ़ता है, वह रेप केस में फंस गया है। उसकी हालत बहुत खराब है। वह बीमार है। उसके दोस्तों ने उसे साइबर अपराध में फंसा दिया है। उसे बचाना चाहते हो, तो जैसा मैं कहूं, वैसा करो। इस सप्ताह +92 3276453870 से कई लोगों को कॉल की गई हैं। खुद को कोतवाली इंचार्ज बताने वाले पाकिस्तानी ठग ने अपने व्हाट्सएप प्रोफाइल पर सीबीआई के पूर्व चीफ एसके जायसवाल का फोटो लगा रखा है। पाकिस्तान ठग खुद को कोतवाली इंचार्ज या इंस्पेक्टर बताता है। वह अमूमन व्हाट्सएप कॉल करता है। अपना नाम भी ऐसा बताता है कि जिससे सामने वाले व्यक्ति को यह यकीन हो जाए कि वह भारत के ही किसी प्रांत का रहने वाला है। हरियाणा में रोहतक जिले की एक स्कूल प्राध्यापक के पास शुक्रवार को ऐसा ही फोन आया। उस व्यक्ति ने वीडियो कॉल की थी। जल्दबाजी में फोन उठ गया, तो दूसरी तरफ वाले व्यक्ति ने पहले ही प्राध्यापक के बच्चे का नाम लिया। उसे मालूम था कि वह बच्चा कहीं बाहर पढ़ता है। वह बोला, आपका बच्चा मुसीबत में है।

# चुनाव खर्च में सबसे आगे निकले अखिलेश

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

कन्नौज, 18 मई। इत्रनगरी का सियासी दंगल जीतने उतरे उम्मीदवारों का चुनावी खर्च सामने आ गया है। इसमें सपा के अखिलेश यादव ने अपने प्रतिद्वंदियों से ज्यादा रकम खर्च कर डाली है। उनके बाद भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक हैं। चुनावी खर्च के मामले में बसपा उम्मीदवार इमरान बिन जफर अपने दोनों मुख्य प्रतिद्वंदी से काफी पीछे हैं। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार काफी पीछे हैं। दरअसल यह चुनावी खर्च चुनाव प्रचार खत्म होने से एक दिन पहले तक यानी 10 मई तक का है। निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक के सामने उम्मीदवारों ने नियम के मुताबिक अलग-अलग अंतराल में तीन बार खर्च का ब्योरा दिया गया है। इसमें पहली बार दो मई, उसके बाद छह मई और फिर 10 मई को ब्योरा जमा किया गया है। उसके तहत सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव 36 लाख 20 हजार 743 रुपये खर्च कर सबसे आगे हैं। अखिलेश के ठीक बाद भाजपा के सुब्रत पाठक की ओर से 27 लाख 18 हजार 847 रुपये का खर्च



दिखाया गया है। बसपा उम्मीदवार इमरान बिन जफर की ओर से तीन लाख 54 हजार 420 रुपये का खर्च दिखाया गया है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के आलोक वर्मा ने बसपा उम्मीदवार से ज्यादा रकम खर्च होना बताया है। उन्होंने 10 मई तक पांच लाख 50 हजार 290 रुपये का खर्च दिखाया है। जिला कोषाधिकारी अनिल मिश्र ने बताया कि उम्मीदवारों की ओर से तीन बार में खर्च का ब्योरा जमा किया गया है। यह खर्च नामांकन के बाद से 10 मई तक का है। चुनाव के बाद कुल खर्च का ब्योरा देना होगा। निर्वाचन आयोग के नियम के मुताबिक उम्मीदवारों ने अभी तीन बार ही ब्योरा पेश किया है। अभी उन्हें चुनाव प्रचार के आखिरी दिन का ब्योरा जमा करना बाकी है। इसके बाद चुनाव वाले दिन का भी खर्च दिखाना होगा कि बूथों के बाहर बस्ता लगाने और बूथ पर अपना एजेंट की सेवा में कितनी रकम खर्च की। इसके बाद मतगणना वाले दिन होने वाले खर्च का ब्योरा भी जमा करना है। यह तीनों खर्च चुनाव नतीजा आने के बाद जमा होगा। उसी के बाद तय होगा कि किस उम्मीदवार ने कुल कितनी रकम खर्च की है। लोकसभा चुनाव में कुल 15 उम्मीदमवार मैदान में हैं। इन्होंने 10 मई तक कुल 77 लाख 52 हजार 563 रुपये खर्च कर डाले हैं।

## ट्रैक्टर से पाकिस्तान के टैंक तबाह करेगी भारतीय सेना!

नई दिल्ली, 18 मई। भारतीय सेना में जुगाड़ बहुत प्रसिद्ध हैं। चाहे 1971 की भारत-पाकिस्तान या करगिल युद्ध की बात करें, तो भारतीय सेना ने अपने कई जुगाड़ों से दुश्मन को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। यह जुगाड़ की परंपरा आज तक जारी है। वहीं स्मार्ट वर्क के मामले में जुगाड़ बहुत काम आता है। आपने ट्रैक्टर पर एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (ञ्जत्ररू) कभी लगी देखी है। यह सुन कर आपको आश्चर्य जरूर होगा कि यह कैसे संभव है। एक खेत जोतने के काम आने वाले वाहन का एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल से क्या संबंध है। असल में यह भारतीय सेना का एक जुगाड़ या यूं कहें कि एक इनोवेशन है। भारतीय सेना ने इस जुगाड़ का नाम दिया है इंप्रोवाइज्ड ट्रैक्टर माउंटेड एटीजीएम। हाल ही में भारतीय सेना की वेस्टर्न कमांड ने कुछ फोटोग्राफ्स अपने एक्स सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कीं। उनमें से एक फोटो ने अचानक ही ध्यान खींच लिया। वह फोटो थी ट्रैक्टर पर लगीं एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल्स की। फोटोग्राफ्स की डिटेल थी, जीओसी खड़गा कोर ने जेसोर ब्रिगेड का दौरा किया और जेसोर वॉरियर्स की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की और ब्रिगेड को उनके प्रोफेशनलिज्म के लिए बधाई दी और उन्हें उत्कृष्टता का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। जेसोर ब्रिगेड इन दिनों पंजाब में तैनात है। वहां कुछ दिन पहले जीओसी खड़गा कोर लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह जवानों को प्रोत्साहित करने के लिए जेसोर ब्रिगेड पहुंचे थे, तो वहां ब्रिगेड ने अपने कुछ खास इनोवेशंस की जानकारी जीओसी को दीं। भारतीय सेना के सूत्र बताते हैं कि भारतीय सेना में ऐसे इनोवेशंस बेहद आम हैं, जो उस समय के हालात और जमीनी स्थिति को देखते हुए बनाए जाते हैं।

## देश को बर्बाद कर रहा इंडी गठबंधन, ईश्वर ने मुझे आपके लिए भेजा: पीएम मोदी

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 18 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी दिल्ली में पहली जनसभा को संबोधित किया। उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर इलाके में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता के लिए मेरा पल-पल और कण-कण है। 50 साल पहले घर छोड़कर निकला था। वहीं पीएम ने जनसभा में इंडी गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में इंडी गठबंधन के नेता जेल जा रहे हैं। पीएम ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदावारों को वोट देने की अपील की। उ दिल्ली की रैली में पीएम मोदी ने इंडी गठंबधन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये मौका परस्त गठबंधन तुष्टिकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता। याद कीजिए, जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने महीनों के लिए दिल्ली को बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए। लेकिन आज इनके झूठ का पर्दाफाश हो चुका है दिल्ली में वर्षों से रह रहे शरणार्थियों को



नागरिकता मिल रही है। कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया। लेकिन आज इनमें दिल्ली की चार सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है। आजादी के बाद देश के जवान नेशनल वार मेमोरियल की मांग करते रहे। देश का दुर्भाग्य देखिए, जब तक मोदी नहीं आया, देश की सरकारों को देश के वीर जवानों के सम्मान में वार मेमोरियल बनाने का महत्व समझ नहीं आया। देश में लोगों की रक्षा करते-करते करीब 35 हजार पुलिस के जवान शहीद हुए हैं। दुनिया में कोई भी जगह हो, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, इन्वेस्टमेंट लेकर आता है। एक तरफ अनधिकृत कॉलोनियां को रेगुलर करने का काम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ झुग्गियों की जगह पक्के घर बनाने का अभियान भी जारी है। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि बचपन में जब घर छोड़ा तब नहीं जानता था कि एक सौ चालीस करोड़ लोग मेरा परिवार बन जाएंगे, मैं आप लोगों के लिए मर खप रहा हूं। मेरा कोई वारिस नहीं है। अगर कोई वारिस है तो आप सब ही हैं। मेरा पल पल आपके लिए है। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलेगा। यह चुनाव मजबूत भारत बनाने के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में आपके आशीर्वाद से हमारे सभी प्रत्याशी विजयी हों। आपका प्यार मेरे सिर आंखों पर है। 24*7 मोदी की गारंटी है। दिल्ली में हमारे उम्मीदवारों की विजय हो, इसके लिए वोट करिए। इस दौरान पीएम मोदी को भीड़ शांत करानी पड़ी। लोग ज्यादा उत्साह में दिखे। खंबे पर चढ़े लोगों को उतरने की अपील की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2024 का ये चुनाव भारत को टॉप तीन अर्थव्यवस्था में लाने के लिए है।

## इस लोकसभा चुनाव में धूल चाटेगी भाजपा: ममता बनर्जी

कोलकाता, 18 मई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर दावा किया है कि इंडी गठबंधन 2024 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा। इंडी गठबंधन केंद्र में सत्ता में आएगी। उनका दावा है कि भाजपा इस बार 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस और सीपीएम पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए राज्य में भाजपा के साथ दोनों पार्टियों ने सांठ-गांठ कर लिया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे टीएमसी के अलावा किसी और को वोट न दें क्योंकि इससे सिर्फ भाजपा को ही फायदा होगा। आरामबाग लोकसभा क्षेत्र के गोघाट में बनर्जी ने शनिवार को एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने गठबंधन का नाम सुझाया था। राष्ट्रीय स्तर पर हम मोदी सरकार का विरोध कर रहे हैं। इंडी गठबंधन को सत्ता में लाने के लिए हम अपनी भूमिका निभाएंगे। इस चुनाव में भाजपा धूल चाटेगी। भाजपा 200 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में सीपीएम, कांग्रेस और अन्य दलों ने टीएमसी को बदनाम करने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया है। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि वाम शासन के दौरान गोघाट और सिहार जैसी जगहों पर सामूहिक हत्याएं की गईं। उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन विपक्ष की भूमिका में हमने अपनी जान की बाजी लगाई और मार्क्सवादी आंतक का सामना किया। मैं बंगाल में सीपीएम का असली चेहरा जानती हूं। पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को उन्होंने बंगाल विरोधी बताया।

# प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका और अमित शाह ने झोंकी ताकत

**सौरभ शर्मा**

अमेठी, 18 मई। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को रोड शो कर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन माहौल बनाया। भीड़ इसकदर उमड़ी कि बस स्टॉप से नौगजी चौराहा तक करीब एक किलोमीटर का सफर 50 मिनट में पूरा हो सका। जायस शहर में प्रियंका गांधी का रोड शो दोपहर 12 बजे से प्रस्तावित था, लेकिन धीरे-धीरे समय बढ़ता गया। पार्टी के नेता व सहयोगी दल से जुड़े लोग बार-बार फोन करके प्रियंका गांधी के आने का समय पता करते रहे। आखिरकार दोपहर करीब ढाई बजे बस स्टॉप पर कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल पहुंचे, उनके आने के करीब 10 मिनट बाद प्रियंका गांधी वाड्रा पहुंचीं। प्रियंका की पहली झलक पाने के लिए लोगों में उत्साह दिखा। नगर पालिका के पास प्रियंका कार के ऊपर कांग्रेस प्रत्याशी के साथ बैठ गईं और भीड़ के बीच धीरे-धीरे काफिला आगे बढ़ने लगा। आगे-पीछे बैंडबाजा और ढोल-ताशे बजाते रहे। इस दौरान प्रियंका गांधी कभी हाथ हिलाकर तो कभी नमस्कार करके लोगों का अभिवादन करती रहीं। रास्ते में छतों से प्रियंका पर फूलों की वर्षा भी की गई। कुछ लोगों ने रास्ते में गदा भेंट किया। एक दुकानदार ने उन्हें ककड़ी फल उपहार स्वरूप दिया, जिसे लेकर उन्होंने खाना भी शुरू कर दिया। साथ में मौजूद भीड़ प्रियंका गांधी के नारे



लगाती रही तो उन्होंने इशारा किया कि कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल के भी नारे लगाए जाएं। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रियंका गांधी ने कोई संबोधन या बयान नहीं दिया। नौगजी चौराहे के पास रोड शो पूरा होने के बाद प्रियंका रुकीं नहीं और काफिले के साथ तेजी से आगे बढ़ गईं, जिसके बाद स्थानीय लोग वापस लौट गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, शुभम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा चौहान, सपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गुंजन सिंह, अनिल सिंह, शमशाद खान जायसी, शकील इदरीसी, हाजी इशरत हुसैन भी मौजूद रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अमेठी में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने गांधी परिवार व राहुल गांधी पर हमला बोला। कहा कि यह चुनाव दो लोगों के बीच का है। एक चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल गांधी और दूसरी ओर चाय बेचने वाले गरीब के घर में पैदा हुए नरेंद्र मोदी के बीच। 12 लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार करने वाले गांधी परिवार है, वहीं 23 साल तक मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री रहने के बावजूद विरोधी 25 पैसे का आरोप नरेंद्र मोदी पर नहीं लगा पाए। ऐसे हैं हमारे नरेंद्र मोदी। अमित शाह ने कहा कि बड़े-बड़े नेता जो राष्ट्रीय दल के अध्यक्ष रहे हैं, देश के कर्ता-धर्ता बने...वह कहते हैं कि अमेठी और रायबरेली हमारे परिवार की सीट है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं किसने बुक कराकर आप को यह सीट दी है। लोकतंत्र में कोई सीट किसी की प्रॉपर्टी नहीं होती है, जनता अपना नेता और संसद तय करती है। वर्ष 2019 में राहुल बाबा को यहां से जनता ने हराकर स्मृति इरानी को सांसद बनने का काम किया। उसे राहुल आज तक भूल नहीं पाए। वायनाड से जब निकले तो अमेठी की जगह रायबरेली चले गए।

## मुस्लिमों को आरक्षण देना है तो पाकिस्तान जाएं: मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

मुजफ्फरपुर, 18 मई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मुजफ्फरपुर में शनिवार को जनसभा को संबोधित करते हुए विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि लालू यादव मुस्लिम समुदाय के आरक्षण की बात कहकर मुस्लिम तुष्टिकरण की बात




कहते हैं। इस देश में यह संभव नहीं है, अगर फिर भी उनको एक समुदाय का आरक्षण चाहिए तो पाकिस्तान में जा सकते हैं। दरअसल, हिमंत सरमा मुजफ्फरपुर के औराई विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील करने पहुंचे थे। यहां अपने संबोधन के दौरान ही उन्होंने यह बात कही। इस दौरान में सीएम सरमा ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि यह लोग मुस्लिम समुदाय के आरक्षण की बात को कहकर बाबा साहब अंबेडकर के संविधान का अपमान कर रहे हैं। भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने मुजफ्फरपुर में मुसलमान के आरक्षण और सात शादी पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि दो बेटों के साथ लालू प्रसाद यादव पाकिस्तान में चले जाएं। फिर वहां सभी मुसलमानों को वहीं से आरक्षण दिलवा दें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के फिर से बनते ही सात शादी करने वाली दुकान बंद हो जाएगी। सरमा ने कहा कि हमारे देश का अपना कानून है और यह संविधान से अधिकृत है, इसको कोई भी खत्म नहीं कर सकता है। जो भी लोग आरक्षण को खत्म करने की बात कहते हैं तो यह कोई नहीं ले सकता है। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को लेकर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह लोग कहते हैं कि प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान के पीएम बनने जा रहे हैं। यहां के लिए कोई जगह खाली नहीं है। पीएम तो यहां के नरेंद्र मोदी हैं और कोई भी जगह खाली नहीं है। इसलिए ऐसे लोग बाहर जा सकते हैं और देश में रहकर देश विरोधी बात करने वाले के लिए कोई जगह नहीं है।

# पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने अपने पोते से झाड़ा पल्ला

**नरेश मल्होत्रा**

बंगलूरू, 18 मई। कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। एचडी रेवन्ना के बेटे और हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं से यौन शोषण करने का आरोप है। उनकी मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं अपने पोते पर लगे आरोपों पर आखिरकार पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने शनिवार को कहा कि अगर प्रज्वल दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उनके बेटे और जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ महिला का अपहरण करने और यौन शोषण करने का आरोप झूठा है। यह मामला तैयार किया गया है। उन्होंने इस पर ज्यादा कुछ बोलने से परहेज किया क्योंकि मामला विचाराधीन है। हाल ही में गौड़ा ने अपना जन्मदिन नहीं मनाने का एलान किया था। साथ ही अपने चाहने वालों से अनुरोध किया था कि पार्टी कार्यकर्ता जहां हैं वहीं से उन्हें जन्मदिन की शुभकामना दें। पूर्व प्रधानमंत्री गौड़ा ने कहा, मैं रेवन्ना के संबंध में अदालत में चल रही चीजों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। इस संबंध में कुमारस्वामी (गौड़ा के दूसरे बेटे एवं जेडीएस प्रमुख) ने हमारे परिवार की ओर से कहा है कि यह सरकार का कर्तव्य है कि वह देश के कानून के अनुसार कार्रवाई करे। पत्रकारों से एचडी देवेगौड़ा ने कहा, यौन शोषण मामले से कई लोग जुड़े हुए हैं। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता हूं। कुमारस्वामी का कहना है कि इस मामले से जो लोग भी जुड़े हैं, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं पीड़ित महिलाओं को न्याय मिले। देवेगौड़ा ने अपने बेटे कुमारस्वामी के बयान से सहमति जताई कि अगर दोषी पाए जाते हैं तो किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रज्वल के खिलाफ कार्रवाई करने पर हमारी ओर से कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन लोगों को रेवन्ना के खिलाफ लगे आरोपों के बारे में सच पता चल गया है कि मामला कैसे बनाया गया है। एक मामले में उन्हें जमानत मिल गई है, दूसरे मामले में परसों फैसला आ रहा है। मैं इस पर और अधिक टिप्पणी नहीं करना चाहता। कर्नाटक के बहुचर्चित पेन ड्राइव / अश्लील वीडियो मामले में जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना का नाम जुड़ा है। 33 साल के प्रज्वल पर महिलाओं के यौन शोषण करने के कई मामले दर्ज हैं। इस घोटाले ने सत्तारूढ़ कांग्रेस



और भाजपा-जेडीएस के बीच राजनीतिक बवाल खड़ा कर दिया है। बता दें कि प्रज्वल कर्नाटक के हासन लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जैसे ही सांसद से जुड़े वीडियो सामने आने लगे, वह वोटिंग खत्म होने के बाद वह 27 अप्रैल को देश छोड़कर भाग गए थे। फिलहाल फरार है। उसे वापस लाने के प्रयास में उसके खिलाफ इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। इससे पहले, आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। एचडी के भी विदेश भागने की आशंका के बीच यह नोटिस जारी किया गया था। बंगलूरू की जन-प्रतिनिधि अदालत के जस्टिस संतोष गजानन भट्ट की पीठ ने अश्लील वीडियो मामले में पिता-पुत्र की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके तुरंत बाद, एसआईटी पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के घर पहुंची और उनके बेटे एचडी रेवन्ना को हिरासत में ले लिया था। एचडी व उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ मैसूरू में एक युवक ने अपनी मां के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। आरोप था, रेवन्ना के घर पर काम करने वाली उसकी मां का रेवन्ना पिता-पुत्र ने यौन शोषण किया था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद से महिला लापता है। इस मामले में बबन्ना पहले ही गिरफ्तार हो चुका है।

## दक्षिणी लेबनान में इज़रायली हमले में हमास के अधिकारी मारा गया

**एजेंसी**

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक लक्षित इजरायली हवाई हमले में हमास का एक सदस्य मारा गया और दो अन्य लोग घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को यह जानकारी दी। गुमनाम रूप से बात करने वाले सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली ड्रोन ने राशाया शहर में चल रहे एक चार-पहिया वाहन को निशाना बनाया। उस पर हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलें दागीं, जिससे कार जल गई और उसके चालक शरहबिल अल-सईद की मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद उसके साथी और एक नागरिक को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## इजराइल के डिफेंस सिस्टम का हिजबुल्लाह ने निकाला तोड़, हमले में इस नए हथियार का किया इस्तेमाल

**उत्तरी इजराइल।** उत्तरी इजराइल बॉर्डर पर लेबनान का सैन्य गुट हिजबुल्लाह लगातार मिसाइल और रॉकिट दाग रहा है. लेकिन अभी तक उसका कोई भी अटैक लक्ष्य को हिट नहीं कर पाया था और इजराइली डिफेंस उसको आसमान में ही खत्म कर देता था. लेकिन गुरुवार को हमास ने अपने पहले कामयाब हमले को अंजाम दिया. इस हमले ने हिजबुल्लाह ने ड्रोन का इस्तेमाल का इजराइल के सैन्य चौकी को निशाना बनाया. इजराइल सेना के मुताबिक इस हमले में 3 इजराइली सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें एक हालत गंभीर है. इसके अलावा इजराइल के उत्तरी बॉर्डर रोजाना ही दोनों और से गन फायरिंग देखने मिल रही है.

**कैसे किया हमला?**

जंग के 7 महीने बाद से ये पहले बार है जब हिजबुल्लाह ने सरफेस-टू-सरफेस हमले की बजाय एयर-टू-सरफेस हमला किया है. हमास ने इस हमले में ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए इजराइली सरहद के करीब 35 किमी अंदर जाके दो रॉकिट दागे हैं. लेबनान के राजनीतिक विश्लेषक फैसल अब्दुल सातेर ने न्यूज एजेंसी को बताया, ये दुश्मन को ये बताने का तरीका है कि हमारी क्षमताएं क्या हैं और हम वक्त आने पर और ज्यादा तेज और सटीक हमले कर सकते हैं.

**राफा इंवेजन से तेज हुए हमले**

इजराइल के 6 मई को राफा में कंट्रोल लेने के बाद से हिजबुल्लाह ने अपने हमले तेज किए हैं. हिजबुल्लाह ने इस हमले से कुछ ही दिन पहले तीन एंटी टैक मिसाइल इजराइल सीमा पर दागी थी. बता दें हिजबुल्लाह ने गाजा जंग रुकने तक इजराइल पर हमला करते लेनी की कसम खाई है. उत्तरी गाजा में चल रही इस लड़ाई में ग्रुप ने अब तक अपने 200 से ज्यादा लड़ाके खो दिए हैं. दूसरी और इजराइल के 15 सैनिक भी मारे गए हैं।

## यूक्रेन पर इस्तांबुल समझौता संभावित शांति वार्ता के आधार रूप में बने रहने चाहिए

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन पर इस्तांबुल में हुए समझौते लागू होने चाहिए और सभी संभावित शांति वार्ता उन पर आधारित होनी चाहिए। श्री पुतिन ने अपनी चीन यात्रा के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ठीक है, निश्चित रूप से यह एक आधार है, आप जानते हैं? उन्होंने इस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। वहां बहुत गंभीर मुद्दे हैं। आप जानते हैं, यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित मुद्दे हैं। वे इसमें लिखे गए हैं इस तरह से कि हमें अभी भी उनके बारे में सोचना होगा, लेकिन सामान्य तौर पर, यही आधार है।

## बीजिंग की यात्रा के दौरान पुतिन ने को याद किया 75 साल पुराना गीत, बोले- रूस और चीन हमेशा रहे हैं भाई

**बीजिंग।** चीन के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यात्रा के अंतिम दिन चीन के लोगों से भावनात्मक संबंध स्थापित करते हुए कहा कि रूसी और चीनी हमेशा से भाई रहे हैं। रूस-चीन संबंधों की तुलना उन्होंने 1940 के दशक के एक गीत से की।

पुतिन ने कहा कि पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के बीच हार्दिक संबंध आगे भी जारी रहेंगे। चीन और रूस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर बोलते हुए पुतिन ने कहा कि यह दो देशों के बीच अंतरसांस्कृतिक संबंधों की शुरुआत है। साथ ही कहा, उस समय एक गीत बहुत प्रसिद्ध हुआ था। उसकी पंक्ति 'रसियन एंड चाइनीज आर ब्रदर्स फॉरइवर' यानी रूसी और चीनी सदैव भाई हैं, आज भी प्रासंगिक है। तास एजेंसी के अनुसार, उन्होंने रूस-चीन साझेदारी और भाईचारा को और बढ़ाने की बात कही। कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि यह भाईचारा कायम रहेगा।

**पुतिन ने छात्रों से की मुलाकात**

वहीं, हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में पुतिन का फोकस सांस्कृतिक एवं व्यापारिक आदान-प्रदान पर रहा। वह इस दौरान हार्बिन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी के छात्रों से भी मिले। उन्होंने छात्रों से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से निकटता से जुड़कर काम करने को कहा। इसके साथ ही पुतिन ने अमेरिका की आलोचना करते हुए कहा कि चीन निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर अमेरिकी टैरिफ एक अनुचित प्रतिस्पर्धा का उदाहरण है।

वहीं, विश्लेषकों ने पश्चिमी देशों के रूस पर प्रतिबंध के बीच रूस और चीन के बीच ये गलबहियां इसी तरह नहीं रह सकेंगी। यूक्रेन युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का सामना कर रहे रूस पर चीन से नजदीकियों से चुनौती और बढ़ सकती है।

# भारतीय अमेरिकियों को हर पद के लिए चुनाव लड़ना होगा : राजा कृष्णमूर्ति

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के प्रभावशाली सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने समुदाय के लोगों से कहा कि अब समय आ गया है कि वे प्रत्येक निर्वाचित पद के लिए चुनाव लड़ें और हर बार मतदान जरूर करें। साथ ही उन्होंने देश के नागरिक मामलों में भागीदारी के महत्व को भी रेखांकित किया। डेमोक्रेटिक थिंक-टैंक 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' के वार्षिक समारोह के लिए यहां एकत्रित हुए भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा, हमें मतदान करना होगा। क्या आगामी चुनाव में यहां मौजूद हर व्यक्ति वोट देगा? क्योंकि हम राजनीति पर बात तो दिनभर कर सकते हैं, लेकिन राजनीति का हिस्सा बनना अलग बात है। याद रखिए, राजनीति केवल एक संज्ञा नहीं है, बल्कि एक क्रिया है और हमें इस साल राजनीति में हिस्सा लेना है। हमें मतदान करना है। उनकी यह टिप्पणी नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है, जिसमें



डेमोक्रेट नेता और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन का मुकाबला रिपब्लिकन नेता और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से होगा। प्रतिनिधि सभा में शिकागो का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सदस्य ने कहा, ''दूसरी बात यह है कि हमें खुद से ज्यादा राजनीतिक हितों के लिए काम करना है। हमें अपने स्थानीय मंदिरों का समर्थन करना होगा। हमें स्थानीय मस्जिदों का समर्थन करना होगा। हमें हमारे स्थानीय गैर-लाभकारी संगठनों का समर्थन करना होगा। मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''आप डेमोक्रेट हो, रिपब्लिकन हो या निर्दलीय हो, मुझे फर्क नहीं पड़ता; बस आप इस बात को समझें कि आपको आपके देश के प्रशासनिक मामलों में भागीदारी की जरूरत है और अब ऐसा करने का समय आ गया है।'' कृष्णमूर्ति ने कहा, ''मेरा तीसरा और अंतिम बिंदु है कि यह हर स्तर के पदों पर चुनाव लड़ने का समय है।'' इसी समारोह में उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने एक दिन पहले कहा था कि अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतीय अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व काफी कम है। कृष्णमूर्ति ने कहा, ''इसलिए मुझे उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग चुनाव लड़ने के बारे में सोचेंगे। आप शहर काउंसिल के लिए लड़ सकते हैं, राज्य विधायिका के लिए लड़ सकते हैं या सीनेट के लिए लड़ सकते हैं। आप कांग्रेस के लिए लड़ें।'' कृष्णमूर्ति ने समुदाय को संगठित करने में थिंक टैंक 'भारतीय अमेरिकी इंपैक्ट' की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, इंपैक्ट(थिंक टैंक) एक बड़ा बदलाव ला रहा है, ताकि हम सभी स्तरों पर अधिक से अधिक लोगों को ला सकें।

## अफगानिस्तान में गोलीबारी में तीन विदेशी नागरिकों समेत चार की मौत

**एजेंसी**

**बामियान प्रांत।** अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में रात को बंदूकधारियों ने गोली मारकर 3 विदेशियों सहित चार की हत्या कर दी. अंधाधुंध फायरिंग में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं. उन्हें गंभीर हालत में स्थानीयअस्पताल में भर्ती कराया गया है. तालिबान के एक प्रवक्ता ने कहा कि मध्य अफगानिस्तान में शुक्रवार देर शाम तक कई बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिसमें तीन विदेशी नागरिकों सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई. अधिकारी ने कहा कि प्रमुख पर्यटक क्षेत्र बामियान प्रांत में घटनास्थल से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और जांच जारी है. देर शाम हुए हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है. तालिबान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी के अनुसार, हमले में चार विदेशी नागरिकों सहित सात अन्य लोग घायल हो गए, हालांकि उन्होंने विदेशी नागरिकों की राष्ट्रीयता के बारे में विस्तार से नहीं बताया.

तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा कर लिया, क्योंकि अमेरिकी और नाटो सेनाएं 20 साल के युद्ध के बाद देश से अपनी वापसी के अंतिम सप्ताह में थीं. बता दें कि बामियान संभवतः दो विशाल बुद्ध प्रतिमाओं के स्थल के रूप में जाना जाता है, जिन्हें चौथी और छठी शताब्दी के बीच चट्टान में उकेरा गया था और जिन्हें 2001 की शुरुआत में अल-कायदा के आदेश पर तालिबान ने नष्ट कर दिया था.

**आईएस आतंकियों पर हमला करने का संदेह**

इस हमले का दोष अफगानिस्तान में तालिबान के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के सहयोगी पर पड़ने की संभावना है. आईएस आतंकियों ने देशभर में स्कूलों, अस्पतालों, मस्जिदों और अल्पसंख्यक शिया इलाकों पर कई हमले किए हैं. आईएस समूह के आतंकियों के हमले में इसके पहले कई लोगों की जान जा चुकी है और अब फिर से संदेह है कि आईएस समूह के आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया है।

## अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के संयुक्त हवाई अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल दागी

**एजेंसी**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमानों का संयुक्त अभ्यास किए जाने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा मानता है।

दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने एक बयान में बताया कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी लेकिन उसने इस प्रक्षेपण के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। उसने यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने हालिया महीनों में हथियारों का परीक्षण बढ़ा दिया है और वह



अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार जारी रखे हुए है। पर्यवेक्षकों के अनुसार, उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि उसका शस्त्रागार मजबूत होगा तो वह वार्ता बहाल होने की स्थिति में अमेरिका से अधिक छूट हासिल कर सकेगा। दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र में बृहस्पतिवार को किए गए संयुक्त हवाई अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35ए लड़ाकू विमानों और दो यूएसएफ-22 रैप्टर विमानों ने हिस्सा लिया था। उत्तर कोरिया अत्याधुनिक अमेरिकी विमानों की तैनाती को लेकर बेहद संवेदनशील है।

## टेक्सास में पुल से टकराई ईंधन ले जा रही नौका, 2000 गैलन तेल गिरने की आशंका

**एजेंसी**

**गालवेस्टर (अमेरिका)।** अमेरिका में टेक्सास के गैलवेस्टन के पास ईंधन ले जा रही एक नौका के पुल से टकरा जाने के कारण 2,000 गैलन तेल के पानी में गिर जाने की आशंका है। अमेरिकी तटरक्षक बल 'यूएस कोस्ट गार्ड' ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

तटरक्षक बल ने बताया कि टगबोट (नौकाओं को खींचने या धक्का देने के लिए इस्तेमाल होने वाली नौका) से अलग होने के बाद बुधवार को 'पेलिकन आइलैंड कॉजवे' पुल के एक खंभे से टकरा गई जिसके कारण पुल आंशिक रूप से ढह गया और गैलवेस्टन को पेलिकन द्वीप से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क कट गई। 'मार्टिन मरीन' के उपाध्यक्ष रिक फ्रीड ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पोत में 30,000 बैरल तेल रखने की क्षमता है लेकिन जब यह पुल से टकराया तो उसमें 23,000 बैरल तेल था। कोस्ट गार्ड के कैप्टन कीथ डोनोह्यू



ने कहा, ''हमें पूरा विश्वास है कि हमने शुरू में जो अनुमान लगाया था, पानी में उससे कम तेल गिरा है।'' उन्होंने कहा, ''हमने 605 गैलन से अधिक तैलीय पानी का मिश्रण निकाल लिया है। साथ ही नाव के ऊपर से अतिरिक्त 5,640 गैलन तैलीय उत्पाद बरामद कर लिया है जो पानी में नहीं गया था।'' 'यूएस कोस्ट गार्ड' ने बताया कि पानी में 2,000 गैलन तेल गिरने की आशंका है।

# संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ ने कहा- चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन ''बहुत अच्छा'' रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं से कहा, ''भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के



लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है। वह 'वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024' के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत के विकास संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

वर्ष 2024 के मध्य तक 'वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाओं' संबंधी बृहस्पतिवार जारी आंकड़ों में कहा गया, ''भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है। हालांकि कमजोर बाहरी मांग का व्यापारिक निर्यात वृद्धि पर असर जारी रहेगा, फार्मास्यूटिकल्स और रसायनों के निर्यात में जोरदार बृद्धि की उम्मीद है।मध्य वर्ष के ताजे आंकड़ों में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान इस साल जनवरी में संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए 6.2 प्रतिशत विकास दर के पूर्वानुमान से अधिक है। चीन के लिए इसमें मामूली वृद्धि की गई है। अब चीन की 2024 में विकास दर 4.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जिसका जनवरी में 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चीन की वृद्धि दर 2023 की 5.2 प्रतिशत दर से घटकर 2024 में 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## इजराइली सेना को गाजा में जर्मन महिला शनि लौक समेत तीन बंधकों के शव मिले

**एजेंसी**

**गाजा ।** इज़राइल का कहना है कि गाजा में लगभग 100 बंधक अभी भी बंदी हैं, साथ ही लगभग 30 अन्य के शव भी हैं. गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, हमले के बाद से गाजा में इजराइल के अभियान में 35,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं. इजराइली सेना को गाजा में जर्मन महिला शनि लौक समेत तीन बंधकों के शव मिलेइजराइल की सेना को गाजा में तीन बंधकों के शव मिले हैं, जिनमें जर्मनी मूल की इजराइली नागरिक शनि लौक का शव भी शामिल है. एक पिकअप ट्रक में पीछे शनि के मुड़े हुए शरीर की तस्वीर ने दुनिया भर में लोगों को झकझोर कर रख दिया था और सात अक्टूबर को हुए हमले की गंभीरता को लोगों के सामने लाया था.

इज़राइली सेना का कहना है कि गाजा में उसके सैनिकों को 7 अक्टूबर के हमले के दौरान हमास द्वारा बंधक बनाए गए तीन इज़राइली बंधकों के शव मिले, जिनमें जर्मन-इजराइली शनि लौक भी शामिल थे.

**नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में हत्या**

सेना को मिले अन्य दो शवों की पहचान 28 वर्षीय महिला अमित बुस्किला और 56 वर्षीय व्यक्ति इत्ज़ाक गेलरेंटर के रूप में की. सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि हमास ने गाजा सीमा के पास एक आउटडोर डांस पार्टी, नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में तीनों को मार डाला और उनके शवों को फिलिस्तीनी क्षेत्र में ले जाया गया. सेना ने इस बात की तत्काल जानकारी नहीं दी कि उनके शव कहां पाए गए. 7 अक्टूबर के हमले में हमास के नेतृत्व वाले आतंकवादियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें मुख्य रूप से नागरिक थे और लगभग 250 अन्य लोगों का अपहरण कर लिया था. उनमें से लगभग आधे को छोड़ दिया गया है।

## मालदीव भी फंसा चीन के कर्ज जाल में, आईएमएफ की चेतावनी के बाद कर्ज चुकाने की कर रहा जुगत

**एजेंसी**

**माले।** चीन ने श्रीलंका के बाद मालदीव को भी अपने कर्ज के जाल में फंसा लिया है, जिससे मालदीव सरकार की मुश्किलें बढ़ गई है। ताजा घटनाक्रम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से मालदीव को ऋण संकट के उच्च जोखिम की चेतावनी देने के बाद चीनी ऋण चुकाने के लिए मालदीव रास्ता तलाश रहा है। उसने इसे लेकर चीन से ऋण पुनर्गठन कर राहत देने की अपील की है।

चीन ने कहा है कि मालदीव सरकार द्वारा वर्तमान में चीन से लिए गए कर्ज पर ऋण पुनर्भुगतान में कुछ आसानी प्रदान करने पर देशों के बीच चर्चा हो रही है। हालांकि, मालदीव में चीन की राजदूत वांग लिक्सिन ने कहा कि ऋण पुनर्गठन कोई समाधान नहीं है, क्योंकि ऐसा करने से मालदीव को बीजिंग से आगे वित्तीय सहायता मांगने में बाधा उत्पन्न होगी। राजदूत वांग ने कहा कि चीन और मालदीव की तकनीकी टीम इस मुद्दे की जिम्मेदारी संभाल रही है।




वांग ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि चीन मालदीव को ऋण जाल में डाल रहा है और इस बात पर जोर दिया कि चीन ने हमेशा मालदीव का सम्मान किया है। साथ ही देश में चल रही परियोजनाएं चीन के लिए लाभ या लाभ के किसी भी उद्देश्य से संचालित नहीं की जा रही हैं।

आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का चीन की सेवा आयात की मांग के साथ गहरा संबंध है, जो दर्शाता है कि चीनी बाजार मालदीव के विकास का प्रमुख वाहक बना रहेगा, जो मालदीव के विकास के लिए जोखिम पैदा कर सकती है।

## नेपाल में संसद भवन के सामने विपक्षी दलों का प्रदर्शन, गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा

**एजेंसी**

**काठमांडू।** सहकारी घोटाला कांड में फंसे नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने संसद भवन के आगे विरोध प्रदर्शन किया। नेपाली कांग्रेस से जुड़े छात्र तथा युवा संगठनों के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संसद भवन के सामने गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी जबरन संसद भवन के भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। इस क्रम में पुलिस के साथ झड़प होने की भी खबर है। नेपाली कांग्रेस की तरफ से प्रदर्शन में शामिल तरूण दल के नेता सरीन घिमिरे ने बताया कि उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन में पुलिस ने बल प्रयोग किया है। घिमिरे के मुताबिक पुलिस ने एक दर्जन से



अधिक कार्यकर्ताओं को नियंत्रण में लिया है। पुलिस लाठीचार्ज से दर्जनों प्रदर्शनकारियों को चोटें भी आई हैं। नेपाल विद्यार्थी संघ के नेता विवेक ठाकुर ने कहा कि गृहमंत्री के खिलाफ उन लोगों का प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफा नहीं दे देते।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड सदन में 20 मई को चौथी बार देंगे बहुमत की परीक्षा

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में वामपंथी दलों की गठबंधन सरकार इस समय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' ने सदन में एक बार फिर विश्वास मत साबित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने आज शुक्रवार सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी, जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे।

**30 दिनों के भीतर विश्वास का मत हासिल करना जरूरी**

दरअसल, नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक यदि सत्ता गठबंधन का कोई भी दल सरकार से समर्थन वापस लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर फिर से विश्वास का मत लेना होगा। दो महीने पहले ही सत्ता पक्ष में सहभागी जनता समाजवादी पार्टी के विभाजन के बाद इसके एक धड़े ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। इसलिए प्रधानमंत्री 'प्रचंड' एक बार फिर सदन में विश्वास मत साबित करना



जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' ने आज सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी, जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे। इस बीच प्रधानमंत्री और विपक्षी दलों के साथ लगातार संवाद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आज शाम को विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के नेताओं को निर्णायक बातचीत के लिए बुलाया है।

**कौमी पत्रिका**

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:** 5, Bahadurshah Zafar Marg ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814

मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com

**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# गाजा के लोगों पर दोहरी मार, 10 दिनों से नहीं हुई दवा की सप्लाई

**एजेंसी**

**गाजा।** फिलिस्तीनियों को चेतावनी देने के बाद इजराइली सेना ने 7 मई से राफा में घुसना शुरू कर दिया है, जिसके बाद से मानवीय सहायता मिलने में काफी मुश्किलें आ रही हैं. WHO ने बताया कि इजराइली सेना ने मिस्र में राफा क्रॉसिंग को बंद कर दिया है, जिसके बाद से गाजा में मेडिकल सप्लाई मिलने में काफी दिक्कत आ रही है और इससे कई सारे लोगों की जिंदगियां खतरे में पड़ सकती हैं. सात महीने पहले शुरू हुई इजराइल के साथ हमास की जंग ने नया मोड़ ले लिया है, जिसमें इजराइल ने हमास को पूरी तरह से खत्म करने के लिए हमास के खिलाफ हमले को ज्यादा बढ़ा दिया है. इजराइली सेना ने राफा में रह रहे सभी फिलिस्तीनियों को इस हमले की चेतावनी देते हुए राफा छोड़ने की बात कही थी, जिसके बाद जान बचाने के लिए कई लोग राफा से भाग गए. इसके बाद इजराइली सेना ने 7 मई को राफा में एंट्री की और मिस्र में राफा क्रॉसिंग को बंद कर दिया.

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने हाल ही में इस बात की जानकारी दी कि इजराइल ने हमास के खिलाफ ये जो नई जंग की शुरुआत की है इसकी वजह से गाजा में लगभग 10 दिनों से कोई मेडिकल सप्लाई नहीं मिली है. [illegible] के स्पोकपर्सन ने तारिक जसारेविक ने बताया कि इजराइली सेना ने राफा क्रॉसिंग को बंद कर दिया है, जिसकी वजह से काफी मुश्किलों को सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने बताया कि इस हमले की वजह से हमें गाजा में आखिरी बार 6 मई से पहले मेडिकल सप्लाई मिली थी. सात महीने पहले यानी 7 अक्टूबर को शुरू हुई इस जंग से बचने के लिए ज्यादातर फिलिस्तीनियों ने राफा में शरण लिया था, इस पर इजराइल ने दावा किया था कि आम नागरिकों के बीच राफा में ही हमास के आतंकियों ने भी शरण लिया है. गाजा को पूरी तरह से बर्बाद करने के बाद इजराइली सेना हमास को जड़ से खत्म करने के लिए राफा की तरफ बढ़ी और 10 दिन पहले राफा में प्रवेश किया और मिस्र में राफा क्रॉसिंग को बंद कर दिया, ये रास्ता मानवीय सहायता के लिए काफी महत्वपूर्ण है. जसारेविक ने स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि क्रॉसिंग को बंद करने से सबसे ज्यादा परेशानी क्लीनिकों और अस्पतालों को चालू रखने में है क्योंकि इन्हें चालू रखने के लिए हर महीने 1.8 मिलियन लीटर फ्यूल की जरुरत होती है लेकिन क्रॉसिंग बंद होने के बाद से केवल 1 लाख 59 हजार लीटर फ्यूल ही राफा में आया है, जो कि पर्याप्त नहीं है. उन्होंने आगे बताया कि फिलिस्तीनी क्षेत्र में फिलहाल के समय में 36 अस्पताल हैं, जिनमें से केवल 13 अस्पताल ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं, लेकिन इन अस्पतालों में भी फ्यूल खत्म होने की कगार पर है अगर ऐसा होता है तो कई लोगों की जान खतरे में आ सकती है।

# महिला आयोग ने बिभव कुमार के घर चिपकाया नोटिस



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया है और शनिवार को आयोग के समय पेश होने को कहा है। महिला आयोग ने यहां बताया कि आयोग के अधिकारी और दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त (सिविल लाइंस) बिभव कुमार के घर उन्हें नोटिस देने गए। आयोग ने बताया कि घर पर मौजूद व्यक्तियों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिला आयोग के अधिकारियों ने यह नोटिस बिभव कुमार के घर के बाहर चिपका दिया। नोटिस में मुख्यमंत्री के निजी सचिव को 18 मई को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा गया है। महिला आयोग ने इससे पहले बिभव कुमार को इस मामले में नोटिस जारी किया था और उन्हें आज सुबह 11:00 बजे पेश होने को कहा था। दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस से समक्ष शिकायत दर्ज करायी है कि उनके साथ मुख्यमंत्री आवास पर मारपीट की गई।

# दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में करीब एक दर्जन बिजली स्टेशनों में मानकों की अनदेखी कर कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है और जन स्वास्थ्य पर हो रहे इसके दुष्प्रभाव को रोकने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कदम नहीं उठा रही है।

कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में कोयले से चलने वाले 11 बिजली स्टेशन है और इनमें मानकों की धज्जियां उड़ाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो प्राथमिकता के आधार पर इन बिजली स्टेशनों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है। दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या आसपास के अलग- अलग राज्यों से भी जुड़ी हुई है।आज सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वायु प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या बन गई है।

उन्होंने कहा ÷दिल्ली के आसपास 11 बिजली स्टेशन हैं, जो कोयला उपयोग करते हैं। साल 2009 में सारे बिजली स्टेशनों के लिए वायु प्रदूषण मानक तय किए गए थे। जो स्टेशन इन मानकों का पालन, इनको लागू नहीं करते थे, उसे बंद करा दिया जाता था।

# भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर हवन भंडारे का आयोजन संपन्न

नई दिल्ली 18 मई 2024 दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में आज अधिवक्ताओं द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे भगवान विष्णु के अवतार परशुराम को नमन करते हुए प्रसाद वितरण किया गया। अधिवक्ता सुमित भारद्वाज ने बताया कि भगवान परशुराम हमारे आराध्य है। भगवान परशुराम सभी अधिवक्ताओं के आदर्श हैं। जिस प्रकार भगवान परशुराम ने परशु के बल पर अत्याचारी राजाओं का अंत कर समाज




में न्याय की स्थापना की उसी प्रकार आज का अधिवक्ता समाज अपनी कलम के सहारे समाज में न्याय के शासन की स्थापना करने में लगा हुआ है। युवा अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर के भंडारे में भाग लिया। भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान परशुराम की जय जयकार की। इस अवसर पर अधिवक्ता पवन शर्मा, युधिष्ठिर शर्मा, दीपक शर्मा, मुकेश शर्मा, आनंद पाराशर मयूर कौशिक, नरेश शर्मा, नवीन पाराशर , आर. के शर्मा, नितिन वाशिष्ठ, व अन्य सभी अधिवक्ता मौजूद रहे, इस अवसर पर रोहिणी कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदर सिंह सरोहा, उपाध्यक्ष शिलपेश चौधरी, सेक्रेटरी मनजीत माथुर का विशेष योगदान रहा।

# 6 राज्यों में कब तक चलेगी लू? IMD का अलर्ट जारी

एजेंसी

**नईअदिल्ली।** देश के कुछ राज्य इस समय भीषण गर्मी की चपेट में हैं. इनमें यूपी, बिहार, दिल्ली, राजस्थान, झारखंड, पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश हैं. इन राज्यों में सुबह से ही सूरज आग उगल रहा है. दिन में लोगों का घर से निकलना मुश्किल है. हीटवेव से लोग झुलस जा रहे हैं. दिनभर लू के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है. इसी बीच मौसम विभाग ने हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि छह राज्यों में आने वाले पांच दिनों तक लू चलेगी।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया. मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि इन छह राज्यों में अभी हीटवेव से राहत नहीं मिलने वाली है. चार से पांच दिनों तक अभी और लू चलने की संभावना है. वहीं मौसम विभाग ने देश के तीन राज्यों तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में भारी बारिश की आशंका जताई है.

**पारा पहुंचा 45 डिग्री के पार**

मौसम विभाग ने बताया कि मई



महीने में पारा काफी अधिक है. दिन में शरीर को झुलसाने वाली लू चल रही है. देशभर में कई स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक है.

IMD के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि अप्रैल से लेकर पिछले कुछ दिनों तक लगातार पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहे थे, जिसके कारण जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई. मई के शुरुआत में तापमान बहुत अधिक नहीं था, लेकिन बीच मई में कई स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है.

**इन 3 राज्यों में भारी बारिश की आशंका**

IMD के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि पंजाब और हरियाणा में भी तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के करीब है. वहां पर भी भयानक लू चल रही है. उत्तर प्रदेश की भी यही स्थिति बनी हुई है. डॉ. नरेश कुमार कहा कि अगले पांच दिनों तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में लू चलने की आशंका है. मध्य प्रदेश और बिहार में चार दिनों तक और उसके बाद हल्की आंधी आ सकती है, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है. वहीं के दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु, केरल और दक्षिण कर्नाटक में अगले पांच दिन भारी बारिश हो सकती है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी, ईडी हिरासत मामला : एससी में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

एजेंसी

**नईअदिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली अबकारी नीति में कथित घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से 21 मार्च को गिरफ्तार किये जाने और फिर ईडी की हिरासत को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने श्री केजरीवाल और ईडी की ओर से चार दिनों तक दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि याचिकाकर्ता इस बीच नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

सुनवाई के दौरान पीठ के समक्ष ईडी ने दावा किया कि इस मामले में श्री केजरीवाल की ओर से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के प्रत्यक्ष सबूत हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा, ÷इस बात के सबूत हैं कि श्री केजरीवाल ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी



थी, जो गोवा चुनाव खर्च के लिए आप को दी गई थी।

गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने 10 मई को श्री केजरीवाल को एक जून तक चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान मामले से संबंधित दस्तावेज देखे और ईडी से यह दिखाने के लिए एक चार्ट प्रस्तुत करने को कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने के फैसले को सही ठहराने के लिए कौन से नए सबूत सामने आए हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी की ओर से पेश श्री राजू ने अदालत को बताया कि एजेंसी ने शराब मामले में आठवें आरोपपत्र में औपचारिक रूप से आम आदमी पार्टी और श्री केजरीवाल को दिल्ली अबकारी नीति मामले में आरोपी बनाया है।

श्री राजू के अलावा ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी अदालत के समक्ष दावा किया कि उसने पैसे के हस्तांतरण से संबंधित मामले में अपराध की कथित आय के संबंध में श्री केजरीवाल और कुछ हवाला ऑपरेटरों के बीच कथित चैट का पता लगाया है। ईडी ने दावा किया कि श्री केजरीवाल ने अपने मोबाइल तथा अन्य उपकरणों का पासवर्ड साझा करने से इनकार करने के बाद हवाला ऑपरेटरों के उपकरणों से चैट बरामद की गई हैं। श्री राजू ने कहा, 'अब हमारे पास इस मामले में अरविंद केजरीवाल और हवाला ऑपरेटरों के बीच सीधी बातचीत का ब्योरा है।' उन्होंने कहा, 'श्री केजरीवाल ने कई फोन नष्ट कर दिए थे। अब गिरफ्तारी के साथ हवाला ऑपरेटरों से बरामद की गई है।

# सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत, सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ 21 को करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन





माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर शीर्ष अदालत की अवकाशकालीन पीठ 21 मई को सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर संबंधित पक्षों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अगली सुनवाई से पहले सोमवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

# विश्व में भारत को आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाने के लिए काम करेंगे : जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत के लिए रोज़गार, प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा को आने वाले वक्त की तीन चुनौतियां करार दिया और कहा कि 'मेक इन इंडिया' के लिए अपनी वैश्विक प्रतिभाओं को प्रासंगिक बना कर भारत में लाकर देश को 'वर्क इन इंडिया' के तौर पर नवान्वेषण, अनुसंधान एवं डिज़ायन का एक वैश्विक केन्द्र बनाना होगा।

डा. जयशंकर ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम को आज संबोधित करते हुए यह बात कही। विदेश मंत्री ने भारत के समक्ष चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा, पहला मुद्दा रोजगार का है, खासकर एसएमई के लिए, जिन्हें हाल तक अनुचित प्रतिस्पर्धा के खिलाफ खड़े होने के लिए अपेक्षित समर्थन नहीं मिला था। दूसरा प्रौद्योगिकी से संबंधित है और यह स्पष्ट प्रस्ताव है कि विनिर्माण में कमजोर राष्ट्र कभी भी अपनी स्वयं की प्रौद्योगिकी ताकत विकसित करने में सक्षम नहीं होगा। और तीसरा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए परिणाम है, जो उन लोगों के संपर्क में आने से उत्पन्न होता है जिनके हित प्रतिस्पर्धी हैं। ये कुछ ऐसे कारक हैं जिन्होंने



मोदी सरकार को दृढ़ प्रयास करने और अतीत की खतरनाक उपेक्षा से उबरने के लिए प्रेरित किया है।

भारत के भविष्य के रोडमैप के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, ..हम मेक इन इंडिया के महत्व के साथ अपनी प्रतिभा की प्रासंगिकता पर विचार करते हैं, हमारा लक्ष्य खुद को नवाचार, अनुसंधान और डिजाइन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है। मैं कहूंगा, मेक इन इंडिया का एक सहायक आधार वर्क इन इंडिया स्वाभाविक परिणाम है। लेकिन इसके सबसेट के रूप में दुनिया के लिए काम भी होगा। उन्होंने भारत के आकर्षणों की व्यापक ब्रांडिंग,भारत के दूतावासों में हमारे आर्थिक और रोजगार हितों को अपना पूरा समर्थन देना, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों की विदेश यात्राओं में, बी2बी2जी कार्यक्रमों की सुविधा प्रदान करने का भी वादा किया।

डॉ. जयशंकर ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति है और दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, भारत उसमें योगदान भी देगा और साथ ही इसे आकार भी देगा। उन्होंने कहा कि यदि पिछले 5-10 वर्षों पर नजर डालें तो वास्तव में भारत की दिशा और दुनिया की दशा में गहरा विरोधाभास है। घरेलू स्तर पर, हमने मजबूत विकास, व्यापक सुधार, प्रशासन में मौलिक सुधार, राजकोषीय अनुशासन, बुनियादी ढांचे की प्रगति, तेजी से डिजिटलीकरण और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।

# राजनीतिक लड़ाई में मर्यादा को मत तोड़िए : कन्हैया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर- पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गुंडे भेज कर उन पर और उनके समर्थकों पर हमले करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि राजनीति कीजिए लेकिन राजनीतिक मर्यादा को मत तोड़िए।

श्री कुमार ने एक चुनावी सभा में कहा कि भाजपा के लोग गुंडे भेज कर उनको और उनके समर्थकों को डराना चाहते हैं, लेकिन इससे वह डरने वाले नहीं हैं। इस कार्रवाई को अमर्यादित करार देते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में विरोध कीजिए, लेकिन मर्यादा की सीमा मत लांघिए।

उन्होंने कड़े लहजे में भाजपा पर हमला करते हुए कहा, हमारी रगों में स्वतंत्रता सेनानियों का खून बहता है। हम अंग्रेजों से नहीं डरे तो अंग्रेजों की चापलूसी करने वालों से डरने का सवाल ही नहीं होता। याद रखिए कि हर माल बिकाऊ नहीं होता। कांग्रेस नेता ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी पर तीखे हमले करते हुए कहा कि वह 10 साल तक यहां से सांसद रहे, लेकिन उन्होंने



कोई काम नहीं किया। केंद्रीय विद्यालय खोलने और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल क्षेत्र की जनता को देने का वादा किया था, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं किया। यहां की सड़कों पर जाम सुबह से शाम की कहानी है लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया।

कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा, उत्तर-पूर्व दिल्ली की जनता ने आपको भारी मतों से जिताया और 10 साल तक सांसद बनाया। उनके खातों में 15 लाख रुपए नहीं आए, लेकिन आपके खाते में 28 करोड रुपए आ गए। आप लोकतंत्र को खत्म कर तानाशाही करना चाहते हैं, लोगों को डराना चाहते हैं। झूठा वीडियो बनाकर आरोप लगाते हैं, लेकिन मैं कहता हूं कि अगर मैं गलत हूं तो जेल में डाल दीजिए, लेकिन गुंडे भेज कर हमला मत करवाइए।

# केजरीवाल को फँसाने के लिए रचा षड्यंत्र, मालीवाल को बनाया मोहरा

एजेंसी

**नईअदिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फँसाने के लिए षड्यंत्र रचा और इसमें स्वाति मालीवाल को मोहरा बनाया।

आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा ने श्री केजरीवाल को फँसाने के लिए षड्यंत्र रचा और इसमें आप सांसद स्वाति मालीवाल को मोहरा बनाया। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल को साज़िशन फँसाने का इरादा था लेकिन वीडियो के ज़रिए षड्यंत्र का पर्दाफ़ाश हो गया।

सुश्री आतिशी ने कहा कि सुश्री स्वाति मालीवाल के पास मुख्यमंत्री से मिलने का कोई अपॉइंटमेंट नहीं था लेकिन वह पुलिस कर्मियों से ज़ोर-ज़बरदस्ती कर मुख्यमंत्री आवास में घुस गई। सुश्री स्वाति मालीवाल का दावा था कि उनके साथ मारपीट हुई, वो बोलने की स्थिति में नहीं थी लेकिन वीडियो में सुश्री स्वाति मालीवाल पुलिस कर्मियों को धमकाते दिखी। बिना अपॉइंटमेंट न मिलने देने पर सुश्री स्वाति मालीवाल ने पुलिस कर्मियों को रौब भी दिखाया कहा कि रोकने की कोशिश करोगे तो नौकरी से निकलवा दूँगी। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवान के पीए बिभव कुमार ने ड्राइंग रूम में मुख्यमंत्री के उपलब्ध न होने की बात कही तो ज़बरदस्ती सुश्री स्वाति मालीवाल ने घर में घुसने का प्रयास किया और अभद्रता की। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस साज़िश का एक और सबूत यह है कि सुश्री स्वाति मालीवाल मुख्यमंत्री आवास के बाद पुलिस स्टेशन गई पर पुलिस ने एमएलसी करवाने के लिए कहा पर सुश्री स्वाति मालीवाल ने मना कर दिया। आप नेता ने कहा कि, वीडियो में दिख रहा है कि सुश्री स्वाति मालीवाल सोफ़े पर आराम से बैठी है, न दर्द में कराह रही है, न उनके कपड़े फटे है, न उनके सिर पर चोट लगी है बल्कि वह ऊँची आवाज़ में सबको धमका रही है। उन्होंने कहा कि वीडियो से साफ़ हुआ कि सुश्री स्वाति मालीवाल द्वारा लगाये सारे आरोप बिलकुल निराधार, झूठ है और पूरी तरह एक साज़िश है।

उन्होंने कहा कि जब से श्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है तबसे भाजपा बौखलाई हुई है। इसी बौखलाहट में भाजपा ने एक षड्यंत्र रचा और उस षड्यंत्र के तहत सुश्री स्वाति मालीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री के घर 13 मई को सुबह-सुबह भेजा गया। इस षड्यंत्र का इरादा श्री अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाना था। सुश्री स्वाति मालीवाल इस षड्यंत्र का चेहरा और मोहरा थी। आप नेता ने कहा कि सुश्री स्वाति मालीवाल 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पहुँची, उनका इरादा मुख्यमंत्री पर आरोप लगाना था लेकिन मुख्यमंत्री उस दौरान उपलब्ध नहीं थे, इसलिए वह बच गए। फिर सुश्री स्वाति मालीवाल ने बिभव कुमार पर आरोप लगाए लेकिन आज मुख्यमंत्री आवास का एक वीडियो सामने आया है, उस वीडियो ने सुश्री स्वाति मालीवाल के झूठ को पूरे देश के सामने रख दिया है।सुश्री आतिशी ने कहा कि सुश्री स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस में दर्ज अपने एफ़आईआर में कहा था कि, उनकी बेरहमी से पिटाई हुई, उनके सिर पर चोट लगी, पिटाई के बाद वो दर्द में कराह रही थी, उनसे बोला नहीं जा रहा था, वो पुलिस को बार-बार कह रही थी कि, उन्हें मारा गया है।

# सीए के सीमित ऑडिट करने संबंधी आईसीएआई के नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चार्टर्ड अकाउंटेंटों (सीए) के एक वित्त वर्ष के दौरान निर्दिष्ट संख्या (वर्तमान में अधिकतम 60) में टैक्स ऑडिट असाइनमेंट से अधिक स्वीकार करने से रोक लगाने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नियम को बरकरार रखने का फैसला सुनाया।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आईसीएआई की ओर से जारी नियमों को बरकरार रखने के साथ ही यह भी माना कि आईसीएआई एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा। पीठ ने कहा उसने कानूनी अनिश्चितता के सिद्धांत के आधार पर याचिकाकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद्द कर दिया है। शीर्ष अदालत ने माना कि यह नियम (8 अगस्त, 2008 को जारी परिषद दिशानिर्देश संख्या 1-सीए (7)/02/2008 के अध्याय ड्ढ्ढ का पैरा 6.0 और उसके बाद के संशोधन) संविधान के अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत निश्चित किया गया है। नियम पेशे की प्रैक्टिस करने संबंधी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। पीठ ने

**न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आईसीएआई की ओर से जारी नियमों को बरकरार रखने के साथ ही यह भी माना कि आईसीएआई एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा।**

यह भी माना कि यह खंड (क्लाज) एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा।

मामला यह है कि 1988 में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की परिषद ने एक अधिसूचना जारी कर सदस्यों को एक वित्त वर्ष में आयकर अधिनियम की धारा 44एबी के तहत निर्दिष्ट संख्या से अधिक टैक्स ऑडिट असाइनमेंट स्वीकार करने पर रोक लगा दी थी। चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म के मामले में यह सीमा प्रत्येक भागीदार पर लागू होगी। यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि उक्त प्रावधान का अनुपालन न करने पर दोषी सदस्य को 'पेशेवर कदाचार' का दोषी ठहराया जाएगा।

चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम 1949 को वर्ष 2006 में संसद द्वारा संशोधित किया गया था, जिसके बाद आठ अगस्त 2008 को जारी दिशानिर्देशों द्वारा उक्त अधिसूचना को हटा दिया गया था। इन दिशानिर्देशों को देशभर के विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर कई रिट याचिकाओं के जरिए चुनौती दी गई

# प्रधानमंत्री की रैली से पहले उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी ऑफिस पहुंचे कमिश्नर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर आगामी 25 मई को चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव की तारीखों के नजदीक होने के चलते राजनीतिक गतिविधियां और चुनावी रैलियों का सिलसिला और तेज हो चुका है। राजधानी में शनिवार यानी 18 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली होने वाली है। इसके चलते एक दिन पहले दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा डीसीपी मुख्यालय, सीलमपुर पहुंचे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82(2)(ii) Cr.PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जावेद @ हैप्पी**, पुत्रः स्वर्गीय वाजिद अली, पताः डबल टंकी रूप नगर, लोनी, गाजियाबाद, यूपी, मो.नं. **9870181843** ने **FIR No. 1276/14**, तिथि **08.05.2024**, पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जावेद @ हैप्पी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **जावेद @ हैप्पी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1276/14**, तिथि **08.05.2024**, पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली के अभियुक्त **जावेद @ हैप्पी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे सनक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पंकज अरोड़ा**
**रूम नं. 312**
**एएसजे केकेडी, दिल्ली**

**DP/5828/NE/2024**

# दिल्ली के लोग तानाशाह सरकार को हटाने के लिए उत्साहित

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि दिल्ली का हर मतदाता अपने आप को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मान रहा है और वह इस तानाशाह सरकार को हटाने के लिए बेहद उत्साहित है।

पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने आज यहाँ 'जेल का जवाब वोट से' अभियान में कहा कि दिल्ली में भाजपा की गारंटी जुमला बन गई है, जबकि अरविंद केजरीवाल की गारंटी हर घर में दिखाई देती है। आज दिल्ली का हर वोटर अपने आप को केजरीवाल मान रहा है और वो इस तानाशाह सरकार को हटाने के लिए बेहद उत्साहित है। जनता जानती है कि हम उनके सुख-दुख के साथी है, हमने हमेशा उनके बीच रहकर काम किया है। हमारा नारा है, काम किया है, काम करेंगे जन-जन का सम्मान करेंगे, इसलिए आम आदमी पार्टी का चाहे विधायक हो या सांसद सब आम आदमी है। इस दौरान विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि चुनाव में केवल 10 दिन रह गए हैं। आपके पास इस तानाशाही का जवाब देने का मौका है। भाजपा ने हर साल युवाओं को दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन किसी को सरकारी नौकरी नहीं मिली। इन्होंने पेट्रोल के दाम और महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन नहीं किया। आज लोग भाजपा से सवाल पूछ रहे हैं लोकिन उसके पास कोई जवाब नहीं है। पिछले 10 साल से जो उनके सांसद थे, वह कभी नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि लोगों को सारी सुविधाएं देने के बाद भी दिल्ली सरकार मुनाफे में चल रही है। अब श्री केजरीवाल उन पैसों से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए उन्हें हर महीने 1000 हजार रुपए महिला सम्मान राशि देने जा रहे हैं।

## हीट वेव का असर, हरियाणा में स्कूलों का टाइम बदला

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में हीट वेव के चलते स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। स्कूलों की नई समय सारिणी शनिवार से ही लागू हो जाएगी और 31 मई तक प्रभावी रहेगी। 1 जून से स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके अनुसार राज्य में सिंगल शिफ्ट वाले स्कूल सुबह एक घंटा पहले लगेंगे। अर्थात शनिवार से सिंगल शिफ्ट वाले स्कूल सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे। दोहरी शिफ्ट वाले स्कूल सुबह सात बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट 11.45 से शाम 4.15 तक चलेंगे। निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

## जेबीटी शिक्षकों को दो माह से नहीं मिला वेतन, रिपोर्ट तलब

**चंडीगढ़।** प्रदेशभर में जेबीटी शिक्षकों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। मौलिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि वेतन रिलीज नहीं होने के कारणों का पता लगाते हुए तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यालय की ओर से एक प्रोफार्मा भेजा गया है, जिसमें जिला, पीआरटी व जेबीटी की वर्तमान समय में नियुक्ति, पे-कोड और तनख्वाह नहीं मिलने के कारण उल्लेखित करना होगा।

## हरियाणा में 27 मई को होगा वेटनरी सर्जन का साक्षात्कार

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग पशु पालन विभाग में वेटनरी सर्जन के लिए भर्ती की इंटरव्यू का शेडयूल जारी कर दिया है। प्रदेश में 25 मई को लोकसभा चुनाव के बाद 27 मई से वेटनरी सर्जन के लिए इंटरव्यू शुरू होंगे। वेटनरी सर्जन के 383 पदों के लिए 570 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया है, इन्होंने इस साल सात अप्रैल को विषय ज्ञान की परीक्षा पास की थी। हरियाणा के पशुपालन और डेयरी विभाग में यह भर्तियां की जानी हैं। छह दिन तक सुबह और दोपहर बाद दो पालियों में 50-50 युवाओं के इंटरव्यू लिये जाएंगे। एचपीएससी ने 2022 में इन पदों के लिए भर्तियां निकाली गई थीं। आवेदन की प्रक्रिया 15 दिसंबर 2022 से शुरू हुई थी। इस भर्ती के लिए आयोग 383 पदों पर भर्ती करेगा। इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों की उम्र 22 से 42 वर्ष रखी गई थी। आयु की गिनती एक जुलाई 2022 से की जाएगी। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट दी गई है।

## फतेहाबाद में पारा 46 डिग्री तक पहुंचा, सुनसान पड़े बाजार

**फतेहाबाद।** हरियाणा में गर्मी से हाहाकार मचा है। भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सूरज इस कदर आग उगल रहा है कि हरियाणा का अधिकतम तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया है। शुक्रवार को फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जोकि इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। 31 मई तक प्रदेश में गमर्ही का प्रकोप पीक पर रह सकता है। इसको लेकर विभाग द्वारा हीट वेव तक का अलर्ट जारी किया गया है। फतेहाबाद में सुबह से ही सूर्य देव की तेज किरणों ने लोगों के पसीने छुड़वा दिए। दोपहर तक तो हालात इस कदर बिगड़ गए कि तापमान 46 डिग्री तक जा पहुंचा और लोग घरों में ही दुबक गए। फतेहाबाद में दिन भर गर्म हवाएं चलती रही, जिसकी वजह लोग घर में रहने के लिए मजबूर हुए। शहर में गर्मी का सितम ऐसा था कि दोपहर के वक्त बाजार तथा सडकें सुनसान दिखीं। ऐसा लग रहा था कि जैसे शहर में कर्फ्यू लगा हो। बढ़ते तापमान की वजह से ठंडे और पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है।

## ट्रक-बाइक की टक्कर में बाइक चालक की मौत

**सोनीपत।** गन्नौर के गांव बड़ी के पास पानीपत से दिल्ली सर्विस लाइन पर तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां उपचार के दौरान बाइक चालक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में गौरव गांव नंदेनगर, बिहार हाल निवासी गांव बड़ी ने बताया कि वह अपने दोस्त अंकित गांव हसनपुर, बिहार हाल निवासी गांव बडी के साथ बाइक पर गन्नौर गया था। इस दौरान जीटी रोड पर पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक को अचानक आश्रम रोड की तरफ मोड़ दिया। जिस कारण उनकी बाइक ट्रक से टकरा गई और उसका दोस्त अंकित बुरी तरह से घायल हो गया। उपचार के दौरान अंकित खानपुर मेडिकल में दम तोड़ दिया। गुरुवार को पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# जेजेपी के दो विधायकों की सदस्यता पर खतरा

### पार्टी ने स्पीकर के समक्ष दायर की याचिका, सुरजाखेड़ा व सिहाग पर भाजपा के लिए प्रचार करने का आरोप

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पार्टी विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले जननायक जनता पार्टी के दो विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। पार्टी ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा स्पीकर के समक्ष याचिका दायर करके पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होकर दलबदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग की है। जजपा ने यह याचिका दोनों विधायकों को दो बार कानूनी नोटिस जारी करने के बाद लगाई है।

हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन टूटने के बाद जननायक जनता पार्टी बिखर चुकी है। जजपा के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा तथा जोगी राम सिहाग इन दिनों भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे हैं। पार्टी के कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने बताया कि सुरजाखेड़ा ने नरवाना में तथा जोगी राम सिहाग ने हिसार में भाजपा प्रत्याशी के साथ मंच साझा किया है जबकि इन क्षेत्रों में जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। रणधीर सिंह ने कहा कि दोनों विधायकों ने वर्ष 2019 में जजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था। अब वह जजपा प्रत्याशियों का समर्थन करने की बजाय भाजपा प्रत्याशियों का समर्थन कर रहे हैं। इसके चलते पार्टी के संविधान के अनुसार दोनों विधायकों को दो बार कानूनी नोटिस जारी किए गए, जिसका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद आज ट्रिब्यूनल के नाते विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता के समक्ष याचिका दायर करके पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का हवाला देकर दलबदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग की है।रणधीर सिंह ने बताया कि दोनों विधायकों की प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रकाशित खबरें तथा वीडियो रिकार्डिंग को सबूत बनाया गया है। अब स्पीकर द्वारा इस याचिका पर सुनवाई के दौरान सभी सबूत पेश किए जाएंगे।

# हरियाणा में एक लाख 11 हजार सर्विस वोटर

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सर्विस वोटर की कुल संख्या 1 लाख 11 हजार 58 है। सर्विस वोटर से प्राप्त पोस्टल बैलेट की गणना ईवीएम से पहले की जाएगी है। इसलिए मतगणना केंद्रों पर अधिकारी स्केनर्स की प्राप्त संख्या में उपलब्धता पहले से ही सुनिश्चित कर लें तथा इस कार्य के लिए अलग से एक एआरओ की नियुक्ति किया जाएगा। यह जानकारी राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने बताया कि मतगणना में पोस्टल बैलेट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके तहत सर्विस वोटर मतगणना ड्यूटी पर तैनात मतदाता व अन्य कर्मचारी तथा गैरहाजिर मतदाता की गणना की जाती है। इसलिए अलग से नोडल अधिकारी नियुक्त करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनप्रतिनिधि अधिनियम 1950 की धारा 20 (8) के तहत परिभाषित सर्विस वोटर के रूप में नाम दर्ज करने के लिए जो पात्र हैं, उनमें भारतीय सेना, नौसेना तथा वायु सेना के सदस्य, केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों में नामतः जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स, बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन, सीमा सुरक्षा बल, आईटीबीपी, आसाम राइफल, एनएसजी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ तथा एसएसबी के कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा राज्य शस्त्र बल, पुलिस बल के जिन कर्मचारियों अपने राज्य से बाहर है और केंद्र सरकार के कर्मचारी जो, इंडियन मिशन पर देश से बाहर हैं। अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में 10 हजार 523 स्थानों पर अस्थाई मतदान केंद्रों सहित पोलिंग स्टेशनों की संख्या 20 हजार 31 है। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए प्रतिक्षा क्षेत्र में कुर्सी व छाया की व्यवस्था करें। इसके अलावा एंबुलेंस पार्किंग लोकेशन की भी जानकारी लोगों तक पहुंचाए और किस क्षेत्र व किन गांवों को यह एंबुलेंस कवर करेगी, इसकी रिपोर्ट भेजें।

# सोनीपत में बिजली निगम जेई 20 हजार लेते गिरफ्तार

एजेंसी

**सोनीपत।** बिजली निगम के जेई को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गिरफ्तार किया है। जेई ने बिजली का खंभा टूटने पर ड्राइवर के खिलाफ दर्ज केस को रफा दफा करने की एवज में 35 हजार रुपए की मांग की थी। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उससे पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार सोनीपत में बहालगढ़ रोड पर कुछ दिन पहले एक वाहन बिजली के नीचे लटक रहे तारों में टकरा गया था। इससे बिजली का पोल टूट गया था। लिवासपुर स्थित इंदिरा कॉलोनी में हुए इस हादसे में बिजली का खंभा टूट गया। बिजली निगम की ओर से



इसको लेकर वाहन ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बिजली निगम को इससे लाखों रुपए का नुकसान की तहरीर दी गई थी। बिजली निगम में मॉडल टाउन में तैनात जेई जोगेंद्र गाड़ी के ड्राइवर से 35 हजार रुपए रिश्वत मांग की गई। बाद में सौदा 20 हजार रुपए में तय हो गया।

जेई जोगेंद्र ने गाड़ी ड्राइवर के रिश्तेदार मोहित को कहा कि वे 20 हजार रुपए दे दें, वह बिजली निगम को हुए नुकसान का एस्टीमेट नहीं बनाएगा। मोहित ने इसकी शिकायत एसीबी से की।

मोहित जेई जोगेंद्र से बात की और रुपए देने को बोला। इस पर जेई ने उसे सोनीपत में गांधी चौक पर बुला लिया। वहां पर तैयार बैठी एसीबी की टीम ने 20 हजार रुपए लेते ही जेई जोगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। अब उससे पूछताछ की जा रही है।

## दुष्यंत चौटाला ने की सांसद स्वाति मालीवाल के अपमान की निंदा

एजेंसी

**झज्जर।** जेजेपी नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार द्वारा मारपीट करने की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि पुलिस को आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

दुष्यंत चौटाला बेरी हलके के गांव गोछी में जेजेपी की चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा का आयोजन रोहतक लोकसभा क्षेत्र से जेजेपी उम्मीदवार रवींद्र सांगवान के समर्थन में किया गया था।

चुनाव सभा को संबोधित करने के बाद दुष्यंत चौटाला ने पत्रकारों से भी बातचीत की। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुए गलत व्यवहार को लेकर पूछे गए सवाल पर उंहोत् कहा कि जो घटना हुई है वो बहुत निंदनीय है। पुलिस को इस मामले में जो भी शामिल है उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि रोहतक लोकसभा में जननायक जनता पार्टी के पक्ष में बहुत अच्छा माहौल है। पार्टी के साथ लोग जुड़ रहे हैं और अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। मैं मानता हूं कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र की जनता इस बार इतिहास रचने जा रही है। एक आम परिवार के ट्रक ड्राइवर के बेटे को अपना सांसद चुन कर आज रोहतक अपनी आवाज को देश की आवाज बनाने का काम करेगी।

रोहतक लोकसभा के कई गांव के दौरों से जो जनता का अपार समर्थन मिल रहा है वो यह दिखता है कि जनता परिवर्तन चाहती है और राष्टीय पार्टियों हटाकर हरियाणा की आवाज को लोकसभा में भेजना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा चुनाव में 400 पार के नारे को लेकर पूछे गए सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा किमुझे तो नहीं लगता 15 दिन से मोदी जी ने कही भी कहा हो 400 पार। आज तो घबराहट 200 पहुंचने की है और जो यह घबराहट है, कही ना कहीं जनता को दिख रहा हैं। जनता इसका जवाब देगी।

## देश को विकसित बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में करें सहयोग: रणजीत चौटाला

एजेंसी

**हिसार।** हिसार लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने नलवा हलके के गांवों का दौरा किया और वोटों की अपील की। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा एवं पूर्व में चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ नेता रणधीर पनिहार ने उनके जपनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से अपील करते हुए रणजीत सिंह चौटाला को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। इस दौरान मंगाली गांव के पांचों सरपंचों ने उन्हें फूल मालाएं और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

रणजीत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार में बिजली मंत्री रहते हुए उन्होंने हलके के सभी गांवों और ढाणियों में ट्यूबवैल क्नैक्शन एवं बिजली के खंभे पहुंचाने का काम किया। जहां कसर रह गई है उस कमी को भी पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे तीसरी बार मोदी सरकार बनाने व देश को विकसित बनाने में सहयोग देते हुए अपना एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में दें। जनसभाओं को संबोधित करते



हुए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार की सभी जन योजनाओं को हलके के सभी गांवों में लागू किया गया है। बिजली-पानी और सड़कों का निर्माण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आगे भी विकास के कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने मंगाली, डाया, हरिता, बुरे, स्याहड़वा, चिड़ौद, देवा, मुकलान आदि गांवों में लोगों से अपील करते हुए कहा कि चौधरी रणजीत सिंह चौटाला को भारी मतों से विजयी बनाने का काम करें।

# डीसी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

एजेंसी

**फतेहाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए शुक्रवार को रतिया के कम्युनिटी सेंटर में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम व सभी अधिकारियों ओर कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उपायुक्त ने ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का मुआयना करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त राहुल नरवाल ने निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव हेतु नियुक्त किए गए अधिकारियों से चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी एक-एक बिंदु को समझकर आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी व सुरक्षा बल के



**इस मौके पर कम्युनिटी सेंटर में स्थापित स्ट्रांग रूम में राजनीतिक दलों के समक्ष अधिकारियों ने ईवीएम चलाकर दिखाया, लोगों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया।**

जवान पूरी सतर्कता और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। स्ट्रांग रूम में आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम मशीनों को तैयार करते समय इनमें प्रयोग होने वाली बैटरी की चार्जिंग अच्छी प्रकार से चेक कर लें। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले सभी प्रकार के फार्मों व अन्य सामग्री की अच्छी प्रकार से जांच करे। उन्होंने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा, लाइट, स्वच्छता व नियमों का पालन सुनिश्चित करें। इस मौके पर कम्युनिटी सेंटर में स्थापित स्ट्रांग रूम में राजनीतिक दलों के समक्ष अधिकारियों ने ईवीएम चलाकर दिखाया, लोगों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया। इस दौरान मॉक पोल के जरिये राजनीतिक दलों को ईवीएम मशीन व वीवीपैट की जानकारी दी गई।

इस मौके पर रतिया एसडीएम जगदीश चन्द्र, तहसीलदार विजय कुमार, बीडीपीओ विकास कुमार लग्यान, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, मास्टर ट्रेनर अवनीश गर्ग, महेंद्र मताना सहित चुनाव प्रकिया से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने खंगाले होटल, लॉज व ढाबे

एजेंसी

**हिसार।** प्रदेश में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने जिले में विभिन्न स्थानों पर होटल, लॉज और ढाबों पर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने संबंधित संचालकों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के निर्देशानुसार पुलिस ने शुक्रवार को आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना एवं शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए यह चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने हिसार शहर के अलावा जिले के में अन्य स्थानों पर आने वाले वाहनों की भी जांच की। दूसरे जिलों या राज्य से आकर मतदान में गड़बड़ी, उपद्रव करने वालों पर नजर रखने के लिए पुलिस द्वारा होटल और ढाबों का चेकिंग अभियान चलाया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि



### पुलिस अधिकारियों ने दिए आवश्यक निर्देश

चेकिंग के दौरान पुलिस ने होटल व लॉज के रजिस्टर चेक किए। होटल व लॉज में ठहरे लोगो के दस्तावेजों की जांच की गई, सभी होटल व लॉज संचालकों को निर्देश दिए गए कि बाहर से आकर ठहरने वाले आगंतुकों की आईडी आदि की जांच करें, कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस ने चेताया कि अनैतिक कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के ढाबों में पहुंच कर पूछताछ की गई। सभी ढाबा संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि उनके वहां ठहरने वाले व्यक्तियों की आईडी आदि की जांच करें और कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल डायल 112, पुलिस कंट्रोल रूम या अपने नजदीकी पुलिस थाना व चौकी में दें। प्रवक्ता का कहना है कि 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होना है जिसे निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

# पुलिस कार्रवाई से 80 प्रतिशत फरियादी संतुष्टः एडीजीपी

### एडीजीपी ने शिकायत शाखा व फीड बैक शाखा के कार्या की समीक्षा की

एजेंसी

**हिसार।** हिसार रेंज के एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने कहा है कि शिकायत की जांच मे बिना किसी कारण देरी व फरियादियों के अनावश्यक चक्कर लगवाना लापरवाही के साथ साथ भ्रष्टाचार का सूचक है। उन्होंने चेताया है कि ऐसे अधिकारी या कर्मचारी किसी भी तरह की अपेक्षा ना रखें। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय की शिकायत शाखा व फीड बैक शाखा से निपटाए गए मामलों व शिकायतों पर फरियादियों की संतुष्टि बारे समीक्षा कर रहे थे।

समीक्षा उपरांत उन्होंने कहा कि समय पर निष्पक्ष जांच से फरियादियों में संतुष्टि बढ़ती है। पुलिस अनुसंधान अधिकारी विभागीय दायित्व के साथ साथ नैतिक दायित्व का भी निर्वाह करे जो बहुत जरुरी भी है। समीक्षा में उन्होंने पाया कि हिसार रेंज कार्यालय में इस वर्ष के दौरान 30 अप्रैल तक कुल 1158 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 1031 शिकायतों का निपटारा किया गया। शेष शिकायतों का निपटारा प्रक्रिया में है जिनका




निस्तारण जल्द कर दिया जाएगा। हिसार रेंज के विभिन्न पुलिस थानों, चौकियों मे 30 अप्रैल तक कुल 24851 फरियादियों ने विजिट करके अपनी शिकायत दी है, फरियादियों से पुलिस कार्रवाई से संतुष्टि बारे फीडबैक लिया गया। फरियादियों से मिली संतुष्टि का आंकडा 80.27 प्रतिशत रहा है।

एडीजीपी के अनुसार रेंज कार्यालय में मिली शिकायतों में से 226 शिकायतें फरियादियों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दी जबकि 932 शिकायतें कार्यालय में डाक से प्राप्त हुई। रेंज कार्यालय में प्राप्त शिकायतों में जिला हिसार से 420 शिकायतें प्राप्त हुई, जिला सिरसा से 241, जिला फतेहाबाद से 178, पुलिस जिला हांसी से 119, जिला जींद से 153 व पुलिस जिला डबवाली से 47 शिकायतें प्राप्त हुई।

**गृह मंत्रालय से मिली 152 शिकायतें**

कार्यालय में गृह मंत्रालय से 152 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 137 शिकायतों का निपटारा किया चुका है व 15 शिकायतों का निपटारा होना बकाया है। इनका निपटारा भी जल्द कर दिया जाएगा। कार्यालय की फीडबैक शाखा द्वारा फरियादियों से संपर्क करके उनकी शिकायत पर हुई कार्रवाई एवं उनकी संतुष्टि बारे जानकारी ली जाती है और उसका रिकॉर्ड भी तैयार किया जाता है। फीडबैक शाखा द्वारा फरियादियों से संपर्क कर उनकी संतुष्टि बारे ली गई रिपोर्ट मे संतुष्टि आकडा ओवरआल 80 प्रतिशत रहा जिससे और बेहतर करने को कहा गया।


# खुश रहने से ही मिल सकती हैं खुशियां : अजय तेवतिया

### उच्च रक्तचाप से बचने के लिए डॉक्टरों ने दिए उपयोगी टिप्स

एजेंसी

**झज्जर।** नागरिक अस्पताल झज्जर में जिला स्तरीय विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सेशन जज अजय तेवतिया रहे।

उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप बीमारी आज के समय में बहुत ही ज्यादा बढ़ती जा रही है, जो की अन्य बीमारियों को भी जन्म देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप जैसी बीमारी से दूर रहने के लिए प्रतिदिन जीवन में खुशियां लाने के लिए किसी प्रकार की ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए और हमें खुश रहना होगा खुश रहने से जहां स्वयं स्वस्थ रहेंगे वहीं परिवार खुशहाल होगा और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारी से दूर रहेंगे एवं युवा तबका को आधुनिक जमाने को लेकर अच्छे स्वास्थ्य के साथ अपना जीवन शुरू करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज अजय तेवतिया ने शिरकत की एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने की और विशिष्ट अत्यधिक रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अरविंद बंसल, राष्ट्रीय नेचुरोपैथी संस्थान



देवरखाना से नेचुरोपैथी विशेषज्ञ डॉक्टर शिव खांडेकर, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर इंद्रजीत रोहिल्ला ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को विश्व रक्तचाप दिवस पर अपने आप को स्वस्थ रखने का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि हमें ऐसी बीमारियों से दूर रहने के लिए अच्छे खानपान और नियमित व्यायाम करने की आवश्यकता है और किसी भी प्रकार के नशे से हमें दूर रहना होगा।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने किया। जिला स्तरीय उच्च रक्तचाप दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता उप सिविल सर्जन डॉ. मनोज कुमार सैनी व नेचुरोपैथी विशेषज्ञ डॉक्टर शिव खांडेकर ने कहा कि अगर हमें उच्च रक्तचाप बीमारी लक्षण जैसे सर दर्द बेचैनी सांस लेने में कठिनाई हो तो हमें तुरंत नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करवानी चाहिए। आघात होना दिल का दौरा एवं गुर्दे के रोग का पता चलता है तो हमें देरी नहीं करनी चाहिए और विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए उच्च रक्तचाप दिवस के बचाव के लिए हमें नियमित प्रतिदिन 30 से 60 मिनट व्यायाम करना चाहिए, संतुलित आहार लेना चाहिए नमक का सेवन कम करना चाहिए किसी ग्रुप में शराब एवं तंबाकू के उपयोग से बचना चाहिए एवं लाइफ स्टाइल को बदलना होगा। इस मौके पर काफी संख्या में डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## पेट्रोल-डीजल की नई कीमत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल के दाम रोज सुबह की तरह फिर अपडेट कर दिए गए है। तेल कंपनिया रोज सुबह 6 बजे नई कीमतों को अपडेट कर देती है। ये ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें तय करती है। इस कारण समय-समय पर इनकी कीमतों में बदलाव देखने को मिलता है। रोज की तरह फिर नए दाम अपडेट किया जा चुके हैं। बता दें कि ऑयल कंपनियां फ्यूल पर टैक्स और वैट लगाती है, जिसके कारण भारत के हर राज्य में इसकी कीमतें अलग-अलग हो सकती है। ऐसे में अगर आप भी अपने गाड़ी की टंकी फुल कराने जा रहे हैं तो एक बार अपने शहर की कीमतों को जांच लें।

**महानगरों में क्या है पेट्रोल-डीजल की कीमत**

राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल की कीमत 87.66 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है।

मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.13 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.32 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। नोएडाः पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर है।, गुरुग्रामः पेट्रोल 95.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर है।चंडीगढ़ः पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर है। हैदराबादः पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर है। बेंगलुरु : पेट्रोल 99.82 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर है। जयपुरः पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर है। पटनाः पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर है। लखनऊः पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर है।

## आरबीआई ने एनबीएफसी को दी चेतावनी एल्गोरिथम-आधारित क्रेडिट से बचें

**मुंबई।** आयोजित एनबीएफसी के आश्वासन प्रमुखों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा कि कई एनबीएफसी अपने ऋण पोर्टफोलियो के विकास में तेजी लाने के लिए नियम-आधारित क्रेडिट इंजन की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जहां स्वचालन दक्षता और स्केलेबिलिटी बढ़ा सकता है, वहीं एनबीएफसी को इन मॉडलों से खुद को अंधा नहीं होने देना चाहिए।ऐतिहासिक डेटा या एल्गोरिदम पर अत्यधिक निर्भरता से क्रेडिट मूल्यांकन में चूक या अशुद्धियाँ हो सकती हैं, विशेष रूप से गतिशील या विकसित बाज़ार स्थितियों में। उन्होंने कहा, इसलिए, एनबीएफसी को अपनी क्षमताओं और सीमाओं पर स्पष्ट नजरिया बनाए रखना चाहिए, साथ ही क्रेडिट स्कोरिंग मॉडल की निरंतर निगरानी और सत्यापन भी करना चाहिए।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को कुछ प्रणालीगत जोखिम, जटिलता और अंतर्संबंध के प्रति चेतावनी दी।

## JSW स्टील का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 64 प्रतिशत घटकर 1,299 करोड़ रुपये रहा

**मुंबई।** अरबपति सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील ने 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए अपने समेकित शुद्ध लाभ में 64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,299 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की, जबकि पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 3,664 करोड़ रुपये था। वर्ष।नियामक फाइलिंग के अनुसार, चौथी तिमाही में परिचालन से स्टील प्रमुख का राजस्व पिछले वर्ष की समान अवधि में 46,962 करोड़ रुपये से मामूली गिरावट के साथ 46,269 करोड़ रुपये हो गया।तिमाही में कंपनी का खर्च सालाना 43,170 करोड़ रुपये से बढ़कर 44,401 करोड़ रुपये हो गयातिमाही में अन्य आय 18 प्रतिशत घटकर 451 करोड़ रुपये रह गई।कंपनी ने कहा कि तैयार और अर्ध-तैयार माल की सूची में बदलाव, प्रगति पर काम और व्यापार में स्टॉक से संबंधित उसका खर्च 165 करोड़ रुपये से बढ़कर 534 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बयान के अनुसार, ÷त्तभक्त में 1.32 मिलियन टन के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई क्योंकि निर्यात अवसर का उपयोग वैश्विक बाजारों में मांग को देखते हुए इन्वेंट्री को खत्म करने के लिए किया गया था। भारतीय परिचालन से बिक्री का 20 प्रतिशत हिस्सा निर्यात का था।

## शेयर बाजार एनएसई बीएसई ट्रेडिंग आयोजित करेंगे

**नई दिल्ली।** एनएसई, बीएसई विशेष ट्रेडिंग सत्र आयोजित करेंगे 18 मई को स्टॉक मार्केट विशेष सत्रः विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र में प्राथमिक साइट (पीआर) से डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर एक इंट्रा-डे स्विचओवर शामिल होगा। स्टॉक मार्केट का विशेष सत्र- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई प्राथमिक साइटों पर बड़े व्यवधानों से निपटने के लिए अपनी तैयारियों का आकलन करने के लिए शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में एक विशेष ट्रेडिंग सत्र आयोजित करेंगे। विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र में प्राथमिक साइट (पीआर) से डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर एक इंट्रा-डे स्विचओवर शामिल होगा। विशेष सत्र के दौरान, सभी प्रतिभूतियों के लिए अधिकतम मूल्य बैंड, जिन पर डेरिवेटिव उत्पाद उपलब्ध हैं, 5 प्रतिशत होंगे। पहले से ही 2 प्रतिशत या उससे कम मूल्य बैंड में मौजूद प्रतिभूतियां संबंधित बैंड में उपलब्ध रहेंगी।

# पश्चिममध्य रेलवे में कोयला 90 प्रतिशत एवं क्लिंकर में 40 प्रतिशत से अधिक हुआ माल लदान

**एजेंसी**

**जबलपुर।** पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह में गुड्स ट्रैफिक में 04.51 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और राजस्व 454 करोड़ 18 लाख रूपये अर्जित किया है। अप्रैल माह में मण्डल वाइस फ्रेट लोडिंग और रेल राजस्व अर्जित किया जो इस प्रकार है। जबलपुर मण्डल ने माल लदान में 3.30 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और रेल राजस्व 294 करोड़ 10 लाख रूपये अर्जित किया है। भोपाल मण्डल ने माल लदान में 0.56 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और रेल राजस्व 67 करोड़ 91 लाख रूपये अर्जित किया है। कोटा मण्डल ने माल लदान में 0.65 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और रेल राजस्व 92 करोड़ 17 लाख रूपये अर्जित किया है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल पर गुड्स लोडिंग में कमोडिटी वाइज लोडिंग मुख्यतः 10 सामग्रियों




का लदान किया जाता है, जिसमें 28 प्रतिशत सीमेंट, 19 प्रतिशत कोयला, 13 प्रतिशत क्लिंकर, 13 प्रतिशत खाद्यान्न, 10 प्रतिशत खाद, 05 प्रतिशत आयरन ओर तथा 02 प्रतिशत कन्टेनर है, जो कि माल यातायात का कुल 90 प्रतिशत होता है। पमरे पर माल लदान के लिए 120 से भी अधिक गुड्स शेड एवं साइडिंग्स हैं। पश्चिम मध्य रेल ने अप्रैल माह से कुछ कमोडिटी लोडिंग में बेहतर प्रदर्शन किया, जो इस प्रकार है। कोल लोडिंग में 1.01 मिलियन टन का माल लदान और पिछले वर्ष 0.52 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 92 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई। क्लिंकर लोडिंग में 0.72 मिलियन टन का माल लदान और पिछले वर्ष 0.50 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई। पीओएल ट्रैफिक (पेट्रोलियम, ऑइल एंड लुब्रीकेंट) में 0.08 मिलियन टन का माल लदान कर पिछले वर्ष 0.06 मिलियन टन माल लादान की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात में फ्रेट लोडिंग और रेल राजस्व की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है ओर आगे भी जारी रखेगा।

## संयुक्त राष्ट्र ने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.9 फीसदी किया

**एजेंसी**




**संयुक्त राष्ट्र।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने साल 2024 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 6.9 फीसदी कर दिया है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र संघ ने जनवरी में 2024 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 6.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने जारी अपनी रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर के पूर्वानुमान में संशोधन कर साल 2024 में इसके लगभग 7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीले निजी उपभोग के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था साल 2024 में 6.9 फीसदी की विकास दर से बढ़ेगी, जबकि 2025 में यह दर 6.6 फीसदी रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक मजबूत घरेलू मांग और मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में भी मजबूत विकास का भारत को फायदा मिला है। वहीं, वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में 2.7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो जनवरी के पूर्वानुमान से 0.3 फीसदी ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि मूडीज ने इसी हफ्ते चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फीसदी और बीते वित्त वर्ष 2023-245 के लिए वास्तविक जीडीपी अनुमान को संशोधित कर 8 फीसदी कर दिया है।

## लगातार दूसरे हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 644.151 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेश मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त हफ्ते में 2.561 अरब डॉलर बढ़कर 644.151 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 10 मई को समाप्त हफ्ते में मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गई। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़कर 55.95 अरब पर पहुंच गया। आरबीआई के मुताबिक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 50 लाख डॉलर बढ़कर 18.06 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष



(आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 40 लाख डॉलर घटकर 4.495 अरब डॉलर रह गई है। इसके पहले लगातार तीन हफ्ते इसमें गिरावट दर्ज हुई थी। इससे पहले 5 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

## भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरतः निर्मला सीतारमण

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतामरण ने कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण में हिस्सेदारी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने सीआईआई व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग जगत के प्रमुखों को संबोधित करते हुए उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की जरूरत को भी रेखांकित किया। उन्होंने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा




देकर भारत न केवल घरेलू मांग को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता है बल्कि आयात पर निर्भरता भी कम कर सकता है। इस तरह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि सीआईआई द्वारा दिए गए सुझावों को जुलाई के बजट में एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग परिसंघ हमेशा अपने और देश के सामने सरकार के साथ मिलकर काम करने का दृष्टिकोण रखा है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया है कि वैश्विक स्तर पर उद्योग साझेदारी एक स्पष्ट मार्ग अपनाए, ताकि वैश्विक चुनौतियों का सामना किया जा सके।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। सोना आज 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई इस तेजी के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 74 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। आज 24 कैरेट सोना 74,030 रुपये से लेकर 74,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67,860 रुपये से लेकर 68,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में आज करीब 1,500 रुपये की तेजी आई है। इसकी वजह से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 89,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,010 रुपये प्रति 10



ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 74,080 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 74,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 74,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,080 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज मजबूती दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 74,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## किया ने ओरिक्स के साथ साझेदारी में वाहन लीज कार्यक्रम शुरू किया




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** किआ इंडिया ने कहा कि उसने एक नया स्वामित्व अनुभव कार्यक्रम शुरू करने के लिए ओरिक्स ऑटो इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज के साथ समझौता किया है।कंपनी ने ओरिक्स 'किआ लीज' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।किआ इंडिया ने एक बयान में कहा, इस पहल का उद्देश्य ब्रांड की पहुंच बढ़ाना और ग्राहकों को बिना किसी रखरखाव, बीमा या पुनर्विक्रय परेशानी के किआ खरीदने का एक और विकल्प प्रदान करना है।इसमें कहा गया है कि पहल का पहला चरण दिल्ली एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में शुरू किया गया है।किआ इंडिया के मुख्य बिक्री अधिकारी मायुंग-सिक सोहन ने कहा, ÷लीजिंग मॉडल एक वैश्विक मेगाट्रेंड है, जो भारत में भी गति पकड़ रहा है। यह मॉडल विशेष रूप से आकर्षक मूल्य बिंदुओं पर लचीली गतिशीलता समाधान चाहने वाले नए युग के उपभोक्ताओं के साथ मेल खाता है।÷उन्होंने कहा कि अगले 4-5 वर्षों में 100 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाने वाले उद्योग के पूर्वानुमान के साथ, कंपनी को उम्मीद है कि बेहतर उत्पाद रेंज और सेवा पेशकशों के कारण इसकी लीजिंग सेवा उद्योग के विकास औसत से आगे निकल जाएगी।इसमें कहा गया है कि पट्टे पर देने से कंपनी की ब्रांड छवि बढ़ेगी और वृद्धिशील बिक्री के अवसर खुलेंगे।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार, टॉप 10 में से 7 क्रिप्टो करेंसी में तेजी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 7 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 2 गिरावट के साथ रेड जोन में हैं। इसके अलावा एक क्रिप्टो करेंसी के भाव में पिछले 24 घंटे के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज मामूली तेजी दर्ज की गई है, लेकिन क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इसकी हिस्सेदारी में आज गिरावट आई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक



बिटकॉइन 0.05 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 66,199.19 डॉलर यानी 55.20 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 1.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ उछल कर 3,032.67 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.02 प्रतिशत, सोलाना 3.69 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.24 प्रतिशत, टॉनकॉइन 0.81 प्रतिशत और कार्डानो 5.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीएनबी 0.82 प्रतिशत और डॉगकॉइन 1.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं यूएसडी कॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.3754 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.40 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 200.14 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## वोडाफोन आइडिया छह महीने में 5जी सेवाएं करेगी शुरू, सीईओ अक्षय मूंदड़ा

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** वोडाफोन आइडिया 7 अपने विक्रेताओं के साथ उन्नत चर्चा में है क्योंकि उसे अगले छह महीनों के भीतर 5जी सेवाओं की पेशकश शुरू करने की उम्मीद है, मुख्य कार्यकारी अक्षय मूंदड़ा ने कहा, तीसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी ने चार सर्किलों में सरकार द्वारा अनिवार्य न्यूनतम रोलआउट दायित्वों को पूरा कर लिया है। .जबकि इसका इरादा अगले 24-30 महीनों में 5जी सेवाओं के साथ अपने राजस्व आधार का 40फीसदी कवर करने का है, इसकी सर्वोच्च प्राथमिकता प्रतिद्वंद्वियों से मेल खाने के लिए अपने 4जी कवरेज को बढ़ाकर अपने ग्राहकों की घटती संख्या को रोकना होगा। हम उम्मीद करते हैं कि अब से छह महीने बाद 5फीसदी शुरू हो जाएगा। मुख्य फोकस उन मुख्य शहरों या क्षेत्रों पर होगा जहां 5त्न उपकरणों की बड़ी संख्या है। 5त्न निवेश समय के संदर्भ में थोड़ा पुनरावृत्त होगा, हम इस प्रकार निवेश करेंगे बाजार विकसित हो रहा है,' उन्होंने कहा। हम अब 5जी लॉन्च करके पूंजीगत व्यय का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम होंगे। हमने बिहार और मुंबई सर्कल के लिए आवेदन किया है, और 5त्न के लिए तकनीकी भागीदारों के साथ बातचीत कर रहे हैं। मूंदड़ा ने अर्निंग कॉल में कहा, हम ओराएन और वीआरएएन के परीक्षण के उन्नत चरण में भी हैं। टेलीकॉम कंपनी 5त्न गियर के लिए नोकिया और एरिक्सन सहित कंपनियों के साथ चर्चा कर रही है। इसने ओपन ङ्कह्र प्रदाता मावेनिर के साथ एक पायलट काम किया था, जिससे आने वाले महीनों में एक वाणिज्यिक सौदा होने की संभावना है। तीन वर्षों में लगभग ?55,000 करोड़ का पूंजीगत व्यय, ज्यादातर 17 प्राथमिकता वाले सर्किलों में 5जी स्थापित करने और पूरे देश में 4जी कवरेज में सुधार के लिए उपयोग किया जाएगा। शीर्ष कार्यकारी ने कहा कि भीड़भाड़ को कम करने के लिए क्षमता उन्नयन अगले कुछ महीनों में किया जाएगा, जबकि प्रतिस्पर्धी होने के लिए आवश्यक कवरेज का ध्यान आने वाले 12-15 महीनों के दौरान रखा जाएगा। पूंजीगत व्यय 4जी कवरेज के विस्तार पर खर्च किया जाएगा। अधिक साइटें, 4जी में क्षमता वृद्धि जहां साइटें पहले ही तैनात की जा चुकी हैं। तीसरा 5त्न होगा जहां रोलआउट नए सिरे से शुरू करना होगा और फिर उद्यम होगा। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता 4जी कवरेज का विस्तार करना है, यही एकमात्र कारण है कि हम ग्राहकों को खो रहे हैं, पूंजीगत व्यय में काफी तेजी आएगी।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन तेजी रही, सेंसेक्स और निफ्टी ने निचले स्तर से की रिकवरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली तेजी के साथ हुई थी लेकिन शुरुआती कारोबार में ही बिकवाली के दबाव के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि, पहले 1 घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने बाजार में लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में पहुंचने में सफल रहे। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके अलावा बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थ केयर, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, आईटी और टेक इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.39 प्रतिशत की तेजी के साथ आज की कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की



बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 410.23 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 407.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.88 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,939 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,403 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,409 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 127 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,284 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,493 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 791 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 47.59 अंक की तेजी के साथ 73,711.31 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक 203.92 अंक टूट कर 73,459.80 अंक तक गिर गया। हालांकि, पहले 1 घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में रिकवरी कर हरे निशान में अपनी जगह बना ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 407.12 अंक उछल कर 74,070.84 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब डेढ़ सौ अंक फिसल कर 253.31 अंक की मजबूती के साथ 73,917.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 11.40 अंक की मामूली तेजी के साथ 22,415.25 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में 22,345.65 अंक तक गोता लगा दिया। इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस सूचकांक ने भी थोड़ी ही देर में हरे निशान में रिकवरी कर ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 98.30 अंक की मजबूती के साथ 22,502.15 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, आखिरी आधे घंटे के कारोबार में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई बिकवाली के कारण निफ्टी ऊपरी स्तर से करीब 36 अंक फिसल कर 62.25 अंक की बढ़त के साथ 22,466.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा 6.02 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.37 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 2.15 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.87 प्रतिशत और बीपीसीएल 1.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टीसीएस 1.71 प्रतिशत, सिप्ला 1.55 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 1.24 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 1.11 प्रतिशत और बजाज ऑटो 1.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# महिलाओं में ज्यादा होता है Osteoporosis का खतरा, इन टिप्स की मदद से करें इससे बचाव



**उम्र के साथ-साथ हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। लेकिन हमारी खान-पान और रहन-सहन के कारण यह समस्या उम्र से पहले भी शुरू हो सकती हैं। हड्डियों से ही जुड़ी एक बीमारी है- Osteroporosis जिसमें हड्डियां इतनी कमजोर हो जाती हैं कि हल्के से झटके से भी टूट सकती हैं। इसलिए इससे बचाव करना जरूरी है। आइए जानें कैसे करें ओस्टियोपोरोसिस से बचाव (Prevention of Osteoporosis)।**

बढ़ती उम्र के साथ हमारे शरीर में कई बदलाव आने शुरू हो जाते हैं। इन्हीं बदलावों में हड्डियां कमजोर होना भी शामिल है। इसी वजह से उम्र बढ़ने के साथ, काम करने और चलने-फिरने में तकलीफ होने लगती है। हालांकि, ऐसा होना काफी सामान्य बात है, लेकिन यह परेशानी का सबब तब बन जाता है, जब उम्र से पहले ही हड्डियां कमजोर होनी शुरू हो जाएं। हड्डियों की डेंसिटी और मास कम होने की वजह से Osteoporosiह्य का जोखिम बढ़ जाता है।

Osteoporosis एक ऐसी बीमारी है, जिसमें हड्डियों का घनत्व और वजन कम होने लगता है। इसके कारण हड्डियां धीरे-धीरे पतली और कमजोर होने लगती हैं। हमारे शरीर को सपोर्ट देने और वजन उठाने का काम हड्डियां करती हैं, लेकिन कमजोर होने की वजह से ऐसा नहीं कर पाती हैं और आसानी से टूटने लगती हैं।

बता दें कि इस बीमारी का रिस्क पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ज्यादा होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हड्डियों की डेंसिटी सिर्फ कैल्शियम और अन्य खनीजों पर नहीं बल्कि, हार्मोन्स के स्तर पर भी निर्भर करता है। इसलिए इस बीमारी से बचाव करना बेहद जरूरी होता है। आइए जानते हैं कैसे ओस्टियोपोरोसिस के रिस्क को कम (Osteoporosis Prevention) किया जा सकता है।

**एक्सरसाइज करें**

अपनी लाइफस्टाइल में रोज कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करने के लिए समय निकालें। एक्सरसाइज करने से हड्डियां मजबूत होती हैं। इसलिए रोज वॉकिंग, जॉगिंग, सीढ़ियां चढ़ना, वेट बियरिंग एक्सरसाइज जैसी एक्टिविटी करें।

**कैल्शियम से भरपूर फूड्स खाएं**

अपनी डाइट में कैल्शियम से भरपूर फूड्स को शामिल करें। दरअसल, कैल्शियम हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी है। इसलिए कैल्शियम की कमी की वजह से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इसलिए अपनी डाइट में कैल्शियम से भरपूर फूड्स, जैसे- डेयरी प्रोडक्ट्स, सोया प्रोडक्ट्स, साल्मन, बादाम, ब्रोकली आदि को शामिल करें।

**विटामिन डी लेना न भूलें**

विटामिन डी कैल्शियम के अब्जॉर्प्शन के लिए काफी जरूरी है। इसलिए विटामिन डी की कमी हमारी हड्डियों की कमजोरी की वजह बन सकती हैं। इसलिए रोज कुछ समय सुबह की धूप में बिताएं और विटामिन डी युक्त फूड्स, जैसे- मशरूम, अंडा, फॉर्टिफाइड सीरियल्स, फैटी फिश आदि को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

**विटामिन के को डाइट में शामिल करें**

विटामिन के हड्डियों के लिए निर्माण के लिए बेहद जरूरी है। यह हड्डियों की डेंसिटी को बढ़ाने के लिए काफी जरूरी है। इसलिए अपनी डाइट में विटामिन के से भरपूर फूड्स, जैसे- हरी पत्तेदार सब्जियां, सोयाबीन्स, नट्स, ब्रोकली, शलगम आदि को शामिल करें।

हेल्दी वजन मेंटेन करें

वजन ज्यादा होने की वजह से आपकी हड्डियों पर अधिक दबाव पड़ता है। साथ ही, जो लोग ओवरवेट या मोटापे का शिकार होते हैं, उनमें इस बीमारी का खतरा अधिक रहता है। इसलिए हेल्दी वजन मेंटेन करें।

**स्मोकिंग और एल्कोहल का सेवन न करें**

स्मोकिंग की वजह से हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है। इसलिए अगर आप स्मोकिंग करते हैं, तो बंद कर दें।

# भारत के हथियार उद्योग में उछाल, निर्मित हो रहा है बड़ा बाजार

भूमि, समुद्र और एयरोस्पेस सहित भारत की सीमाओं पर सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्र में देश के मुख्य सैन्य आलोचक चीन के बढ़ते रणनीतिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में इसके रक्षा बजट में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू रक्षा निर्माताओं को सशस्त्र बलों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए मजबूती से कमर कसने की जरूरत है। हालांकि, घातक हथियार बनाने की उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियां आसानी से उपलब्ध नहीं हैं।




भारत का रक्षा विनिर्माण उद्योग तेजी से देश की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में उभर रहा है और चुपचाप नवीनतम शेयर बाजार में एक उछाल ला रहा है। रक्षा निर्माताओं के लिए इतना अच्छा समय पहले कभी नहीं था। निजी क्षेत्र के रक्षा विनिर्माण उद्यम भी पारंपरिक सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक हथियार निर्माताओं की तरह बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। देश के 10 रक्षा शेयरों में पिछले एक साल में 446 फीसदी तक का उछाल आया है। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में हैं = एचएएल, मझगांवडॉक, भारत फोर्ज, भारत डायनेमिक्स, पारस डिफेंस एंड स्पेस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आइडियाफोर्ज, एमटीएआर टेक्नालॉजीज, डेटापैटर्न, सोलर इंडस्ट्रीज, गोवा शिपयार्ड और तनेजा एयरोस्पेस।एसीईइक्विटी डेटाबेस के अनुसार, निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स ने 12 महीने की अवधि में 142प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जो बेंचमार्क निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जिसने इसी अवधि में 26प्रतिशत रिटर्न दिया है। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स के कुल 15 शेयरों में से 14 ने निवेशकों को सकारात्मक रिटर्न दिया है। वहीं, 10 शेयरों में 100 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। देश के आयुध विनिर्माण बाजार का आकार 2024 में 17.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। इसके 2029 तक 23.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत की हथियारों की मांग उनकी घरेलू आपूर्ति से कहीं अधिक है क्योंकि देश दुनिया का शीर्ष रक्षा उत्पाद आयातक बना हुआ है। ऐसा तब तक बने रहने की संभावना है जब तक घरेलू रक्षा उद्योग अमेरिका, रूस, चीन, यूके, जर्मनी, फ्रांस और इज़राइल जैसे दुनिया के शीर्ष हथियार विनिर्माण देशों में से कुछ के बराबर नहीं हो जाता।

अब तक भारत का सैन्य बजट अपनी सेना को खिलाने के लिए काफी छोटा रहा है, जो चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है। कागज पर भारत का रक्षा बजट अमेरिका (832 अरब डॉलर), चीन (227 अरब डॉलर) और रूस (109 अरब डॉलर) की तुलना में 74 अरब डॉलर के साथ चौथा सबसे बड़ा है। वास्तव में, भारत का अधिकांश रक्षा बजट सैन्य कर्मियों के वेतन और पेंशन पर खर्च किया जाता है। विडंबना यह है कि 1.4 अरब नागरिकों के साथ दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत का वार्षिक रक्षा खर्च सऊदी अरब के 72 अरब डॉलर के सैन्य बजट के करीब है। सऊदी अरब की कुल जनसंख्या 37 मिलियन से भी कम है।भूमि, समुद्र और एयरोस्पेस सहित भारत की सीमाओं पर सुरक्षा परिदृश्य और क्षेत्र में देश के मुख्य सैन्य आलोचक चीन के बढ़ते रणनीतिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए, आने वाले वर्षों में इसके रक्षा बजट में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। घरेलू रक्षा निर्माताओं को सशस्त्र बलों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए मजबूती से कमर कसने की जरूरत है। हालांकि, घातक हथियार बनाने की उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियां आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को हथियार निर्माताओं को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

अमेरिका समर्थित यूक्रेन-रूस युद्ध, इज़राइल-हमास लड़ाई, उत्तर कोरिया की वाशिंगटन विरोधी और सियोल विरोधी बयानबाजी और प्रशांत और भारत-प्रशांत क्षेत्रों और इसके बेल्ट के तहत अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों में चीन के लगातार सैन्य विस्तार आदि के परिणाम स्वरूप मांग और बढ़ेगी। सामरिक सड़क निर्माण की पहल और विश्व शांति और सुरक्षा के विवादास्पद मुद्दों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र की कमजोर स्थिति, आने वाले वर्षों में हथियारों और आपूर्ति की वैश्विक मांगों में भारी वृद्धि कर सकता है।ब्लूमबर्ग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में पीछे हटने की होड़ से अगले दशक में अकेले 7 देशों को करीब 10ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। इसकी सूचीबद्ध सुरक्षा चुनौतियों में रूस, अस्थिर पश्चिम एशिया और चीनी सेना द्वारा प्रशांत क्षेत्र की ओर अमेरिका का ध्यान आकर्षित करना शामिल है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक पुनरुद्धार का एक नया युग भारी लागत पर गति पकड़ रहा है और पहले से ही अस्थिर सार्वजनिक वित्त से जूझ रही पश्चिमी सरकारों द्वारा कुछ कड़े फैसले लिए जा रहे हैं। विश्व रक्षा खर्च पिछले साल रिकॉर्ड 2.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया।क्या भारत वैश्विक सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज कर सकता है और चीनी सैन्य आक्रामकता को रोकने के लिए उन्नत हथियारों की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयात करके खुश रहना जारी रख सकता है? दिलचस्प बात यह है कि चीन ने पिछले पांच वर्षों में अपने हथियारों के आयात में कटौती की है। चीन ने विदेशी निर्मित हथियारों के स्थान पर अपनी %स्वयं% तकनीक से निर्मित हथियारों का इस्तेमाल किया। चीनी निर्माता अमेरिकी सैन्य बुनियादी ढांचे में गहराई से जुड़े हुए हैं। फ्रांस उन्नत चिप प्रौद्योगिकी की चीन और रूस में संदिग्ध तस्करी की जांच कर रहा है।

चीन की विदेशी हथियारों की खरीद में अभी भी रूस का बड़ा योगदान है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट के अनुसार, 2019-23 में चीन के हथियारों के आयात में पिछले पांच वर्षों की तुलना में 44 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे वह विदेशी हथियारों के दुनिया के सबसे बड़े खरीदारों की सूची में 10वें स्थान पर आ गया। रूस ने चीन की सैन्य खरीद का 77 प्रतिशत आपूर्ति की, जिसमें विमान के इंजन और हेलीकॉप्टर सिस्टम शामिल हैं। इसके बाद 13 प्रतिशत के साथ फ्रांस का स्थान है, जबकि भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक बना हुआ है।

भारतीय निवेशक देश के हथियार निर्माण उद्योग को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार और उसके डीआरडीओ को मिलकर काम करने की जरूरत है। देश ने अपनी मिसाइल प्रणाली बनाने में काफी अच्छा काम किया है। स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान एलसीए तेजस उन भारतीय हथियार प्रणालियों में से हैं, जिन्होंने कई विदेशी खरीदारों की रुचि को आकर्षित किया है।भारत को एक मजबूत और जीवंत रक्षा विनिर्माण उद्योग का निर्माण करके हथियारों के आयात में भारी कटौती करने के लिए और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। नतीजतन, भारत में रक्षा शेयरों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जायेगी, जिससे आने वाले वर्षों में उनके स्टॉक की कीमतों में वृद्धि होगी। रक्षा उद्योग की प्रकृति उच्च लागत वाली मशीनरी और अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं में पर्याप्त अग्रिम निवेश की मांग करती है, जिसके लिए भारी पूंजी की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि बड़े-बड़े औद्योगिक घराने विशिष्ट उत्पाद फोकस वाली अलग-अलग कंपनियों को बढ़ावा देकर रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश करें। बाजार ऐसे उद्यमों को गोद लेने के लिए तैयार है।

## संपादकीय

# मोदी की हिन्दू-मुस्लिम से तौबा का यथार्थ

भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान एक ऐसा मीडिया विकसित हुआ है जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से घरोबा जैसा है। यह कोई नवनिर्मित मीडिया नहीं है वरन विद्यमान मीडिया का ही बड़ा हिस्सा है जिसने अपने आप को मोदीमय कर लिया है। मोदी का वह समर्थक है सो वह भारतीय जनता पार्टी के हर काम-काज की तारीफ करता है। मोदी के मित्र उसके भी मित्र हैं और मोदी के दुश्मन उसके भी दुश्मन बन जाते हैं। मोदी के कहे को तर्कसंगत साबित करने से लेकर उनके हर फैसले को %मास्टरस्ट्रोक% बतलाने वाला यह मीडिया कहने को स्वतंत्र है पर वह चलता है मोदी एवं उनकी पार्टी की विचारधारा के अनुरूप। देश के कुछ बड़े कारोबारी घरानों की मिल्कियत वाले इन मीडिया घरानों ने, जिनमें प्रकाशन वाला मीडिया है तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भी- अपने उच्च शिक्षित व मोटी तनख्वाह वाले पत्रकारों को पिछले दशक भर से एक ही काम में लगा रखा है, वह है भाजपा की सरकार को बनाये रखना।नमें से कुछ पत्रकार बेहद मुंहलगे हैं जो भाजपा प्रवक्ताओं जैसे काम करते हैं। मोदी को जो कहना होता है, वे उनमें से कुछ को अपने साथ लेते हैं और कोई नयी बात करते हैं। इन बातों को प्रकाशित सामग्री के रूप में या स्टूडियो के जरिये लोगों तक पहुंचाया जाता है। इन्हीं पत्रकारों के जरिये लोगों को कभी पता चलता है कि मोदी ने कोई शिक्षा हासिल नहीं की है, तो वे ही जनता तक यह बात पहुंचाते हैं कि मोदी ने 35 साल भिक्षावृत्ति की है। उन्हीं के जरिये देश जान सका है कि मोदी जी ने कई वर्षों तक हिमालय में तपस्या की है। कुछ मोदी से सुनी तो कुछ अपनी कल्पना शक्ति के बल पर यह मीडिया दो हजार के नोट में चिप लगाता है तो गोबर में हीरा खोजता फिरता है। वैसे तो मोदी पत्रकारों से बहुत कम बात करते हैं। उनकी एक अदद प्रेस कांफ्रेंस के लिये पूरा देश 10 बरस से तरस रहा है।

मन की बात या जनता से बहुत दूर व सुरक्षित ऊंचाई पर बने मंचों से एकालाप के जरिये अपनी बात कहने के आदी हैं पीएम।वाराणसी से लोकसभा के लिये तीसरी बार अपना नामांकन भरने के बाद पतित पावनी गंगा मैया के तटों पर विचरण करते हुए मोदी ने यकायक सेक्यूलर चोला ओढ़ लिया। उन्होंने मीडिया वाली से कहा- %जिस दिन मैं हिन्दू-मुस्लिम करने लगूंगा उस दिन मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रह जाऊंगा।% उनका यह बयान सभी लोगों, खासकर उनके अपने पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के लिये आश्चर्य और सदमे की तरह रहा होगा, लेकिन उक्त पत्रकार ने उनके इस बयान को बिग ब्रेकिंग के रूप में प्रसारित कर नाम तो कमा लिया, लेकिन पत्रकार-धर्म को पूरी तरह से गंगा में विसर्जित करते हुए। प्रेस कांफ्रेंस में तो किसी भी पत्रकार को ज्यादा सवाल करने का अवसर अक्सर नहीं मिलता पर ऐसे एक्सक्लूज़िव साक्षात्कारों में न सवालों की सीमा होती है, न समय की बंदिश। फिर उपरोक्त महिला पत्रकार ने क्यों मोदी से यह नहीं कहा कि, मोदी जी, हाल ही में आपने तो कांग्रेस के न्यायपत्र पर मुसलिम लीग की छाया बतलाया था और आपने लोगों से यह भी कहा था कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपके मंगलसूत्र छीनकर कई बच्चों वालों को दे देगी, या यह भी नहीं पूछा कि, मोदी जी, कांग्रेस का तो देश में पिछले 55 वर्षों तक राज रहा। उसने ऐसा तो कभी भी नहीं किया। पत्रकार को मोदी जी के स्मरण में यह भी लाना था कि आप खुद कहते रहे हैं कि मैं कपड़े देखकर जान जाता हूं। मोदी को वह सारा कुछ ध्यान दिलाना था कि कैसे 10 साल उन्होंने हिन्दू-मुसलिम और भारत-पाकिस्तान करते हुए गुजार दिये।खैर, मोदी से जितने लोगों ने हाल के वर्षों में साक्षात्कार किये हैं, उन्हें ध्यान से देखा जाये तो इस आरोप में दम दिखता है कि सवाल भी पहले से तय होते हैं और जवाब भी। तभी तो किसी भी प्रकाशित या प्रसारित इंटरव्यू में ऐसे कोई सवाल नहीं होते जो मोदी या भाजपा को असहज करते हों। न उनमें नोटबन्दी समेत मोदी सरकार की तमाम असफल योजनाओं का जिक्र होता है, न ही मणिपुर का। न महिला पहलवानों के साथ होती ज्यादतियों का और न ही आदिवासी के सिर पर पेशाब करते भाजपा कार्यकर्ता का। न भ्रष्टाचारी कहे जाने वाले विरोधियों के भाजपा प्रवेश का और न ही इलेक्टोरल बॉन्डस का।खैर, होगा भी नहीं। मोदी ने जो दावा किया था कि हिन्दू-मुस्लिम करने पर वे सार्वजनिक जीवन के योग्य नहीं रह जाते, वह (दावा) ज्यादा देर तक जिंदा न रह सका।

अगली ही सुबह (बुधवार को) महाराष्ट्र के डिंडौरी की आम सभा में मोदी ने बयान दिया कि अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो वह सरकार के पूरे बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों को दे देगी। फिर, उसी दिन मुंबई की सभाओं में उन्होंने राममंदिर का जिक्र किया और कहा कि शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे जीवित होते तो बहुत दुखी होते क्योंकि नकली शिवसेना% (उद्धव ठाकरे गुट) ने राममंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का विरोध किया था जबकि बाल ठाकरे का सपना मंदिर निर्माण का था। सवाल है कि क्या मोदी व भाजपा का चुनावी विमर्श हिन्दू-मुस्लिम किये बिना सम्भव है? उत्तर है.

# मोदी के चुनाव भाषण : झूठ और ज़हर का सैलाब

इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ़ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम।

भाजपा की प्रचार मशीनरी काफी मजबूत है और पार्टी का पितृ संगठन आरएसएस इस मशीनरी की पहुंच को और व्यापक बनाता है। आरएसएस-भाजपा के प्रचार अभियान का मूल आधार हमेशा से मध्यकालीन इतिहास को तोड़मरोड़ कर मुसलमानों का दानवीकरण और जातिगत व लैंगिक पदक्रम पर आधारित प्राचीन भारत की सभ्यता और संस्कृति का महिमामंडन रहा है। संघ परिवार समय-समय पर अलग-अलग थीमों का प्रयोग करता आया है। एक थीम यह है कि मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों ।को तोड़ा। राममंदिर आन्दोलन का मूल सन्देश यही था। फिर देश की सुरक्षा भी एक प्रमुख थीम है, जिसमें पाकिस्तान को भारत का दुश्मन बताया जाता है। बाबरी मस्जिद को ढहाए जाने के पहले वे अन्य मुस्लिम-विरोधी थीमों के अतिरिक्त, मुसलमानों के भारतीयकरण की बात भी किया करते थे।

पिछले एक दशक में उन्होंने अच्छे दिन की बात की और कई दूसरे जुमले भी उछाले, जैसे महिलाओं की सुरक्षा, हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख आएंगे और हर साल दो करोड़ लोगों को रोज़गार मिलेगा। कांग्रेस को भ्रष्ट पार्टी सिद्ध करने का प्रयास भी किया गया। आरएसएस से जुड़े संगठनों के समर्थन और उनके तत्वावधान में अन्ना आन्दोलन चलाया गया जिससे कई सालों तक लोगों के दिमाग में यह बैठा रहा कि कांग्रेस भ्रष्ट नेताओं की पार्टी है। फिर 2019 के चुनाव में पुलवामा-बालाकोट को मुद्दा बनाया गया और हमें बताया गया कि केवल भाजपा की सरकार ही देश की रक्षा कर सकती है। हालांकि इस पूरी अवधि में मुस्लिम-विरोधी प्रचार भी जारी रहा। कहने की ज़रुरत नहीं कि आरएसएस-भाजपा के प्रचारक सत्य और तथ्यों को बहुत महत्व नहीं देते।

इस (2024) के चुनाव में उम्मीद यह थी कि अयोध्या का राममंदिर भाजपा की नैया को किनारे लगा देगा। ज्ञानवापी का मुद्दा भी था। मगर जल्दी ही यह साफ़ हो गया कि राममंदिर-ज्ञानवापी जैसे मुद्दों से जनता थक चुकी है और उनका कोई खास असर पड़ने वाला नहीं है। लोगों को अपनी गिरती सामाजिक-आर्थिक स्थिति की चिंता ज्यादा है और भव्य राममंदिर की कम।



इसके बाद भाजपा-आरएसएस ने अपने पुरानी तरकीब एक बार फिर अपनाने का निर्णय किया। वह तरकीब है मुसलमानों की खिलाफत और समाज को धार्मिक आधार पर बांटना।

श्री मोदी ने मुसलमानों को अपना चुनावी मुद्दा बना लिया और इसके लिए समाज के कमज़ोर वर्गों (आदिवासी, दलित और धार्मिक अल्पसंख्यकों) के साथ न्याय, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोज़गार और इंटर्नशिप आदि का वायदा करने वाले कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र का इस्तेमाल किया।आरएसएस और उससे जुड़े संगठन, समाज के कमज़ोर वर्गों के साथ न्याय के पुराने विरोधी रहे हैं। सन् 1925 में आरएसएस की स्थापना ही इसलिए हुई थी क्योंकि दलित अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने लगे थे और महिलाओं की समाज में सक्रियता और हिस्सेदारी बढ़ने लगी थी। भाजपा को यह अहसास हो गया कि आरक्षण और सकारात्मक भेदभाव की नीतियों पर राहुल गांधी के जोर देने का जनता पर सकारत्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब भाजपा खुल कर तो यह कह नहीं सकती थी कि वह आरक्षण की विरोधी है साथ ही, उसे राहुल गांधी के बढ़ते ग्राफ से भी निपटना था। इस दिशा में पहला कदम था संघ के मुखिया की यह गलतबयानी कि आरएसएस कभी आरक्षण का विरोधी नहीं रहा है।दूसरी ओर मोदी नई खिचड़ी पका रहे हैं। वे कह रहे हैं, %...कांग्रेस दलितों और पिछड़ों के लिए निर्धारित कोटा को घटा कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है, जो संविधान के खिलाफ है। बाबा साहेब ने आरक्षण का जो अधिकार दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को दिया था, उसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते हैं।%मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र में जाति जनगणना की बात और उसे समाज का एक्सरे बताए जाने का उपयोग भी अपने मुस्लिम-विरोधी प्रचार में किया। उन्होंने झूठ बोलने के नए रिकॉर्ड कायम करते हुए कहा कि कांग्रेस एक्सरे कर यह पता लगाएगी कि किस हिन्दू के पास सोना और धन है और फिर उसे घुसपैठियों (जो भाजपा का मुसलमानों के लिए प्रयुक्त किया जाने वाले शब्द है) में बांट देगी। हिन्दुओं और विशेषकर हिन्दू महिलाओं को डराने के लिए उन्होंने कहा, मेरी माताओं और बहनों, वे आपके मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो देश के हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वेक्षण किया जायेगा। यह पता लगाया जाएगा कि हमारी बहनों के पास कितना सोना है और सरकारी कर्मचारियों की कितनी संपत्ति है...उन्होंने यह भी कहा है कि हमारी बहनों के पास जो सोना है, उसे सब लोगों में बराबर-बराबर बांटा जाएगा। क्या सरकार को आपकी सम्पति आपसे छीनने का हक़ है?% उन्होंने कहा कि हिन्दू महिलाओं का मंगलसूत्र छीन कर मुसलमानों को दे दिया जाएगा।

यह सब कहकर वे एक तीर से कई निशाने लगाने का प्रयास कर रहे हैं। पहला, कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना, दूसरा, मुसलमानों पर निशाना साधना और तीसरा, हिन्दू महिलाओं को डराना। आखिर कोई कितना झूठ बोल सकता है। उन्हें यह भरोसा है कि बड़ी संख्या में लोग उनके झूठ के पुलिंदे पर विश्वास कर लेंगे. वे जानते हैं कि संघ परिवार के प्रतिबद्ध कार्यकर्ता, उसका आईटी सेल और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा नियंत्रित टीवी चैनल और अखबार यह सुनिश्चित करेंगे कि इस सफ़ेद झूठ को आमजनों का एक बड़ा तबका गंभीरता से ले। यहां तक कि उन्होंने बेचारी भैंस, जिसे भाजपा के गौमाता-केन्द्रित नैरेटिव में कभी जगह नहीं मिली, को भी अपने प्रचार में घसीट लिया। %अगर आपके पास दो भैंसे होंगीं, तो कांग्रेस उनमें से एक को आपके बाड़े से खोल ले जाएगी%।

और फिर भला यह कैसे संभव है कि भाजपा-मोदी के चुनाव अभियान में पाकिस्तान की चर्चा न हो। मोदीजी ने फ़रमाया कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत में कमज़ोर सरकार बने। फहाद चौधरी नामक एक सज्जन, जो पाकिस्तान के पूर्व मंत्री हैं, ने कहा था कि राहुल गांधी समाजवादी नीतियों की बात कर रहे हैं। मोदी का कहना है कि पाकिस्तान चाहता है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें ताकि बालाकोट जैसे ऑपरेशन न हों। मोदीजी शायद भूल गए हैं कि राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने बांग्लादेश को स्वतंत्र करवाकर, पाकिस्तान को दो भागों में बांटने का साहसिक निर्णय लिया था- और वह भी पश्चिम के शक्तिशाली देशों की इच्छा के खिलाफ।

अब मुगलों को भी लाना था। इसके लिए मोदी ने तेजस्वी यादव के एक ट्वीट का उपयोग किया, जिसमें वे नवरात्रि के एक दिन पहले मछली खाते हुए दिख रहे हैं। मोदी ने कहा कि तेजस्वी नवरात्रि के पवित्र पर्व के दौरान मछली खाकर हिन्दुओं को उसी तरह अपमानित कर रहे हैं जिस तरह मुग़ल राजा, मंदिरों को गिरा कर किया करते थे। एक विपक्षी नेता की मामूली सी तस्वीर को मुगलों और वर्तमान मुसलमानों से जोड़ कर मोदी जी ने यह दिखा दिया है कि वे किसी भी चीज़ का उपयोग मुसलमानों और विपक्ष के नेताओं के दानवीकरण के लिए कर सकते हैं।



## चमक रहे बरकरार

रॉयल लुक देने वाली पर्ल जूलरी को करीने से संभालकर रखना बेहद जरूरी है, तभी इसकी सुंदरता और चमक लंबे समय तक बरकरार रखी जा सकती है। पर्ल ऑर्गेनिक मैटीरियल से तैयार किया जाते हैं। इसमें गोल्ड व सिल्वर का इस्तेमाल भी खूब होता है। लंबे समय तक इनकी शाइनिंग बरकरार रखने के लिए इन्हें डस्ट, स्क्रेच व दूसरे डैमेज से बचाना जरूरी होता है। यदि आप पर्ल जूलरी पहनी हो, तो डिटर्जेंट का इस्तेमाल अवॉइड करें। बेकिंग सोडा और ब्लीच का यूज भी ना करें। इनमें मौजूद हानिकारक केमिकल्स पर्ल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। समय-समय पर इसकी सफाई करते रहे। सफाई के लिए मुलायम कपड़े का ही इस्तेमाल करें। यह पर्ल को नुकसान पहुंचाए बिना ही डस्ट हटा देगा। जब भी परफ्यूम और हेयर स्प्रे का इस्तेमाल करें, तो ध्यान रखें कि इसे जूलरी पर न छिड़कें। इससे इसका कलर जाने की संभावना बनी रहती है। मेकअप पूरा होने के बाद ही जूलरी पहनें वरना मेकअप का कलर जूलरी में लग सकता है। पर्ल जूलरी को मेटलिक जूलरी के साथ ना रखें, बल्कि इसे एक मुलायम कपड़े में लपेट कर रखें। नहाते समय जूलरी निकाल दें, क्योंकि पानी का क्लोरीन पर्ल के लिए बेहद नुकसानदेह होता है।





# रूप मेरा सलोना

खूबसूरत त्वचा हर किसी को अपनी ओर अट्रैक्ट करती है, लेकिन सभी की त्वचा खुबसूरत नहीं होती। किसी की खुरदरी तो किसी की बहुत ज्यादा तैलीय होती है। अपनी त्वचा को कुछ खास बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन का पूरा-पूरा ख्याल रखें। वैसे भी आजकल वातारण में प्रदूषण बहुत अधिक है। जो स्किन प्रॉब्लम्स के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होते हैं। ऐसे में चाहें तो कुछ फेशियल ट्राई कर सकती हैं। ये आपकी त्वचा के लिए लाभकारी हो सकते हैं। आजकल मार्केट में बहुत से फेशियल्स हैं, लेकिन सबसे खास है हर्बल फेशियल। यह स्किन पर एक अलग तरह का ग्लो ला देते हैं, जिससे चेहरा खिल-खिल जाता है।

### क्लीजिंग

हर्बल फेशियल में खीरा, गुलाब, नीबू और चंदन आदि मिला होता है। घरेलू हर्बल फेशियल आप घर पर भी कर सकती हैं। यदि आप घर में ही फेशियल कर रही हैं तो क्लीजिंग के लिए एक टेबल स्पून चावल के आटे में दो टेबल स्पून दही मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाकर अच्छी तरह मलें, फिर चेहरा ताजे पानी से धो लें।

### जरूरी है मालिश

क्लीजिंग के बाद फेस की मसाज करें। मालिश के लिए मलाई में कुछह बूंदे बादाम का तेल मिलाकर प्रयोग करें। मालिश गर्दन से शुरू करके ठुड्डी, मुंह, नाक, गाल और माथे पर करें। मालिश हमेशा हल्के हाथ से नीचे से ऊपर की ओर तथा गोल-गोल घुमाते हुए करें। इस क्रिया से रक्त संचार बढ़ेगा तथा आप अपने को तनावमुक्त महसूस करेंगी। अंत में अंगुलियों के पोरों से पूरे चेहरे को थपथपाएं।

### स्टीम

मसाज के बाद स्टीम लें। बाउल में पानी उबालकर थोड़े नीम के पत्ते भी डाल दें। फिर स्टीम लें। नीम की भाप आपकी स्किन को काफी फायदा पहुंचाएगी। इसके बाद ब्लैकहेड रिमूवर की सहायता से ब्लैकहेड्स निकालें। अब तौलिए से चेहरा पोंछकर फेसपैक लगाएं।

### होममेड फेसपैक

हमेशा ध्यान दें कि आपकी स्किन का टाइप क्या है, उसको देखकर ही फेस पैक लगाएं–

ड्राय स्किन के लिए: दो टेबलस्पून मसूर दाल को बारीक पीसकर उसके आटे में थोड़ा सा जैतून का तेल व ग्लिसरीन मिलाकर पेस्ट बना लें और लगाएं। इससे रूखी त्वचा में निखार आ जाता है।

नॉर्मल स्किन के लिए : एक चम्मच ऑरेंज पील पाउडर एवं गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर हलके हाथों से लगाएं। लगाने के बाद इसे कुछ समय के लिए छोड़ दें और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

चाहे कोई भी मौसम हो, त्वचा और बालों की बारह महीने, तीसों दिन देखभाल करनी पड़ती है। नहीं तो चांद सा सुंदर चेहरा आंखों का रंग सुनहरा धूमिल पड़ने लगता है। यदि इसे बरकरार रखना है तो हमेशा इसका ध्यान रखना पड़ेगा। और समय समय पर प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रखने के लिए प्रकृति के रंगों को चुनना होगा।



### कूल शर्ट्स

फैशन के रंग मौसम की रंगत के साथ बदलने लगते हैं और गर्मी का मौसम इसके लिहाज से सबसे मुफीद होता है। इन गर्मियों में नॉटिका के स्प्रिंग कलेक्शन से आप अपने वार्डरोब को कूल और ट्रेंडी बना सकते हैं। वॉटर, पीपल और आर्किटेक्चर के स्पिरिट से इंस्पायर्ड ये शर्ट्स हर अकेजन के लिए फिट हैं। सिग्नेचर नेवी, सेल वाइट, नून ब्लू और यलो जैसे शेड्स वाली ये शर्ट्स आपको क्लीन लुक दे सकती हैं।

# कमिटमेंट मेरे प्यार का

किसी से प्यार करती हैं, तो शादी का इरादा भी रखती होंगी। अगर अपने प्रियतम के साथ आप सात जन्मों का कमिटमेंट चाहती हैं, तो इन बातों को फॉलों कर अपने रिश्तों में गहराई ला सकती हैं।

कोई आपको पहले से हो या आप किसी को प्रपोज करने की सोच रही हो। क्या आप उसे लेकर इतनी सीरियस हैं कि शादी के बारे में सोचें? हो सकता है कि आपको सवाल थोड़ा अजीब लगे, लेकिन एक बार इस पर भी विचार करके जरूर देखें। गौरतलब है कि आपके प्यार का रिश्ता एक तरह से आपकी सोसाइटी का आधार है। इसकी थीम है 'लव वन-अनदर' यानी एक-दूसरे की कमियों को एक्सेप्ट करके अपने पार्टनर को प्यार करना। बेशक 'हैपिली मैरिड' का कॉन्सेप्ट इसी थीम पर टिका है, जहां आप दूसरे को इस हद तक स्वीकार करें कि उसकी कमियों के साथ चलने में आपको कोई प्रॉब्लम न हो।

### कसौटी रिश्तों की

तमाम बदलावों के साथ रिश्तों की कसौटियां भी चेंज हुई हैं। जाहिर है कि मैरिज को भी हम इससे बचाकर नहीं चल सकते। तनाव, कमिटमेंट से घबराहट, कैरियर में आगे बढ़ने की चाह जैसे तमाम कारण हैं, जो लोगों को शादी में सेटल होने नहीं दे रहे हैं। यदि ऐसे में आप एक दूसरे की भावनाओं को समझ-बूझकर हर कदम को चलें। मनोवैज्ञानिक इसे आने वाले समय की बड़ी जरूरत बताते हैं और इसे प्रमोट करने की फेवर में हैं। आजकल की जेनरेशन अपने कैरियर और फाइनेंशियल प्लानिंग में इतनी बिजी है कि शादी के पॉजिटिव इंपैक्ट उसे नजर ही नहीं आते। हालांकि वैलंटाइंस डे और डेटिंग के लिए तमाम ऑप्शंस होने के बावजूद वे अकेलापन महसूस करते हैं। ऐसे में वर्तमान में वर्ल्ड मैरिज डे जैसे मौके उन्हें रिश्तों को नए सिरे से समझा सकते हैं। वैसे, इस तरह ग्लोबलाइजेशन के दौर में हमारी इंडियन 'फैमिली वैल्यूज' और 'हैपी मैरिड कपल्स' की परंपरा को भी वर्ल्ड फोरम में नई पहचान मिल सकेगी।

### पश्चिम का दिख रहा असर

भले ही रिलेशंस को लेकर खुले नजरिए और डिवोर्स केसेज के बढ़ते रेट्स को विदेश की देन माना जा रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है कि वहां सब कुछ खराब ही है। बल्कि वहां से भी कुछ बातों को सीखी ही जा सकती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट डॉ. निशा खन्ना कहती हैं, 'इस मुद्दे को कल्चरल इम्पैक्ट के तौर पर ना देखा जाए। दरअसल, सभी अपनी जरूरत के हिसाब से ही किसी चीज को अपनाते हैं। जब वहां शादियों में प्रॉब्लम्स आनी शुरू हुई और पार्टनर्स के बीच डिफरेंसेज बढ़ने लगे, तो भारत ने भी एक दिन जो फरवरी के दूसरे हफ्ते के रविवार को आता है को चुन लिया। हालांकि वहा किसी रिलेशनशिप एक्सपर्ट के पास जाना भी कोई टैबू नहीं है, लेकिन यहा किसी को ऐसी सलाह देने का मतलब है बुराई मोल लेना। बेशक अगर हम प्यार करने का तरीका वेस्ट से ले सकते हैं, तो रिलेशंस को ठीक रखने के लिए एक बार उनके तरीके पर नजर तो डाल ही सकते हैं। हालांकि यह किसी पहल की तैयारी नहीं है, बल्कि मुद्दा है एक प्यार भरे रिश्ते की मिठास व गर्माहट को बरकरार रखना। फिर देश या कल्चर कोई भी हो, यह बात सभी जगह कॉमन है कि बिना इमोशनल सैटिस्फैक्शन के जिंदगी कभी पूरी नहीं होती।

### रिश्ते फीलिंग से नहीं चलते

यह बात पूरी तरह सही है कि वैलेंटाइंस डे जैसे दिन हमें अपने इमोशंस को पहचानना व एक्सप्रेस करना सिखाते हैं। लेकिन रिश्ते में सिर्फ फीलिंग्स होना ही काफी नहीं है, बल्कि इसे निभाने के लिए आपके पास कमिटमेंट के साथ सही अप्रोच भी होनी चाहिए। इसी तरह ही हम रिलेशंस की मिठास व अहमियत को जान पाते हैं और ऐसे में समय-समय पर एक दूसरे के साथ कुछ पल बीताना तथा अपनी यादों को उत्सव के तौर पर जीना भी सही है। कॉल सेंटर एंप्लॉई रीना बतरा शादी को एक्सेप्टेंस फैक्टर से जोड़ती हैं। उनके मुताबिक, विवाह और हमारे रिश्ते इस बात का अहसास करवाने के लिए हैं कि आपको शादी प्यार के आगे की एक कड़ी है। उनका कहती हैं, 'मैं अपने पैरंट्स की लाइफ देखकर यही सोचती हूं कि क्या मुझे इतने एक्सेप्टिंग नेचर की लाइफ पार्टनर मिलेगा। ऐसे में मैं मानती हू कि रिलेशन में कमिटमेंट होना चाहिए।





## तोहफों का अपना महत्व

तोहफे किसको पसंद नहीं होते, ये आपके भाव को व्यक्त करने में सबसे अहम रोल निभाते हैं। इसमें आप अपने भरोसेमंद दोस्त की मदद भी ले सकती हैं। अगर आपके पार्टनर के पास प्रमोशन या न्यु प्रॉजेक्ट जैसी सेलिब्रेट करने की कोई वजह हो, तो उन्हें चॉकलेट्स, एक वाइन बॉटल, फूल या उनका कोई पसंदीदा गिफ्ट भेजकर सरप्राइज दे सकते हैं। यकीन मानिए, यह चीज वह कभी नहीं भूलेंगे। यदि आप दोनों की आदतें या खान-पान, एक जैसा होता है तो मजा आ जाता है, ऐसे में आपको बात करने के आपस में कनेक्टेड रहने के लिए एक जैसी हॉबीज डिवेलप करने से अच्छा बहाना कुछ नहीं हो सकता।



## क्या पहनाएं बच्चों को

यदि आप किसी शादी में जा रही हों तो अपने बच्चे पर शेरवानी ट्राई कर सकती हैं। ये आपके बच्चे को ट्रेडिशनल लुक तो देता ही है, साथ ही साथ बच्चा स्टाइलिश भी लगता है। इसके अलावा ब्राइट कलर वाली प्लेन शेरवानी भी पहनाई जा सकती है। साथ ही ड्रेस से मैच करते हुए नागरे या जूतियां पहनाएं। शेरवानी के साथ ही कोट पैंट भी एक बढ़िया ऑपशन है। फॉर्मल पैंट के साथ डिजाइनदार शर्ट पहनाएं। यदि ठंड का मौसम हो तो कढ़ाई वाला कोट भी पहनाया जा सकता है। और हां गले में बो पहनाना न भूलें, इससे आपके बच्चे का स्मार्ट लुक आता है। फूटवियर्स के तौर पर आप लेदर के शूज पहनाएं,और यदि आपका बच्चे के साथ किसी बर्थ-डे पार्टी में जा रही है तो बच्चे को डेनिम जींस के साथ शर्ट पहनाएं व लाइट वाले स्टाइलिश जूते पहनाएं। यदि आपके बच्चे का ही बर्थ-डे हो तो बच्चे को मल्टी पॉकेट पैंट्स के साथ ब्राइट कलर वाली टी-शर्ट पहनाएं।



## बच्चों को वक्त देना जरूरी

तो क्या बेस्ट मॉम बनने के लिए बच्चे को ज्यादा वक्त देना जरूरी है? डीयू के एक कॉलेज में कंप्यूटर साइंस की टीचर संगीता पाठक इसका जवाब 'हां' में देती हैं। हायर एजुकेशन ले रहे दो बच्चों की मां संगीता बताती हैं कि बेहतर टाइम मैनेजमेंट मां के लिए बड़ा चैलेंज है। ग्रेजुएशन खत्म होने से पहले ही मेरी शादी हो गई थी, इसलिए मां बनने के बाद पढ़ाई और फिर कैरियर को आगे बढ़ाना भी एक चैलेंज था। मैंने प्राइमरी टीचर बनकर काम शुरू किया। कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई भी साथ-साथ चलती रही। नन्हे बच्चे को धूप में बाहर लाना अच्छा नहीं लगता था, पर स्कूल से लौटते वक्त उसे क्रेच से घर लाना पड़ता था। बड़े होते बच्चों के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ीं। शाम को कभी बेटे को स्केटिंग या स्विमिंग क्लास ले जाना होता था, तो कभी बेटी को डांस क्लास। उनकी पढ़ाई और होमवर्क की जिम्मेदारी थी, सो अलग।

# हौंठ गुलाबी बनाएं चेहरे की चमक बढ़ाएं

# देसी घी



ज्यादातर लोग देसी घी का प्रयोग ज्यादा नहीं कर पाते हैं क्योंकि यह काफी महंगा पड़ता है। पर यदि आप इसके गुणों को जान लेंगे तो आप इसे यूज किए बगैर नहीं रह पाएंगे। जी हां, देसी घी न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि इससे बाल और त्वचा दोनों ही स्वस्थ और सुंदर बनते हैं। देसी घी के प्रयोग से त्वचा सुंदर और चमकदार बनती है। अब तो वैसे भी सर्दियां आ गई हैं, जिसकी वजह से त्वचा में रूखापन आ जाने की वजह से खुश्की हो जाती है। तो ऐसे में अगर आप शुद्ध घी चेहरे और होंठो पर लगाएंगे तो आपका चेहरा हमेशा मुलायम बना रहेगा। देसी घी को आप अपनी आंखों के नीचे के काले घेरों को खत्म करने के लिए भी लगा सकते हैं। रोजाना घी से केवल पांच मिनट मसाज कीजिए और कुछ ही दिनों में अपने आप ही फर्क देखिए।

**देसी घी के अन्य फायदे**

**ड्राई स्किन में नमी भरे :** ड्राई स्किन को बहुत ही अच्छी तरह से नम करता है क्योंकि यह त्वचा की कोशिकाओं तक जाता है। इसे लगाने के लिए पहले थोड़े से घी को हल्का गरम कर लें और फिर शरीर में पांच मिनट तक मसाज करें। उसके आधे घंटे के बाद स्नान कर लें।


**चेहरे का मॉइस्चराइजर:** देसी घी आपके नाजुक चेहरे के लिए भी काम करता है। अपने हाथों में घी और पानी की एक सीमित मात्रा ले कर मिलाएं और उससे अपने चेहरे की मसाज करें। फिर पंद्रह मिनट के बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें। देसी घी को हफ्ते में 2-3 बार जरूर लगाएं, इससे चेहरा एकदम सॉफ्ट हो जाएगा।

**चमकदार चेहरे के लिए:** अगर आपको अपनी स्किन अंदर व बाहर से चमकानी है तो देसी घी लगाने से बेहतर उपाय और कुछ नहीं होगा। यह आपके प्राकृतिक ग्लो को अंदर ही सील कर देता है और चेहरे में नमी भरता है। इसे लगाते ही आपकी त्वचा में जान आ जाएगी और उसमें चमक भर उठेगी। इसका गाढ़ा पेस्ट चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट के बाद इसे ठंडे पानी से धो लें।

**झुर्रियां मिटाए :** यह एक बेस्ट एंटी एजिंग प्रोडक्ट है। अगर इससे रोजाना चेहरे की मसाज की जाए तो चेहरे की कोशिकाएं स्वस्थ बनेगी और आपकी झुर्रियां मिटने लगेंगी और आप जंवा दिखेंगे।

**डार्क आई सर्कल मिटाए :** रात को सोने से पहले आंखों के नीचे देसी घी लगा लें और दूसरे दिन सुबह सादे पानी से आंखों को धो लें। ऐसा रोज करने से आपको फर्क दिखने लगेगा।थकान भरी आंखों में फ्रेशनेस ‑ डार्क सर्कल मिटाने के साथ-साथ यह आंखों की थकान को भी दूर करता है। यह आंखों के आस पास की त्वचा में जान भरता है और ब्लड सकरुलेशन तेज करता है जिससे आंखों को आराम मिलता है और थकान दूर हो जाती है।

# विटामिन ''बी-3' से रुकेगी बढ़ती उम्र



- 'बी-3' की खुराक से मधुमेह भी व्यक्ति को जल्दी नहीं घेर पाता
- अध्ययन में पाया कि प्राकृतिक ऑक्सीकरण रोधी क्षमता में वृद्धि हुई जिससे उम्र से जुड़ी समस्याओं में कमी देखी गई जिसमें इंसुलिन प्रतिरोध भी शामिल है
- यह भी पाया गया कि इससे इंसान का जीवन और अधिक लंबा हो सकेगा

**लंदन।** इंसानी फितरत है कि वह बूढ़ा नहीं दिखना चाहता और इसके लिए तमाम जतन करता है। लोगों के लिए यह खुशखबरी है कि यदि वे विटामिन ''बी-3' और उसकी उपलब्धता वाले तत्वों का सेवन करें तो आयु बढ़ने के कारण शरीर में आने वाले परिवर्तन देरी से दिख सकते हैं और मधुमेह जैसे आयु से संबंधित रोग भी व्यक्ति को जल्द अपने घेरे में नहीं ले पाते हैं।''स्पेनिश नेशनल कैंसर रिसर्च सेंटर' (सीएनआईओ), वालेंसिया विविद्यालय और मैड्रिड के ''आईएमडीईए फूड' के वैज्ञानिकों ने एक या कुछ ऑक्सीकरण रोधी एंजाइमों की बजाय कोशिकाओं की समूची ऑक्सीकरण रोधी क्षमता में वृद्धि करने का प्रयास किया। इसको पाने के लिए अनुसंधानकर्ताओं ने ''एनएडीपीएच' के स्तर में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया। यह एक सामान्य अणु है जो ऑक्सीकरण रोधी प्रक्रि याओं में अहम भूमिका निभाता है। इसके बाद जो परिणाम आए उसमें ये देखा गया कि जीव की प्राकृतिक ऑक्सीकरण रोधी क्षमता में वृद्धि हुई जिससे उम्र से जुड़ी समस्याओं में कमी देखी गई जिसमें इंसुलिन प्रतिरोध भी शामिल है। यह भी पाया गया कि इससे इंसान का जीवन और अधिक लंबा हो सकेगा। इस अध्ययन का प्रकाशन ''नेचर कम्युनिकेशन्स जुर्नल' में हुआ है।

# घुटने की चोट में कारगर गर्भनिरोधक



- 15-20 साल की 23,430 युवतियों पर अध्ययन में पाया गया कि जिन महिलाओं को 'एंटीरियर क्रूसिएट लिंगामेंट' में चोट की समस्या थी अगर वे गर्भनिरोधक गोलियां ले रही थीं, तो उन्हें सर्जरी करवाने की जरूरत कम पड़ी

**न्यूयॉर्क।** अभी तक गर्भनिरोधक गोलिया गर्भ को रोकने के काम ही आती थीं पर अब एक नए शोथ में पाया गया है कि गर्भनिरोधक गोलियां घुटने की चोट में भी कारगर साबित हुई है। जो महिलाएं गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन करती हैं, उनके एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर कम होता है और बरकरार रहता है। इससे उनके गंभीर किस्म के घुटने की चोट से पीड़ित होने की संभावना कम हो जाती है।15-20 साल की 23,430 युवतियों पर किए गए अध्ययन में यह पाया गया कि जिन महिलाओं को ''एंटीरियर क्रूसिएट लिंगामेंट' (एसीएल यानी घुटने के जोड़) में चोट की समस्या थी अगर वे गर्भनिरोधक गोलियां ले रही थीं, तो उन्हें सर्जरी करवाने की जरूरत कम पड़ी। प्रमुख शोधकर्ता एवं अमेरिका के गेलवेस्टन में स्थित ''यूनिर्वसटी ऑफ टेक्सास' की मेडिकल शाखा के ऐरॉन ग्रे ने कहा कि गर्भनिरोधक गोलियां एस्ट्रोजन का स्तर सतत कम रखती हैं जिससे समय-समय पर होने वाली एसीएल कमजोरी से बचाव होता है।जो महिलाएं गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन करती हैं, उनके एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर कम होता है और बरकरार रहता है। इससे उनके गंभीर किस्म के घुटने की चोट से पीड़ित होने की संभावना कम हो जाती है। एसीएल एक जोड़ है जो घुटने के ऊपरी और निचले हिस्से को जोड़ता है। इस जोड़ में चोट लगने से किसी एथलीट का करियर तबाह हो सकता है। साथ ही इससे जीवनभर के लिए घुटने में परेशानी आ सकती है और इलाज के लिए जटिल सर्जरी करानी पड़ सकती है।

# कैंसरयुक्त ट्यूमरों की पहचान करने में मददगार गोली

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने एक नई गोली विकसित की है जो ट्यूमर की पहचान कर स्तन कैंसर की जांच में सुधार कर सकता है। यह कैंसरयुक्त बन चुके और कम घातक वृद्धियों के बीच भेद करने में चिकित्सकों की मदद करेगा।मौजूदा स्तन कैंसर की जांच के तरीके को लेकर एक सवाल है कि वे अक्सर गांठ की पहचान करते हैं लेकिन निर्णायक तरीके से यह नहीं बताते हैं कि कौन सी गांठ कैंसरयुक्त है। मिशिगन विवि के सहायक प्रोफेसर ग्रेग थरबर ने कहा, ''जांच कुछ मरीजों में शुरुआत में ही बीमारी का पता लगा सकती है लेकिन गलत सकारात्मक रिपोर्ट मरीजों के अनावश्यक, आक्रामक इलाज की ओर ले जा सकती है, जिन्हें उनकी आवश्यकता नहीं है।' स्तन कैंसर महिलाओं में दूसरा सर्वाधिक आम कैंसर है। मैम्मोग्राम स्तन ऊतकों का एक्स-रे है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा-'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा-'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला-'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला-'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा-'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला-'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □


सीता-'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता-'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'


'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## काकुरो पहेली - 4058




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 4057 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4058



**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी ?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी ?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी ?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था ?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है ?-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका ?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म ?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम ?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०.'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली-4057

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | जू | बा | | जो | र | | दा | मि | नी |
| ल | | बा | जी | | क्ष | त्रि | य | | तू |
| बे | टा | | न | म | क | | रा | जा | |
| ला | | अं | त | | | रे | | लि | |
| | दा | दा | | नू | | जा | ने | म | न |
| मे | | ज | ह | री | ले | | हा | | र्गि |
| री | मा | | त्या | | कि | ला | | द | स |
| जं | | सू | | म | न | | म | र्द | |
| ग | द | र | | द | | आ | ह | | डॉ |
| | म | ज | बू | र | | | ल | गा | न |

## सूडोकु -4058


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु 4057 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 4058



**बाएँ से दाएँ**

1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**

1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी संेकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली 4057 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |

## नयी दिल्ली में 18 मई को होगा इंडियाज़ बेस्ट डांसर का ऑडिशन

**एजेंसी**

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन डांस रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 का ऑडिशन दिल्ली में 18 मई को होगा।



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न डांस रियलिटी शो, 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' अपने चौथे सीज़न के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। शो के निर्माता 18 मई को भारत की राजधानी दिल्ली में 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' की तलाश शुरू करेंगे। 18 मई 2024 को सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, नई दिल्ली में 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' के लिए ऑडिशन होगा।

## कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर फिर बोले- हर हिंदू दम्पत्ति करे 5-5 संतान

**जबलपुर।** प्रसिद्ध कथावाचक भागवताचार्य देवकीनंदन ठाकुर ने पूर्व की तरह एक बार फिर हिन्दुओं को पांच-पांच बच्चे पैदा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू तभी तक की सुरक्षित हैं, जब तक बहुसंख्यक हैं। यही वजह है कि मैंने पहले भी कहा था और आज फिर कह रहा हूं कि देश की हर हिंदू दंपत्ति को पांच-पांच बच्चे पैदा करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की तरह सनातन बोर्ड का भी गठन किया जाना चाहिए। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर गुरुवार को जबलपुर में 17 से 23 मई तक आयोजित होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा के संदर्भ में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से हिंदुओं की आबादी अन्य धर्म की तुलना में सात फीसदी घटी है। देश में अगर सनातन धर्म को बचाना है तो बहुसंख्यक समुदाय की संख्या को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि हर हिंदू दंपत्ति को कम से कम पांच बच्चे पैदा करना चाहिए। कथावाचक ठाकुर ने कहा कि परिवार नियोजन सिर्फ हमारे ऊपर ही क्यों लागू होती है। हम लोग हम दो-हमारे दो में संतोष करें और वे लोग चार-चार बच्चे पैदा करे। कायदे से यदि हिंदुओं को एक पत्नी रखने का अधिकार है तो सभी को इसी दायरे में लाना चाहिए। एक देश-एक संविधान का नियम सब पर लागू हो। एक बात याद रखना, यह देश जब तब भारत में हिंदू है तब तक ही हम सुरक्षित है, तब तक ही भाईचारा है, जब तक कि हम बहुसंख्यक हैं, जिस दिन हम बहुसंख्यक नहीं रहे, उस दिन क्या होगा ये समझ लें।

## थाना के हाजत में हिरासत में लिए गए जीजा और साली की मौत के बाद हंगामा

**अररिया।** अररिया के ताराबाड़ी थाना के हाजत में हिरासत में लिए गए जीजा और साली की मौत के बाद शुक्रवार को ग्रामीण उग्र हो गए। ताराबाड़ी थाना का घेराव कर आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की।थाना को आग के हवाले कर दिया गया है।सूचना के बाद सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह सहित कई थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन जारी रहा और पुलिसकर्मियों के ऊपर जमकर पथराव किया,जिसमे सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह समेत आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी पथराव में घायल हो गए हैं। दरअसल गुरुवार की रात गुरुवार रात ताराबाड़ी थाना के हिरासत में एक नाबालिग व उनके प्रेमी जीजा ने पुलिस कस्टडी में ही खुदकुशी कर ली। पुलिस के लापरवाही को मौत का जिम्मेवार मानते हुए आक्रोशित लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।आक्रोशित लोग पुलिस द्वारा पिटाई करने के कारण मौत होने की बात मान रहे हैं।फिलहाल पुलिस कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। सूचना मिलते ही क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग ताराबाड़ी थाना पहुंचकर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे हैं।

## मोतिहारी में साइकिल रैली निकाल मतदाताओं को किया गया जागरूक

**पूर्वी चंपारण।** जिले में आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से जिला के सभी मतदाताओं को 25 मई को अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। साइकिल रैली का शुभारंभ मोतिहारी समाहरणालय स्थित महात्मा गांधी उद्यान से किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साइकिल रैली मुख्य पथ से कचहरी चौक, बलुआ चौक, टाउन थाना, गांधी चौक, मीना बाजार, ज्ञान बाबू चौक, स्टेशन रोड होते हुए गांधी संग्रहालय के पास संपन्न हुई। रैली का आयोजन जिला साइक्लिंग संघ व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज नवाज,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा, संयुक्त सचिव अशोक मेहरा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, संरक्षक अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# श्रीनगर में मतदान का प्रतिशत बढ़ना अनुच्छेद 370 निरस्त करने की सफलता : अमित शाह

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत पहले के 14 प्रतिशत से बढ़कर अब लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। यह अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

दो दिवसीय दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री ने पत्रकारों के सामने कहा कि कश्मीर घाटी में पहले लोग चुनाव बहिष्कार के नारे लगाते थे, लेकिन इस साल चुनाव में चरमपंथी समूहों के सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चरमपंथी समूहों के सभी नेताओं ने मतदान किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे किसे वोट देते हैं। यह उनका अधिकार है, लेकिन कम से कम वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा थे। हर बार चुनाव बहिष्कार के नारे लगाने के बजाय इस बार चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए।



केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान एक डंडा भी नहीं चलाया गया। धांधली की कोई घटना नहीं हुई और मतदान धैर्यपूर्वक हुआ। किसी भी राजनीतिक दल की ओर से हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। इससे पता चलता है कि बदलाव दिख रहा है। अमित शाह ने यह भी बताया कि पहली बार 40 प्रतिशत से अधिक विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने चुनाव में मतदान किया। आज तक ये आंकड़ा कभी भी 3 फीसदी से ऊपर नहीं गया। इससे पता चलता है कि लोग अब खुद पर भरोसा रखते हैं और लोकतंत्र में विश्वास करते है। श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पहला आम चुनाव हुआ, जिसमें 37.99 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह कई दशकों में सबसे अधिक मतदान है। श्रीनगर में 1996 में 40.94 प्रतिशत, 1998 में 30.06 प्रतिशत, 1999 में 11.93 प्रतिशत, 2004 में 18.57 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत, 2014 में 25.86 प्रतिशत और 2019 में 14.43 प्रतिशत मतदान हुआ। दो दिवसीय दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री लोकसभा चुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने से शुक्रवार को किसी औपचारिक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता नहीं करेंगे। उन्होंने पहाड़ी, सिख और गुज्जर/बकरवाल समुदायों के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की और भाजपा नेताओं के साथ पार्टी मामलों पर विस्तृत चर्चा की।

## मुंबई दक्षिण मध्य और मुंबई दक्षिण सीटों पर मतदान सोमवार को

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई दक्षिण मध्य और मुंबई दक्षिण सीटों पर सोमवार को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मुंबई शहर कलेक्टर जिला चुनाव अधिकारी संजय यादव ने कहा कि 'मुंबई दक्षिण मध्य' और 'मुंबई दक्षिण' संसदीय सीटों के लिए सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा तथा इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



उन्होंने कहा कि दोनों लोकसभा क्षेत्रों में 2,520 मतदान केंद्र बनाये गये हैं , जहां 15,000 चुनाव अधिकारी और कर्मचारी तैनात किये गये हैं। मुंबई दक्षिण मध्य से 15 उम्मीदवार और मुंबई दक्षिण से 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। दोनों निवार्चन क्षेत्रों में कुल 24,90,238 मतदाता हैं, जिनमें 13,43,959 पुरुष मतदाता; 11,46,045 महिला मतदाता और 224 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

# राजस्थान उच्च न्यायालय ने ओडवाड़ा अतिक्रमण कार्रवाई पर लगाई रोक

**एजेंसी**

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने जालोर के ओडवाड़ा गांव में चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगा दी हैं। न्यायमूर्ति विनीत माथुर की एकलपीठ ने दो दर्जन से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को यह फैसला दिया। याचिकाओं में कहा गया कि उनके पास पट्टे है और वे पिछले 80 सालों से इन मकानों में रह रहे हैं। इस जगह के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार ने भी विकास का काम किया है और बिजली एवं पानी के कनेक्शन भी हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें अतिक्रमी नहीं माना जा सकता है।

न्यायालय ने सुनवाई के बाद अतिक्रमण हटाने के आदेश पर रोक



लगा दी। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के निर्णय 16 मार्च 2021 एवं अवमानना याचिका वर्ष 2022 पर पारित आदेश गत वर्ष 21 मार्च एवं अवमानना याचिका 2023 में पारित आदेश गत सात मई की पालना में ग्राम ओडवाड़ा की ओरण भूमि से गुरूवार को अतिक्रमण हटाये गये।

# जमुई में सड़क दुर्घटना में जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत, छह घायल

**एजेंसी**

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गयी तथा छह अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बसबुटिया गांव के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इस दुर्घटना में कार पर सवार जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गयी, वहीं छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को देवघर अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला को इलाज के लिये जमुई भेज दिया गया है।मृतकों की पहचान नागेन्द्र कुमार के पुत्र अभिनंदन (05) और नंदनी कुमारी (05) के रूप में की गयी है। मृतक महिला की



पहचान नहीं की जा सकी है। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के नवादा गांव निवासी नागेंद्र राम अपने दोनों जुड़वा बच्चे अभिनंदन और नंदनी कुमारी का मुंडन कराने के लिए आरा से देवघर बाबाधाम जा रहे तभी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी।शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

# बंगाल में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी, चुनाव बाद हिंसा से जुड़ा है मामला

**एजेंसी**

**कोलकाता।** सीबीआई ने शुक्रवार को बंगाल में टीएमसी के दो नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी साल 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले में की गई। सीबीआई ने बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के काठी इलाके में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी।

**समन के बावजूद पेश नहीं हुए आरोपी:** सीबीआई अफसरों की एक टीम ने काठी ब्लॉक नंबर 3 में टीएमसी नेता देबब्रत पांडा के घर छापेमारी की। साथ ही दूसरे ब्लॉक में टीएमसी नेता नंददुलाल मैती के घर पर भी कार्रवाई की। सीबीआई




अफसर ने बताया कि पांडा और नंददुलाल के बेटे का नाम 52 अन्य आरोपियों के साथ एफआईआर में है। हिंसा में भाजपा कार्यकर्ता जन्मेजय दुलाई की मौत हुई थी। सीबीआई अफसरों ने बताया कि आरोपियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ भी होगी। अधिकारियों के मुताबिक चुनाव बाद हिंसा मामले में 30 आरोपियों को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन कोई भी नहीं पहुंचा, जिसके बाद सीबीआई ने छापेमारी की कार्रवाई की।

**2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई थी हिंसा**

मई 2021 को पश्चिम बंगाल विधानसभा के नतीजे आने के साथ ही बंगाल में हिंसा की घटनाएं हुईं। खासकर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जगह जगह भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया। हिंसा के डर से कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घर भी छोड़ दिए थे। हिंसा के डर से राजनीतिक कार्यकर्ताओं के घर छोड़ने का मामला कलकत्ता हाईकोर्ट भी पहुंचा था।

## स्कूल परिसर में छात्र का शव मिलने पर गुस्साई भीड़ ने स्कूल में लगाई आग, पुलिस हिरासत में 3 लोग




**एजेंसी**

**पटना।** स्कूल परिसर में कथित तौर पर एक छात्र का शव मिलने के बाद गुस्साई भीड़ ने स्कूल में आग लगाई। वही, छात्र का शव मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक बच्चे का शव रात स्कूल के पास नाले से बरामद हुआ। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पटना के SP चंद्र प्रकाश का कहना है कि CCTV में हमने देखा कि बच्चा स्कूल में प्रवेश कर रहा था, लेकिन कहीं भी उसे स्कूल परिसर से बाहर निकलते हुए नहीं देखा गया। हम हत्या मानकर जांच कर रहे हैं क्योंकि शव को छुपाया गया और यह आपराधिक इरादे को दर्शाता है, हमने 3 लोगों को हिरासत में लिया है उनसे पूछताछ की जा रही है।

## आरक्षण व संविधान कोई नहीं बदल सकता, यह पत्थर की लकीर है : मेनका गांधी

**एजेंसी**

**सुलतानपुर।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सुलतानपुर से भाजपा के उम्मीदवार मेनका गांधी ने सदर विधानसभा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के सात-आठ दिन बचे हैं। प्रतिद्वंद्वी को मालूम है कि वह हार रहे हैं। इस दौरान विपक्षी झूठ व अफवाह फैलाने का काम करेंगे। ऐसे झूठों को बेनकाब करने के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें। उन्होंने कहा कि आरक्षण व संविधान कोई नहीं बदल सकता। यह पत्थर की लकीर है। प्रधानमंत्री खुद ओबीसी हैं। क्या कोई अपने लोगों के लिए आरक्षण बदलेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी हार के डर से झूठ, भ्रम और अफवाह फैला रहे हैं। इसका कार्यकर्ताओं को डटकर मुकाबला करना होगा और मुंहतोड़ जवाब देना होगा। श्रीमती गांधी ने अपने तमाम विकास कार्यों को बताते हुए सभाओं में इलेक्शन के दो महीने बाद गरीबों को एक लाख घर देने की गारंटी दी। उन्होंने कहा कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से सीधा संपर्क व संवाद करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हम सुलतानपुर का भविष्य बदलने आए हैं। विकसित सुलतानपुर बनाएंगे। यह मेरा परिवार है। हम अपने परिवार को सजाना,संवारना व खुशहाल देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा 2024 का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है।

# केशव मौर्य ने किया विपक्ष पर प्रहार, कहा- राहुल गांधी रायबरेली में भारी अंतर से हार रहे हैं

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव की आज रायबरेली में होने वाली जनसभा पर कहा, राहुल गांधी के लिए प्रचार करने के लिए कोई भी आ जाए लेकिन राहुल गांधी चुनाव हार रहे हैं और भारी अंतर से हार रहे हैं। वहां कमल खिलेगा।

वहीं केशव प्रसाद मौर्य ने आप नेत्री स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले पर कहा, 'पुलिस मामला दर्ज कर चुकी है, उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए। इस घटना के दोषी सिर्फ अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल भी हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए कि कैसे वे अपराध करने वाले व्यक्ति को अपने साथ लेकर घूम रहे हैं, कैसे शुचिता की बात



करके गैरकानूनी कृत्य कर रहे हैं...।'

इससे पहले ब्रजेश पाठक कांग्रेस की जनसभा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस जनसभा का कोई मतलब नहीं निकलेगा, INDI गठबंधन ज़ीरो सीट पाएगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के 4 चरण संपन्न हो चुके हैं, अभी तीन चरणों पर मतदान होना बाकी है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और अमेठी लोकसभा के वरिष्ठ कांग्रेस पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा कि देश में जिस तरह का माहौल व लोगों में आक्रोश भरी खामोशी दिख रही है उससे यह निश्चित हो गया है कि 'इंडिया' गठबंधन जीतेगा और देश में सरकार बनाएगा।

अमेठी ब्लॉक के गांव गंगोली में जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि भाजपा के नापाक मंसूबों से देश का लोकतंत्र व संविधान खतरे में है, जिसको देश वासियों ने भांप लिया है और वे बदलाव के मूड में हैं।

# जनघोष बन गया है अबकी बार 400 पार का नारा: योगी

**एजेंसी**

**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में अब तक चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं जबकि तीन चरण बाकी हैं। इसके बावजूद पूरे देश की जनता जनार्दन 4 जून के परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है। वह जानते हैं कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी। यही वजह है कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाराबंकी के जैदपुर मार्ग पर बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। यह पूरे देश में कांग्रेस और इंडी



गठबंधन के विभाजनकारी तुष्टीकरण और अराजकता की नीतियों के खिलाफ देश की आम जनमानस की उद्घोषणा का शंखनाद है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने बाराबंकी की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पक्ष में वोट की अपील की। साथ ही, उन्होंने अवध प्रांत के देवाधिदेव महादेव की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना की विजय का अबकी बार 400 पार का नारा एक नया उद्घोष भी है। उन्होंने महादेवा और सिद्धेश्वर महादेव की धरती पर भारत की सांस्कृतिक नवजागरण के पुरोधा, एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पी, दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बाराबंकी की जनता की ओर से हृदय से स्वागत किया। योगी ने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों को देखते हुए देश के आमजन ने एक बार फिर मोदी सरकार के विजय श्री के साथ खुद को जोड़ा है। ऐसे में हमें बाराबंकी और मोहनलालगंज समेत उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देना है।

# केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को राष्ट्रीय महिला आयोग ने फिर जारी किया नोटिस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने आम आदमी पार्टी की नेता और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को एक बार फिर नोटिस जारी कर शनिवार को पेश होने को कहा है। अगर वे कल भी पेश नहीं होते तो आयोग के सदस्य उसके घर जाकर उनसे सवाल जवाब करेंगे। शुक्रवार को उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के दफ्तर पेश होना था लेकिन वे पेश नहीं हुए। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा, 'जब हमने सोशल मीडिया पर यह देखा तो हमने स्वतः



संज्ञान लिया। मैंने स्वाति मालीवाल से शिकायत दर्ज करने का अनुरोध किया। मुझे लगता है वह सदमे में थी क्योंकि कोई भी उम्मीद नहीं कर सकता था कि उन्हें अपने नेता के आवास पर इस तरह से पीटा जाएगा। वह एक सांसद हैं जो हमेशा महिलाओं के मुद्दों को उठाती रही हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ हूं, और आप बाहर आएं और शिकायत करें काफी देर तक सोचने के बाद उसने शिकायत दर्ज कराई।'

रेखा शर्मा ने कहा कि हमने विभव को नोटिस भेजा है, लेकिन उनकी पत्नी ने इसे स्वीकार नहीं किया, इसलिए हमने वह नोटिस उनके दरवाजे पर चिपका दिया। अगर वह कल तक नहीं आए तो फिर हम उनके आवास पर जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारी टीम उनसे मिले। मुझे उम्मीद है कि वह कल आएंगे।

उन्होंने कहा कि इस घटना पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी बता रही है कि वे कह रहे हैं कि उन्हें किसी चीज की परवाह नहीं है। सोचिए यह एक संकेत है कि वह बिभव को अपने साथ ले जा रहे हैं। वह किसी महिला का पक्ष नहीं ले रहे हैं बल्कि अपराधी का पक्ष ले रहे हैं। अगर यह सब मुख्यमंत्री की जानकारी में था तो यह एक बड़ा सवाल है कि क्यों नहीं कोई एक्शन लिया गया?

# भारत-मंगोलिया की बैठक में द्विपक्षीय रक्षा संबंध मजबूत करने पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालयों के बीच 12वीं संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) बैठक 16-17 मई को उलानबटार में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव ब्रिगेडियर जनरल गंखुयाग दावगदोरज ने की। बैठक में मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे भी शामिल हुए। जेडब्ल्यूजी की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों पर प्रगति की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने



वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त सचिव ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता और योग्यता पर प्रकाश डाला और मंगोलिया के सशस्त्र बलों के साथ एक उपयोगी साझेदारी की आशा व्यक्त की। मंगोलियाई पक्ष ने भारतीय उद्योग की क्षमता और योग्यता पर विश्वास व्यक्त किया। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को भी स्वीकार किया। संयुक्त सचिव और भारतीय राजदूत ने मंगोलिया के उप रक्षा मंत्री बी बयारमग्नई से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उलानबटार में एक प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का दौरा किया और चल रहे जुड़ाव की समीक्षा की। भारत के मंगोलिया के साथ सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं। दोनों देश एक-दूसरे को 'आध्यात्मिक पड़ोसी' मानते हैं।



# लॉ

## सिर्फ वकालत ही नहीं करियर के लिए और भी हैं अवसर

बारहवीं पास करने के बाद छात्रों के सामने लॉ में भी करियर बनाने का विकल्प होता है। कानूनी पेशा युवाओं के बीच बीते कुछ वर्षों में काफी लोकप्रिय हुआ है। चुनौतियों से भरा होने के बावजूद यह पेशा करियर की दृष्टि से एक आकर्षक विकल्प है। कानून से जुड़ी पेचिदगियों और विस्तृत होते समाज के बीच वकीलों की भूमिका बेहद अहम हो गई है। उनका महत्व तब और भी बढ़ जाता है, जब समाज में तेजी से कानूनी प्रक्रियाओं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता आ रही हो। लगभग हर दिन कोई न कोई नया आविष्कार या तकनीकी विकास होता है, इस कारण समय-समय पर सरकार को नए कानून बनाने या पूर्व प्रचलित कानूनों में संशोधन करने की जरूरत पड़ती है। परिणामस्वरूप नए कानूनों की जद में आने वालों के लिए पेशेवर कानूनी सलाह लेना जरूरी हो जाता है। इस वजह से भी वकीलों यानी लॉयर की मांग में कई गुना वृद्धि हुई है।

### कौन हैं लॉयर

प्रतिष्ठित शब्दकोशों के मुताबिक लॉयर वह व्यक्ति है, जो कानूनी दांवपेचों को जानने और समझने में कुशल हो। एक अन्य परिभाषा पर गौर करें, तो लॉयर किसी सरकार या उसकी एजेंसी द्वारा अधिकृत वह व्यक्ति होता है, जो लॉ की प्रैक्टिस करने के अलावा अपने क्लाइंटों को कानूनी मुद्दों पर सलाह देने का कार्य करता है। किसी आम व्यक्ति की दृष्टि से देखें, तो लॉयर वह व्यक्ति है, जो किसी व्यवस्था (खासकर वैधानिक) की खामियों को तलाशने में दक्ष होता है।

### लॉयर का काम

कानून के ये पेशेवर अपने क्लाइंट के लिए वकील और सलाहकार (एडवाइजर) की भूमिका निभाते हैं। दीवानी (सिविल) या फौजदारी (क्रिमिनल) मामलों में ये वादी (कम्प्लेनेंट) या प्रतिवादी (डिफेंडेंट) का संबंधित अदालतों में पक्ष रखते हैं। वह अदालत में अपने क्लाइंट की ओर से मुकदमा दायर करते हैं और उसके पक्ष को लेकर बहस भी करते हैं। वह किसी मामले विशेष के लिए कानूनी स्थितियों को स्पष्ट भी करते हैं। एडवाइजर या सॉलिसिटर के रूप में वह अपने क्लाइंट को परामर्श देते हैं कि उनके (क्लाइंट के) मामले से संबंधित तथ्यों पर कौन-सा कानून किस तरह लागू होगा। अदालत में मामला पहुंचने पर सॉलिसिटर संबंधित मामले की पैरवी करने वाले वकील को जरूरी सलाह भी देते हैं।

### कैसे बनें वकील

लॉ की पढ़ाई के बाद शुरुआती दौर में किसी वकील के साथ जूनियर असिस्टेंट के रूप में काम करना होता है। इस दौरान फाइलिंग, रिसर्च, अदालतों से तारीख लेना, नियोक्ता वकील के साथ अदालत की कार्यवाही में हिस्सा लेना और केस ड्राफ्ट करना (मुकदमे के कागजात तैयार करना) आदि काम करने पड़ते है। वकालत से जुड़े इन बुनियादी चीजों को समझने के बाद स्वतंत्र रूप से वकील के रूप में काम शुरू किया जा सकता है।

### कैसे बनें सॉलिसिटर

इसके लिए आर्टिकलशिप या पढ़ाई के दौरान किसी सॉलिसिटर फर्म में जूनियर के रूप में काम किया जा सकता है। यहां भी जूनियर को वकालती पेशे से जुड़े रोजमर्रा के काम (मसलन केस को पढ़ना, सूट फाइल करना और नोटिस तैयार करना आदि) करने होते हैं। इस दौरान जूनियर को अपने वरिष्ठों के मार्गदर्शन में तरह-तरह के कानूनों (लेबर, टैक्सेशन और इंडस्ट्रियल लॉ आदि) से संबंधित मामलों को समझने का मौका मिलता है। कुछ वर्षों के अनुभव के बाद जूनियर अपने वरिष्ठों के समान ही दक्ष हो जाते हैं। इसके बाद वह किसी भी सॉलिसिटर फर्म में सॉलिसिटर बन सकते हैं। मौजूदा वक्त में लॉ ग्रेजुएट के लिए भरपूर संभावनाएं हैं। वह एडवोकेट के रूप में किसी न्यायालय में प्रैक्टिस करने के अलावा किसी कॉर्पोरेट फर्म के लिए भी काम कर सकते हैं। इसी तरह राज्यों के लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली न्यायिक सेवा परीक्षा को पास करके जज भी बना सकता है। वकालत का लंबा अनुभव होने पर सॉलिसिटर जनरल या पब्लिक प्रोसिक्यूटर बनने का भी अवसर होता है। इसी अनुभव की बदौलत सरकारी विभागों और मंत्रलयों में भी काम हासिल करना संभव होता है। इतना ही नहीं लॉयर बनकर किसी फर्म या ऑर्गनाइजेशन में लीगल एडवाइजर या लीगल काउंसिल के रूप में भी काम किया जा सकता है। इसके अलावा उनके पास टैक्स, एक्साइज, पेटेंट, लेबर और इंवायरन्मेंटल लॉ आदि से संबंधित लीगल कंसल्टेंसी फर्मों में काम करने का भी विकल्प होता है। वह विभिन्न ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के रूप में और प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठनों में लीगल रिपोर्टर के रूप में भी काम कर सकते हैं। लॉ पेशेवरों के पास लॉयर बनने के इतर भी करियर के लिहाज से कई विकल्प होते हैं। वह लॉ कॉलेजों और स्कूलों में लेक्चरर या असिस्टेंट प्रोफसर बनकर अध्यापन कर सकते हैं। इतना ही नहीं वह राजनीति में भी उतर सकते हैं, क्योंकि काम के सिलसिले में उनका काफी लोगों से संपर्क रहता है।

### योग्यता

छात्र अपनी सुविधा के अनुसार लॉ के तीन वर्षीय या पांच वर्षीय बैचलर डिग्री पाठ्यक्रम में से किसी एक को अध्ययन के लिए चुन सकते हैं। तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश ग्रेजुएशन के बाद मिलता है, जबकि पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिला बारहवीं के बाद होता है। देश के जिन विश्वविद्यालयों में लॉ का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम उपलब्ध है, वहां संबंधित संस्थान द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के जरिए दाखिले होते हैं। पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की दाखिला प्रक्रिया को देखें, तो देश की 14 नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी इसके लिए क्लैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) नाम से प्रवेश परीक्षा का आयोजन करती हैं। इस परीक्षा में 50 फीसदी अंकों के साथ बारहवीं पास हुए छात्र आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा में इंग्लिश, जनरल नॉलेज, मैथमेटिकल एबिलिटी, लीगल एप्टिटयूड और लॉजिकल रीजनिंग से प्रश्न पूछे जाते हैं। देश के कई अन्य विश्वविद्यालयों में भी लॉ में पांच वर्षीय पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। दाखिले के लिए ये सभी संस्थान अपने स्तर पर प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करते हैं।

लॉ में बैचलर डिग्री पाने के बाद एलएलएम और पीएचडी भी किया जा सकता है। इससे शिक्षण के क्षेत्र में जाने में मदद मिलेगी। अगर आप किसी किसी कानून विशेष में स्पेशलाइजेशन करना चाहते हैं, तो पीजी डिग्री और पीजी डिप्लोमा स्तर पर स्पेशलाइजेशन के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं।

### पाठ्यक्रमों का नियमन

देश में एलएलबी पाठ्यक्रमों का नियमन बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) करता है। इसके अलावा देश में वकालत के लिए जरूरी दिशा-निर्देशों और नियमों को तय करने का कार्य भी बीसीआई करता है।

### जरूरी गुण

- बेहतर संवाद कौशल
- अच्छी याददाश्त
- त्वरित प्रतिक्रिया देने का सामर्थ्य
- तार्किकता और चीजों का विश्लेषण करने में दक्षता
- ध्यान से बातों को सुनने का धैर्य
- दायरों को पार जाकर सोचने का हुनर
- कानूनी पहलुओं की बेहतर जानकारी
- समर्पण के साथ कड़ी मेहनत करने का जज्बा

### उपलब्ध पाठ्यक्रम

- एलएलबी, अवधि - तीन वर्ष
- बीए एलएलबी (ऑनर्स), अवधि - पांच वर्ष
- बीएससी एलएलबी (ऑनर्स), अवधि - पांच वर्ष
- बीकॉम एलएलबी (ऑनर्स), अवधि - पांच वर्ष
- एलएलएम पीएचडी

### संबंधित संस्थान

- नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु
- गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी
- सिंबायोसिस सोसायटीज लॉ कॉलेज, पुणे
- नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर
- नल्सर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद
- नेशनल लॉ इंस्टीटयूट यूनिवर्सिटी, भोपाल
- फैकल्टी ऑफ लॉ, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी
- नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिडिकल साइंसेज, कोलकाता
- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी
- गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्ली



## होम साइंस में भी संभव है बेहतर करियर और रोजगार की तलाश

दसवीं या बारहवीं पास करने वाले छात्रों के लिए साइंस, कॉमर्स और ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम के बाद होम साइंस के रूप में एक और विकल्प होता है। करियर के लिहाज से यह विकल्प छात्रों और अभिभावकों के बीच बहुत ज्यादा चर्चित नहीं है। इसकी वजह कुछ गलत धारणाएं हैं, जो होम साइंस स्ट्रीम में मौजूद अवसरों की जानकारी न होने से छात्रों और अभिभावकों में बनी हैं। आज के कॉलम में पढ़िए होम साइंस स्ट्रीम और उससे जुड़े तरक्की के आयामों के बारे में।

### क्या है होम साइंस स्ट्रीम

यह एक ऐसी स्ट्रीम है, जिसे भ्रांतिवश सही संदर्भो में न समझकर सिर्फ लड़कियों के लिए मान लिया जाता है। काफी अभिभावक लड़कियों की शिक्षा को जरूरी मानते हैं, लेकिन वह इससे भी ज्यादा अहमियत इस बात को देते हैं कि लड़कियां घर और उसके कामकाज को संभालन में ज्यादा कुशल हों। होम साइंस की पढ़ाई में होम मैनेजमेंट के प्रशिक्षण के अलावा कई तरह के रोजगारों में उपयोगी कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इसलिए यह कहना ठीक नहीं है कि यह स्ट्रीम सिर्फ लड़कियों के लिए ही उपयोगी है। इस स्ट्रीम के तहत मिलने वाले प्रशिक्षण का लाभ लड़के भी रोजगार कुशलता (इंप्लॉयबिलिटी स्किल) बढ़ाने में कर सकते हैं। बदलती सामाजिक परिस्थितियों में घर और पारिवारिक जीवन के कल्याण और उनकी देखरेख के लिए आधुनिक ढंग और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त होम मैनेजमेंट जरूरी है। इस जरूरत को पूरा करने की शिक्षा और उपयोगी प्रशिक्षण देने का कार्य होम साइंस करता है। यह 'बेहतर जीवनशैली' पर केंद्रित शिक्षा है और इसकी अवधारणा का मूल बिंदु पारिवारिक पारिस्थितिकी (इकोसिस्टम) का निर्माण है।

### होम साइंस का विषय क्षेत्र

इस स्ट्रीम के पाठ्यक्रम में साइंस और ह्यूमेनिटीज के विषय भी शामिल होते हैं। इस कारण इस स्ट्रीम का अध्ययन क्षेत्र काफी व्यापक होता है। इसमें केमिस्ट्री, फिजिक्स, फिजियोलॉजी, बायोलॉजी, हाइजिन, इकोनॉमिक्स, रूरल डेवलपमेंट, चाइल्ड डेवलपमेंट, सोशियोलॉजी एंड फैमिली रिलेशन्स, कम्यूनिटी लिविंग, आर्ट, फूड, न्यूट्रिशन, क्लोथिंग, टेक्सटाइल्स और होम मैनेजमेंट आदि विषय शामिल होते हैं।

### 10वीं के बाद है उपलब्ध

विषय के रूप में होम साइंस सीबीएसई और ज्यादातर राज्य बोर्डो में 11वीं और 12वीं कक्षा के स्तर पर उपलब्ध है। कॉलेज के स्तर पर इस विषय की उपलब्धता को देखें, तो यह देश के काफी विश्वविद्यालयों में तीन वर्षीय बैचलर डिग्री पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाया जा रहा है। इस विषय के साथ बीए या बीएससी डिग्री हासिल की जा सकती है। होम साइंस में ग्रेजुशन के बाद इस विषय में मास्टर डिग्री की पढ़ाई करने के अलावा फैशन डिजाइनिंग, डाइटटिक्स, काउंसलिंग, सोशल वर्क, डेवलपमेंट स्टडीज, इंटरप्रिन्योरशिप, मास कम्यूनिकेशन और कैटरिंग टेक्नोलॉजी आदि विषयों में भी पोस्ट ग्रेजुएशन किया जा सकता है। इस विषय के छात्रों के पास बीएड करने का भी विकल्प रहता है।

### होम साइंस के प्रमुख क्षेत्र

- फूड एंड न्यूट्रिशन
- रिसोर्स मैनेजमेंट
- ह्यूमन डेवलपमेंट
- फैब्रिक एंड अपेरल साइंस
- कम्यूनिकेशन एंड एक्सटेंशन

इन क्षेत्रों के अलावा कुछ अन्य विषय भी होम साइंस के पाठ्यक्रमों में शामिल होते हैं। इनमें से कुछ इस प्रकार हैं- इंटरप्रिन्योरशिप, फैमिली लाइफ एजुकेशन, चाइल्ड डेवलपमेंट, टेक्सटाइल डिजाइनिंग, होम इकोनॉमिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, फूड प्रिजर्वेशन और फैशन डिजाइनिंग।

### उपलब्ध पाठ्यक्रम

डिप्लोमा इन होम साइंस 'बीएससी (होम साइंस) 'बीएससी (ऑनर्स) होम साइंस
बीएचएससी 'बीएससी (ऑनर्स)फूड एंड न्यूट्रिशन 'बीएससी (ऑनर्स) ह्यूमन डेवलपमेंट
एमएससी (होम साइंस) 'पीएचडी

### जरूरी गुण

विश्लेषणात्मक सोच 'प्रायोगिक और तार्किक दृष्टिकोण 'वैज्ञानिक सूझबूझ 'चीजों को व्यवस्थित करने का हुनर - सौंदर्यबोध और रचनाशीलता
प्रभावी संवाद कौशल
विवेक के साथ घरेलू जुड़े कार्यों को करने में रुझान हो
संतुलित नजरिया

### रोजगार के मौके

- टेक्सटाइल के क्षेत्र में मर्चेंडाइजर या डिजाइनर
- हॉस्पिटल और खाद्य क्षेत्र में न्यूट्रिशनिस्ट या डाइटिशियन
- टूरिस्ट रिजॉर्ट, रेस्टोरेंट और होटल में हाउस कीपिंग कार्य की देखरेख
- शैक्षणिक या कामकाजी संस्थानों में कैंटरिंग सुविधा देने का कार्य
- खाद्य उत्पादों के निर्माण और विकास कार्यों का पर्यवेक्षण
- रिसोर्स मैनेजमेंट
- फैमिली काउंसलर
- सोशल वर्क और ह्यूमन डेवलपमेंट
- अनुसंधान और शिक्षण कार्य
- टेक्सटाइल, फूड, बेकिंग और कंफेक्शनरी के क्षेत्र में स्वरोजगार

### संबंधित संस्थान

- दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- यूनिवर्सिटी ऑफ बॉम्बे, मुंबई
- आचार्य एनजी रंगा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, हैदराबाद
- इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीटयूट, इलाहाबाद
- चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, कानपुर
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलकटा, कोलकाता
- राजस्थान एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, बीकानेर
- राजेंद्र एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पूसा
- नरेंद्र देव यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, फैजाबाद
- गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंतनगर
- महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, उदयपुर
- सीएसके हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पालमपुर



## रैगिंग से घबराएं नहीं हिम्मत से करें मुकाबला

**कॉलेज लाइफ का हिस्सा बनने से जुड़ी अनुभूति बेहद खास होती है। इस अहसास को शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल है। हर छात्र में कॉलेज के पहले दिन को लेकर एक उत्साह होता है। लेकिन इसके साथ ही छात्रों के मन में रैगिंग से जुड़ा एक डर भी होता है। इसकी वजह रैगिंग से जुड़ी वे घृणित और अमानवीय घटनाएं होती हैं, जिनकी सूचना उन्हें अखबारों, समाचार चैनलों या अपने दोस्तों से मिली होती है।**

रैगिंग को आमतौर पर पुराने छात्रों द्वारा कॉलेज लाइफ में नए छात्रों के स्वागत का दोस्ताना तरीका माना जाता है। एक रूप में इसे नए छात्रों और पुराने छात्रों के बीच की दूरियों को पाटने का प्रयास भी माना जाता है, जो नए छात्रों को अपने वरिष्ठों (सीनियर्स) के साथ घुलने-मिलने और संवाद कायम करने का मौका देता है। हालांकि बीते कुछ वर्षों में सामने आए कई मामलों ने इसे मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के माध्यम के रूप में कुख्यात कर दिया है।

### कॉलेज के पहले दिन

अच्छे मिजाज और खुले दिमाग के साथ कॉलेज में पहले दिन की शुरुआत करें। अगर वरिष्ठ आपसे कोई मजाकिया या दिमागी सवाल पूछें, आपको कोई सामूहिक काम सौंपें, नाचने या गाने को कहें, तो उनकी बातों को सहजता से मान लें। इनमें से कई चीजें आपके लिए सामाजिक रूप से चुनौतीपूर्ण होंगी, लेकिन इनसे आपको अपने कंफर्ट जोन से बाहर कदम बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह आपके लिए एक अनुभव जैसा होगा, जो आपको सिखाएगा कि नई तरह की चुनौतियों के दबाव से कैसे निपटा जाता है। कुछ वरिष्ठ आपको ऐसे भी मिल सकते हैं, जो आपके सामने अपनी वरिष्ठता जताने की कोशिश करेंगे, ऐसी स्थिति का सहज रहते हुए अपने विवेक के सहारे सामना करें। इस दौरान अगर आपको महसूस हो कि वह (वरिष्ठ छात्र) मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं, तो तत्काल वहां से हट जाएं। एक बात हमेशा ध्यान में रखिए कि किसी कार्य को करने के लिए कोई भी आपको मजबूर नहीं कर सकता है। इसी तरह किसी की बात पसंद न आने पर आपको उस जगह से जाने से भी कोई नहीं रोक सकता है। अगर कोई आपकी इच्छा के विरुद्ध आपको जबरदस्ती कुछ करने के लिए मजबूर करता है, तो चुप मत रहिए, तत्काल अपने कॉलेज प्रशासन को अपने साथ हुए व्यवहार की शिकायत कीजिए। हर कॉलेज के परिसर में एक एंटी-रैगिंग स्क्वाड होता है, जो गलत ढंग से छात्रों के साथ की जाने वाली रैगिंग पर नजर रखने और दोषियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार होता है। ऐसी स्थिति में आप कॉलेज प्रशासन द्वारा स्थापित किए गए हेल्पलाइन नंबरों पर भी मदद के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### रैगिंग से बचने के कुछ तरीके

अगर कोई आपके साथ मारपीट करता है, तो खुद मारपीट में उलझने की बजाए इस स्थिति से खुद को बचाने के लिए वहां से भागने की कोशिश करें। फिर कॉलेज के शिक्षकों या प्रशासनिक अधिकारियों को घटना के बारे में सूचित करके मदद मांगें।

सभी के साथ सहज व्यवहार करें और खुद को कहीं से भी डरा हुआ या अजनबी महसूस न होने दें। इसी के साथ यह भी जरूरी है कि आप खुद को अति आत्मविश्वासी और ज्यादा तेज भी न दिखाएं।

कॉलेज में किसी परिचित (दोस्त, रिश्तेदार या कोई करीबी व्यक्ति) को तलाशने की कोशिश करें, जो कॉलेज के माहौल में ढलने में आपकी मदद कर सके।

लोगों और अपने सहपाठियों के साथ बात करने में सावधानी बरतें। कोई ऐसी बात न करें, जो तार्किक रूप से गलत हो मसलन किसी शहर, धर्म या जाति आदि से संबंधित लोगों को तुच्छ बताना। इसी तरह बातचीत के क्रम में शब्दों के इस्तेमाल पर भी खास ध्यान दें, क्योंकि बिना किसी दुर्भावना के कही गई सामान्य से सामान्य बात को भी लोगों द्वारा तोड़-मरोड़कर गलत अर्थों में पेश किया जा सकता है। अगर कभी गलती से आप ऐसी किसी स्थिति में फंस जाएं, तो लोगों के बीच आपसी संवाद को बढ़कर स्थिति को सामान्य करने की कोशिश करें।

दाखिला लेने से पहले कॉलेज के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानने की कोशिश करें। अगर उसमें रैगिंग से जुड़े मामलों की ज्यादा संख्या के बारे में पता चले, तो किसी और कॉलेज में प्रवेश लेने के विकल्प के बारे में भी सोचें।

### रैगिंग होने पर क्या करें

अपने अभिभावकों को सूचित करें। यह मत सोचें कि जो हुआ वह चलता रहता है और उसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

कॉलेज में शिकायत करें।

अपने दोस्तों को अपने साथ हुई घटना के बारे में बताएं।



## फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप क्वालीफायर 2024: जाम्बिया ने युगांडा को बाहर किया

एजेंसी
**कंपाला।** फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप क्वालीफायर 2024 के तीसरे दौर के दूसरे चरण में जाम्बिया पर 1-0 से मिली जीत बावजूद युगांडा 2-1 के कुल स्कोर से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

जाम्बिया ने पिछले नेशनल हीरोज स्टेडियम में रूथ मुकोमा और नमुते चिलेशे के गोलों की बदौलत क्वालीफायर के तीसरे दौर के पहले चरण में 2-0 से जीत दर्ज की थी। युगांडा को आगे बढ़ने के लिए इस मैच को 3 गोलों के अंतर से जीतना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सेंट मैरीज़ स्टेडियम, किटेन्डे में खेले गए मैच में पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, मेजबान युगांडा ने दूसरे हाफ में दबाव बनाया और 73वें मिनट में सिल्विया काबेने ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। युगांडा की युवा महिला टीम ने इसके बाद गोल करने के और प्रयास किये, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और टीम क्वालीफायर से बाहर हो गई।

मैच के बाद जाम्बिया के कोच कैरोल कान्येम्बा ने मेजबान टीम के दबाव को झेलकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की।

कान्येम्बा ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, मुझे खुशी है कि हमने चौथे दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया है और हमें कड़ी मेहनत करते रहने की जरूरत है क्योंकि हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए भूखे हैं।

## शॉफेल के 62 के स्कोर से थीगाला दूसरे स्थान पर मैक्लेरॉय 5वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** साहित थेगाला ने बर्डी की हैट्रिक के साथ 106वीं पीजीए चैंपियनशिप के पहले दौर के अंत में खुद को संयुक्त दूसरे स्थान पर रखा। साहिथ थीगाला ने बर्डी की हैट्रिक के साथ 106वीं पीजीए चैंपियनशिप के पहले दौर के अंत में खुद को संयुक्त दूसरे स्थान पर रखा। भारतीय-अमेरिकी, जो पीजीए टूर पर अपने कुछ अच्छे सप्ताहों को दूसरी जीत में बदलने में सक्षम हुए बिना अच्छा खेल रहा है, ने 6-अंडर 65 का स्कोर किया, लेकिन अभी भी भगोड़े नेता, जेंडर शॉफेल के बोगी फ्री 62 से तीन पीछे है, जो था पीजीए चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे निचला दौर। 30 वर्षीय शॉफ़ेले, जिन्हें एक शानदार सप्ताह के बावजूद वेल्स फ़ार्गो के अंतिम दौर में रोरी मैकलरॉय ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, ने उन परिस्थितियों का अच्छा उपयोग किया, जिससे वल्लाह गोल्फ क्लब को नरम खेल का सामना करना पड़ा। उन्होंने राउंड में 12 बार एक-पुट लगाया और दो बार यह बराबरी का था। थेगाला टोनी फिनाउ और मार्क हब्बार्ड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जिनके भी 65-65 अंक थे। भारतीय-अमेरिकी अक्षय भाटिया ने 73 का स्कोर किया और टी-108 स्थान पर रहे, जबकि ब्रिटिश आरोन राय, जिनके माता-पिता भी भारतीय मूल के हैं, ने 68 का स्कोर किया और टी-18 स्थान पर रहे।

## ग्लेन मैक्सवेल प्रशंसकों के साथ 'आरसीबी, आरसीबी' के नारे लगाने लगे

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल को शनिवार, 18 मई को बेंगलुरु में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के मुकाबले से पहले प्रशंसकों के साथ क्रिकेट खेलते हुए टीम का नाम जपते देखा गया।आरसीबी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण मुकाबले में सीएसके से भिड़ेगी क्योंकि मौजूदा आईपीएल सीज़न के प्लेऑफ़ के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई करने के लिए फाफ डु प्लेसिस को जीतना होगा। आरसीबी ने छह मैचों की जीत के सिलसिले को तोड़ने के बाद लगातार पांच मैच जीतकर सीजन के दूसरे भाग में बड़ा बदलाव किया।सीएसके के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले, आरसीबी के हरफनमौला खिलाड़ी मैक्सवेल बेंगलुरु में प्रशंसकों के साथ क्रिकेट का आनंद लेने में व्यस्त रहे और उनके साथ टीम के नाम का जाप किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.

ग्लेन मैक्सवेल का मौजूदा आईपीएल सीज़न में ख़राब फॉर्म चल रहा है और वह अब तक 8 मैचों में 5.14 की औसत से 36 रन बनाने में सफल रहे हैं। मैक्सवेल को उनकी फॉर्म के कारण कुछ मैचों के लिए बाहर कर दिया गया था और 28 अप्रैल को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने वापसी की।इस बीच, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु वर्तमान में अपने 13 मैचों में छह जीत के साथ छठे स्थान पर है और उसका एनआरआर +0.387 है।

## मोहम्मद कैफ की उपस्थिति में टी20 विश्व कप ट्रॉफी मुंबई के स्कूल परिसर में लाई गई

**मुंबई।** उस रोमांचक क्षण के बाद से जब क्रिस गेल ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के उद्घाटन में अपनी पहली बाउंड्री लगाई, क्रिकेट प्रेमियों ने मनोरंजन के एक रोमांचक नए रूप का जन्म देखा। यह अविस्मरणीय तमाशा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेल की 117 रनों की शानदार पारी के साथ शुरू हुआ, जिसने अभी तक सामने आने वाली अनगिनत लुभावनी टी20 विश्व कप यादों के लिए मंच तैयार किया।एक अभूतपूर्व कदम में, इस साल का पुरुष टी20 विश्व कप 20 टीमों का भव्य मंच पर स्वागत करेगा, जो एक ऐतिहासिक विस्तार का प्रतीक है। एक नए मेजबान और तीन पहली बार अपनी छाप छोड़ने वाली टीमों के साथ, टूर्नामेंट के विकास के लिए उम्मीदें बहुत अधिक हैं। टी20 क्रिकेट की उत्पत्ति 2007 में उद्घाटन विश्व कप से चार साल पहले इंग्लिश काउंटी खेल में इसकी शुरुआत से हुई थी। इस अभूतपूर्व घटना ने आज की वैश्विक लीगों से पहले के गतिशील प्रारूप को मुख्यधारा में ला दिया।

# ईपीएल 2024: धीमी ओवर गति के कारण हार्दिक पांड्या पर लगा जुर्माना



एजेंसी
**नई दिल्ली।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से देर रात जारी एक बयान में कहा गया, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 17 मई को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। बयान में आगे कहा गया, चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का तीसरा अपराध था, इसलिए पांड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और टीम के अगले मैच में खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया

# फीफा महिला विश्व कप 2027 का मेजबान होगा ब्राजील

एजेंसी
**नई दिल्ली।** ब्राजील फीफा महिला विश्व कप का 2027 का मेजबान होगा। यह इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। थाईलैंड में आयोजित 74वीं फीफा कांग्रेस में उक्त घोषणा की गई। ब्राजील ने 1950 और 2014 में पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी की थी। अब महिलाओं का समय है। यह दक्षिण अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला महिला विश्व कप होगा। ब्राजील ने नीदरलैंड, बेल्जियम और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए मेजबानी का अधिकार हासिल किया। अप्रैल में, संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको ने अपनी बोली यह कहते हुए कि वापस ले ली कि उन्होंने इसके बजाय 2031 के लिए अपनी बोली पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई है। नवंबर में दक्षिण अफ़्रीका ने भी ऐसा ही किया था। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना,




स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस ने भी पहले प्रतियोगिता की मेजबानी की है।1991 में अपनी शुरुआत के बाद से, फीफा महिला विश्व कप का कद और लोकप्रियता बढ़ी है। उद्घाटन टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों के साथ, प्रतियोगिता का विस्तार होकर इसमें 32 टीमें शामिल हो गई हैं, सबसे हालिया संस्करण 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित किया गया था।अब तक पांच देशों ने फीफा महिला विश्व कप का खिताब जीता है। इन पांच देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे, जर्मनी, जापान और स्पेन हैं। स्पेन ने 2023 का खिताब जीता था। संयुक्त राज्य अमेरिका की महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने 1991, 1999, 2015 और 2019 में चार खिताबों के साथ सबसे अधिक जीत हासिल की है। दूसरे नंबर पर जर्मनी है, जिसने दो बार 2003 और 2007 में खिताब जीता है। जापान ने 2011 में और नॉर्वे ने 1995 में यह खिताब जीता। टीम ब्राजील ने 1999 में विश्व कप में कांस्य पदक और 2007 में रजत पदक जीता।

# फ्रांस ने यूरो 2024 के लिए घोषित की टीम, एन'गोलो कांटे की दो साल बाद वापसी

एजेंसी
**पेरिस।** फ्रांस ने 14 जून से 14 जुलाई के बीच खेले जाने वाले आगामी यूरोपीय चैंपियनशिप 'यूरो 2024' के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। किलियन एमबाप्पे और एंटोनी ग्रीज़मैन टीम के आक्रमण का नेतृत्व करेंगे।




टीम के कोच डिडियर डेसचैम्प्स ने एक पत्रकार सम्मेलन में टीम की घोषणा की। 2022 के बाद से लेस ब्लूज़ के लिए नहीं खेलने के बावजूद, एन'गोलो कांटे ने टीम में एक चौंकाने वाली वापसी की, जबकि ओलिवियर गिरौद, जो सीज़न के अंत में यूरोप छोड़ने के लिए तैयार हैं, को भी शामिल किया गया है।

फ्रांस, जो टूर्नामेंट के पिछले संस्करण के 16वें राउंड में स्विट्जरलैंड से हार गया था, ने आखिरी बार 2000 में टूर्नामेंट जीता था, और आठ साल पहले घरेलू मैदान पर डेसचैम्प्स के तहत इसे जीतने के करीब पहुंच गया था, लेकिन टीम को पुर्तगाल के हाथों फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। पुर्तगाल ने अतिरिक्त समय में एडर के गोल की बदौलत पहली बार यूरोपीय चैम्पियनशिप जीता था।

**यूरो 2024 के लिए फ्रांस की टीम इस प्रकार है-**

गोएलकीपर्स: ब्राइस सांबा, माइक मेगनन, अल्फोंस अरेओला।

डिफेंडर्स: जोनाथन क्लॉस, जूल्स कौंडे, बेंजामिन पावर्ड, इब्राहिमा कोनाटे, डेयोट उपामेकानो, विलियम सलीबा, थियो हर्नांडेज़, फेरलैंड मेंडी।

मिडफील्डर्स: ऑरेलियन टचौमेनी, एडुआर्डो कैमाविंगा, एन'गोलो कांटे, वेस्ले फोफाना, एड्रियन रैबियोट, वॉरेन ज़ैरे-एमरी।

फॉरवर्ड्स: किलियन एमबाप्पे, ओलिवियर गिरौद, एंटोनी ग्रीज़मैन, ओस्मान डेम्बेले, मार्कस थुरम, ब्रैडली बारकोला, रान्डल कोलो मुआनी, किंग्सले कोमन।

## लखनऊ ने मुंबई को 18 रनों से हराया

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के मैच नंबर-67 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया. वानखेड़े स्टेडियम में हुए इस मैच में लखनऊ ने मेजबान टीम को जीत के लिए 216 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसका पीछा करते हुए वह 6 विकेट पर 196 रन ही बना सकी.टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने छह विकेट पर 214 रन बनाए. लखनऊ के लिए निकोलस पूरन ने महज 29 गेंदों पर 75 रन बनाए. पूरन ने अपनी इस पारी में आठ छक्के और पांच चौके लगाए. कप्तान केएल राहुल ने भी 41 गेंदों पर 55 रनों की धांसू पारी खेली, जिसमें तीन चौके और इतने ही छक्के शामिल रहे. पूरन और राहुल के बीच चौथे विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी हुई. मार्कस स्टोइनिस ने भी 28 और आयुष बडोनी ने नाबाद 22 रनों का योगदान दिया. मुंबई की ओर से नुवान तुषारा और पीयूष चावला ने तीन-तीन विकेट लिए.इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों में बड़े बदलाव हुए. मुंबई इंडियंस ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रेस्ट दिया. ऐसे में ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर इस सीजन में अपना पहला मैच खेलने उतरे. डेवाल्ड ब्रेविस और रोमारियो शेफर्ड को भी मौका मिला. दूसरी ओर लखनऊ के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक इस मैच से बाहर रहे, वहीं ओपनर देवदत्त पडिक्कल और फास्ट बॉलर मैट हेनरी को मौका मिला.इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच अब तक पांच मुकाबले खेले गए हैं. इस दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स ने चार और मुंबई इंडियंस ने एक मैच में जीत हासिल की. देखा जाए तो दोनों टीमें मौजूदा सीजन में दूसरी बार आमने-सामने हुई हैं. इससे पहले 30 अप्रैल को दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें लखनऊ ने 4 विकेट से जीत हासिल की.

## थियागो अलकेन्टारा सीज़न के अंत में लिवरपूल छोड़ देंगे



एजेंसी
**लंदन।** थियागो चार सीज़न के बाद एनफील्ड से विदाई लेंगे, इस दौरान उन्होंने 98 मैच खेले और ईएफएल कप, एफए कप और कम्युनिटी शील्ड जीतते हुए छह गोल किए। वे दो शब्द हैं जो उस दिन मेरे दिमाग में आते हैं जब मुझे आप सभी को अलविदा कहना होता है, रेड्स। इस शहर, इस क्लब और इस समुदाय का हिस्सा बनने का अवसर पाने के लिए आभारी हूं।पहले दिन से ही मुझे जो निरंतर समर्थन मिला है वह अविश्वसनीय है÷ एनफील्ड का उत्साहवर्धन, द कोप का मंत्रोच्चार... अद्भुत, अभिभूत करने वाला। एक अनूठे क्लब के लिए एक बहुत ही अनोखा प्रशंसक आधार।ये पिछले चार साल मेरे और मेरे परिवार के लिए सीखने का समय रहे हैं। कुछ जीत, कुछ हार, लेकिन इसमें कोई शक नहीं, यह जीवन बदलने वाला अनुभव है।टीम के साथी, कोच, स्टाफ और क्लब कर्मचारी:आप सभी इसका हिस्सा थे, थियागो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा।बायर्न म्यूनिख के साथ चैंपियंस लीग की जीत के बाद मिडफील्डर सितंबर 2020 में रेड्स में शामिल हुआ।चोट ने उन्हें 2022-23 अभियान के दौरान 28 मैचों तक सीमित कर दिया। वह केवल एक अकेले उपस्थिति तक ही सीमित था जो रेड के रूप में उसका अंतिम सीज़न था।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए यूरोप रवाना हुई भारतीय महिला टीम

एजेंसी
**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ब्रुसेल्स के लिए रवाना हुई। लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में शुरू होगा, जिसमें एंटवर्प 22 मई से 26 मई तक मैचों की मेजबानी करेगा और लंदन 1 से 9 जून तक मैचों की मेजबानी करेगा।

इस चरण के दौरान भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार होगा। वर्तमान में, टीम आठ मैचों में आठ अंक अर्जित करके एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि मिडफील्डर नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी।सलीमा टेटे ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए रवाना होने से पहले कहा, ÷भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में,



एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण में हमारी प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला ने हमें मूल्यवान सबक सिखाया है, और हम उन्हें लागू करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि हम यूरोप में मजबूत विरोधियों का सामना कर रहे हैं। टीम वर्क, समर्पण और जुझारूपन के साथ हमारा लक्ष्य अपने हर मैच में छाप छोड़ना है।' नवनीत कौर ने कहा, उप-कप्तान नियुक्त होना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। हमारी कप्तान सलीमा टेटे के साथ, मैं अपनी टीम के सदस्यों को हर खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए समर्थन और प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला ने हमारे लचीलेपन और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया, और हम उस गति को यूरोप में आने वाली चुनौतियों में ले जाएंगे, हम अपने सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने और भारतीय हॉकी को गौरव दिलाने का प्रयास करेंगे।'भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण के अपने पहले मैच में 22 मई को अर्जेंटीना से भिड़ेगा।

# आयरलैंड के खिलाड़ियों को वेतन वृद्धि के साथ मिलेगा संशोधित केंद्रीय अनुबंध

एजेंसी
**डबलिन।** क्रिकेट आयरलैंड (सीआई) और आयरिश क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के बीच एक समझौते के बाद आयरलैंड के खिलाड़ियों को वेतन वृद्धि के साथ संशोधित केंद्रीय अनुबंध भी मिलेगा।

पिछले सप्ताह यह खबर आई थी कि आयरलैंड के खिलाड़ियों ने बोर्ड के एक प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। खिलाड़ी जून में आगामी टी20 विश्व कप में अनुबंध पर खेलने जा रहे थे जो इस साल फरवरी में समाप्त हो गया था। सीआई और आईसीए ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि खिलाड़ी अनुबंध की शर्तों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं और दोनों पक्ष समझौता ज्ञापन (एमओयू) को अंतिम रूप देने पर काम कर रहे हैं।

सीआई और आईसीए ने एक संयुक्त बयान में कहा, यह समझौता क्रिकेट आयरलैंड और अनुबंधित खिलाड़ियों के बीच समग्र संबंधों को सुरक्षित करेगा और दुनिया भर के



अन्य फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एफआईसीए) से जुड़े देशों में मौजूद सर्वोत्तम अभ्यास संबंधों को प्रतिबिंबित करेगा।

अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची अभी घोषित नहीं की गई है लेकिन बयान में पुष्टि की गई है कि संशोधित अनुबंध सूची शीघ्र ही जारी किए जाएंगे और फरवरी 2025 के अंत तक लागू होंगे।सीआई के मुख्य कार्यकारी, वॉरेन ड्यूट्रोम ने बयान में पुष्टि की कि खिलाड़ियों के वेतन में भी वृद्धि की गई है।

उन्होंने कहा, खिलाड़ियों के भुगतान की शुरुआत से, क्रिकेट आयरलैंड बोर्ड ने हमेशा हमारे वरिष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ियों को आयरलैंड में खेल को आगे बढ़ाने में उनकी बड़ी भूमिका के लिए पुरस्कृत करने को प्राथमिकता दी है। हमारे बजट की कमी और खिलाड़ी अनुबंधों के लिए नए मॉडल की जटिलता के कारण कुछ देरी हुई है। हालांकि, हर समय, हम यह सुनिश्चित करने के लिए आईसीए के साथ बहुत सकारात्मक रूप से काम कर रहे हैं कि हम एक ऐसे समझौते पर पहुंचें जो सभी के लिए काम करे।

उन्होंने कहा, इस साल आयरिश क्रिकेट में खिलाड़ियों को नए पैसे का सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। वैसा ही जैसा रहना चाहिए। मेरा मानना है कि हमने शेष खेल को वित्त पोषित करने के अपने कर्तव्य को भूले बिना खिलाड़ियों को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए पुरस्कृत करने की पूरी कोशिश की है, विशेष रूप से जमीनी स्तर, क्लब और प्रांतीय स्तर पर - यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम भविष्य में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी तैयार कर सकें। आयरलैंड के पूर्व बल्लेबाज और आईसीए अध्यक्ष सेसिलिया जॉयस ने कहा, इस पूरी प्रक्रिया के दौरान हमारे सदस्य एकजुट रहे हैं और इसका परिणाम आयरलैंड और खेल के सभी पेशेवर खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण है। यह खिलाड़ियों के अगली अवधि के लिए राजस्व और अनुबंध संरचनाओं पर हिस्सेदारी के संबंध में अधिक पारदर्शिता और स्पष्टता सुनिश्चित करता है।

# ला लीगा: बार्सिलोना ने अल्मेरिया को हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की

एजेंसी
**मैड्रिड।** मिडफील्डर फर्मिन लोपेज के दो गोल की बदौलत एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को अल्मेरिया को 2-0 से हरा दिया और ला लीगा तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। बार्सिलोना को विलारियल के खिलाफ गिरोना की घरेलू हार का भी फायदा मिला और उसने दो मैच शेष रहते हुए तीसरे स्थान पर काबिज गिरोना पर चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। बार्सिलोना के अब 79 और गिरोना के 75 अंक हैं।

बार्सिलोना ने मैच में तेज शुरुआत की और 14वें मिनट में युवा डिफेंडर हेक्टर फ़ॉन्ट से मिले क्रॉस पर लोपेज ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

फ़ॉन्ट दूसरे गोल में भी शामिल थे, 67वें मिनट में उन्होंने गेंद सेर्गी रॉबर्टो को दी, जिन्होंने लोपेज़ को क्रॉस दिया और उन्होंने गेंद को गोल पोस्ट में डालकर अपनी टीम की 2-



0 से जीत सुनिश्चित कर दी।

रियल सोसिदाद और बेटिस छठे स्थान और अगले सीज़न के यूरोपा लीग के लिए क्वालीफिकेशन के लिए रविवार को आमने-सामने होंगे। रियल सोसिदाद की वेलेंसिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर 1-0 की जीत ने उन्हें छठे स्थान पर वापस ला दिया है, जो कि बेटिस से एक अंक ऊपर है। सप्ताह के कुछ प्रमुख मैचों में मंगलवार को रियल मैड्रिड ने अलावेस को 5-0 से हराया, गिरोना, विलारियल से 1-0 से हार गया और एटलेटिको मैड्रिड ने बुधवार को गेटाफे पर 3-0 से जीत हासिल की।

## भारत के ओलिंपिक मुक्केबाजी कोटा खोने की संभावना

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुडा को विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा 12 महीनों में तीन ठिकाने विफलताओं के लिए निलंबित किए जाने के बाद अपना पेरिस ओलंपिक कोटा खोने की संभावना है।पिछले साल एशियाई खेलों के दौरान महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन वाडा नियमों के अनुसार अप्रैल 2022 से मार्च 2023 की अवधि में अपना ठिकाना दर्ज करने में विफल रहीं।उन्हें WADA द्वारा डेढ़ साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। निलंबन इसी महीने से शुरू हो रहा है. यह नवंबर 2025 तक चलेगा, परवीन के कोच सुधीर हुडा ने कहा।पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल एथलीटों को अपने रात के स्थान का पूरा पता, प्रत्येक स्थान का नाम और पूरा पता जहां वे प्रशिक्षण, काम करते हैं या अन्य नियमित निर्धारित गतिविधियों का संचालन करते हैं, साथ ही प्रत्येक गतिविधि की सामान्य समय-सीमा भी प्रदान करनी होगी।

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो के लिए भारतीय टीम के ट्रायल, चयन की जिम्मेदारी जेजेटीयू को मिली

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के महानगर डेगू में 5 से 7 जुलाई तक होने वाले वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल के लिए इंडिया ताइक्वांडो ने राजस्थान के झुंझुनूं स्थित श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी को भारतीय टीम के ट्रायल, कैंप और चयन का आयोजन करने की बडी जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता व ऑल इंडिया इंटर



यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाडियों को इस कैंप में जगह दी जाएगी, जो 20 दिन के कठिन कैंप के बाद भारतीय टीम में शामिल होने के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेंगे।

वर्ल्ड ताइक्वांडो से संबद्ध इंडिया ताइक्वांडो के महासचिव अमित धामल द्वारा इस संबंध में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल को आधिकारिक पत्र भेजा गया है। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला व यूनिवर्सिटी अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने इस जिम्मेदारी के लिए इंडिया ताइक्वांडो के अध्यक्ष नामदेव शिरगांवकर का आभार जताया है। डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने बताया कि ट्रायल, प्रशिक्षण व चयन कैंप के लिए कुलसचिव डॉ अजीत कुमार की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें खेल बोर्ड सचिव डॉ अरूण कुमार, मुख्य वित अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, शारीरिक शिक्षा विभाग प्राचार्य डॉ मनोज गोयल, डीन स्टूडेंट वेल्फेयर डॉ रामदर्शन फोगट, खेल विशेषज्ञ सतीश ढुल को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 20 दिन के कैंप के बाद 35 प्रतिभाशाली खिलाडियों का चयन भारतीय टीम के लिए किया जाएगा।



# नुसरत भरूचा

## के हाथ से कैसे फिसली 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली ये फिल्म, वजह जान घूम जाएगा दिमाग

नुसरत भरूचा मंझे हुए कलाकारों में गिनी जाती हैं। टीवी से करियर शुरू करने वाली नुसरत ने फिल्म इंडस्ट्री तक सफर, अपने दम पर तय किया। अब तक एक्ट्रेस प्यार का पंचनामा, ड्रीम गर्ल और अकेली जैसी कई हिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं। टीवी में 6 साल काम करने के बाद उन्होंने फिल्म संतोषी मां के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया।ुसरत भरूचा को इंडस्ट्री में पहचान स्स्ठ, प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी ने दिलाई। हालांकि, ये बात कम ही लोग जानते है कि एक्ट्रेस 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली ब्लॉकबस्टर हॉलीवुड फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए शॉर्टलिस्ट हुई थीं।

**लीड रोल के लिए हुई थीं शॉर्टलिस्ट**

स्लमडॉग मिलियनेयर साल 2008 में आई थी। फिल्म दुनियाभर में पसंद की गई थी। सबसे प्रतिष्ठित एकेडमी अवॉर्ड्स में फिल्म को नॉमिनेट किया गया था। स्लमडॉग मिलियनेयर को ऑस्कर अवॉर्ड्स में 10 अलग- अलग कैटेगरी में नॉमिनेशन मिले थे।इनमें से 8 कैटेगरी में इस फिल्म ने जीत हासिल की थी।नुसरत भरूचा को नुसरत भरूचा में लीड रोल के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था, जिसे फिल्म में फ्रीडा पिंटो ने निभाया था।


**इस वजह से हाथ से फिसली फिल्म**


स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए नुसरत भरूचा ने ऑडिशन दिया था।नुसरत, फ्रीडा पिंटो के साथ फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट भी हो गई थीं, लेकिन उन्हें फाइनल नहीं किया गया।नुसरत भरूचा ने अपने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि स्लमडॉग मिलियनेयर में उन्हें उनके लुक की वजह से नहीं लिया गया।फिल्म की टीम ने उनसे कहा कि वो कहीं से भी झोपड़पट्टी से आई हुई नहीं लगती हैं।

**नुसरत के चेहरे ने छीनी फिल्म**

नुसरत भरूचा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस संग बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि मेरी इमेज दूसरों की धारणाओं में उलझ कर रह गई है। मैं ऑस्कर विनिंग फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयरकी लीड एक्ट्रेस के लिए फ्रीडा पिंटो के साथ चुनी गई लड़कियों में से एक थी, लेकिन मेरे लुक्स की वजह से मुझे फाइनल नहीं किया गया।डायरेक्टर डैनी बॉयल की टीम ने मुझे बैठाया और समझाया कि मैं किसी झुग्गी-झोपड़ी इलाके से आने वाली लड़की की तरह नहीं दिखती हूं।मुझे बताया गया कि मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं और सब कुछ परफेक्ट है, सिवाय इसके कि मेरा लुक किरदार के साथ फिट नहीं बैठता है।

## मैं लडूंगी, आई एम फाइटरज्इस दिन होगी सर्जरी, राखी सावंत ने बताया कैसी है उनकी तबीयत





राखी सावंत को दो दिन पहले यानी 15 मई को सीने में हुए दर्द की वजह से अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. उनके एक्स-हसबैंड ने इस दौरान राखी की हेल्थ अपडेट भी मीडिया के साथ शेयर की थी. अब खुद राखी सावंत ने बताया है कि उन्हें असल में क्या हुआ है. राखी सावंत बोलीं, मैं जल्द ही ठीक हो जाऊंगी, मैंने कभी किसी का बुरा नहीं किया है. दरअसल 10 सेंटीमीटर का ट्यूमर है. और शनिवार 18 मई को डॉक्टर इसकी सर्जरी करने वाले हैं. मैं ज्यादा बातचीत कर नहीं सकती, लेकिन रितेश आपके साथ कल अस्पताल का पता शेयर करेंगे.

आगे राखी सावंत ने कहा, जब सर्जरी करके ट्यूमर बाहर आएगा तब मैं वो सबको दिखाने वाली हूं, मैं फिलहाल मेडिकेशन पर हूं. ऑपरेशन से पहले बहुत सारी चीजें रिकवर करनी पड़ती हैं. बीपी है, और भी कुछ है. मुझे नहीं पता, मैं सिर्फ एक एक्ट्रेस हूं. डॉक्टर मेरे शरीर में हर चीज परफेक्ट करेंगे. शनिवार को मेरी सर्जरी होगी. मेरे डॉक्टर देश के नंबर वन डॉक्टर हैं, यहां सब कुछ अच्छा है, चिंता की जरूरत नहीं है. मैं बचपन से अभी तक हर चीज से लड़ी हूं, तूफान से टकराई हूं. लेकिन कभी हारी नहीं हूं मैं.

**जल्द होगी ट्यूमर की सर्जरी**

भावुक राखी ने आगे कहा, मैं ऑपरेशन थिएटर में भी लडूंगी. मुझे कुछ नहीं होगा, मेरी मां का आशीर्वाद मेरे साथ है. मैं फाइटर हूं, मैं वापस आऊंगी. छोटा सा ट्यूमर ही तो है. फिर से मैं नाचूंगी, गाऊंगी. फिर से लोगों का मनोरंजन करूंगी. मैं उस दिन सुबह डांस कर रही थी. घर आकर मुझे दर्द होने लगा, मैं बेहोश हो गई. रितेश जी मुझे तुरंत अस्पताल लेकर गए, ट्रीटमेंट के बाद पता चला कि मुझे ट्यूमर है. लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं ठीक होकर फिर से वापसी करूंगी. फिर से डांस करूंगी. और सबका खूब मनोरंजन करूंगी.

## ये इन्फ्लुएंसर भी होगा शो में शामिल, प्रधानमंत्री कर चुके हैं तारीफ





जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होने वाले 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए एक्टर्स के साथ-साथ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को भी अप्रोच किया गया है. फलक नाज के बाद अब मेकर्स भाई-बहन की जोड़ी को यानी शीजान खान और शफक नाज को अपने शो में शामिल करने के लिए उत्सुक हैं. इन दोनों के साथ एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी बिग बॉस की टीम के संपर्क में है. और ये सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं अंकित बैयानपुरिया. पिछले साल अंकित ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'स्वच्छता अभियान कार्यक्रम' में हिस्सा लिया था.हरियाणा में सोनीपत-बयानपुर के रहने वाले अंकित का वीडियो खुद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था. इस वीडियो में, प्रधानमंत्री ने अंकित की तारीफ थी.

हाथों में झाड़ू लेकर सफाई करने के साथ-साथ अंकित और पीएम नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया, जी20, फिटनेस, युवापीढ़ी और स्पोर्ट्स जैसे कई विषयों पर बात करते हुए नजर आए थे. अंकित के फिलहाल यूट्यूब पर 4 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं. उनकी पॉपुलैरिटी को मद्देनजर रखते हुए बिग बॉस की टीम चाहती है कि वो इस शो का हिस्सा बनें. लेकिन अब तक अंकित की तरफ से इस बात को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है.

रही बात शफक नाज और शीजान खान की, तो 'तुनिषा शर्मा सुसाइड' मामले में शीजान जेल जा चुके हैं. तुनिषा ने शीजान के मेकअप रूप में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी. उनकी मां ने शीजान को अपनी बेटी की आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराया था. इस मुश्किल समय में उनकी दोनों बहनों शफक नाज और फलक नाज ने उनका साथ दिया था. दरअसल जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद शीजान को 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' दोनों शो ऑफर हुए थे. लेकिन उन्होंने बिग बॉस को रिजेक्ट करते हुए, 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए हां कर दी थी.

## Anushka Sharma हो जाएंगी फिल्मों से दूर? विराट का ये वीडियो देखने के बाद अंदाजा लगा रहे हैं यूजर्स

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली हमेशा से फैंस को कपल गोल्स देते हुए नजर आए हैं। विराट कोहली 2024 का ये सीजन शुरू होने पर भले ही टीम परफॉर्मेंस को लेकर विराट कोहली काफी परेशान थे, लेकिन अब उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सेमी फाइनल्स की रेस में बनी हुई है।अनुष्का शर्मा भी अकाय%के जन्म के दो महीने बाद जब इंडिया लौटीं, तो वह अपने पति को चीयर करने स्टेडियम में पहुंच गयीं। इस खुशी के बीच ही विराट कोहली का एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर फैंस इस सोच में पड़ गए हैं कि क्या अगर विराट फैसला लेते हैं, तो क्या अनुष्का शर्मा भी फिल्मों से दूर हो जाएंगी।

**विराट कोहली ने बताए अपने रिटायरमेंट प्लान**

बीते दिन विराट कोहली का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें विराट अपने रिटायरमेंट के बारे में बात कर रहे हैं।उन्होंने कहा, क खिलाड़ी के रूप में हम सबका करियर एक दिन खत्म होना है। मैं हमेशा के लिए नहीं खेल सकता। मुझे यकीन है कि मेरे अंदर कोई पछतावा नहीं बचेगा। जब तक मैं खेल रहा हूं तब तक मैं अपना शत-प्रतिशत दूंगा, लेकिन जब मेरा हो जाएगा, तो मैं चला जाऊंगा और आप कुछ समय तक मुझे नहीं देखेंगे।

उनके इस वायरल वीडियो को देखकर फैंस का दिल टूट गया है। कई लोग तो ये भी कह रहे हैं कि आप रिटायरमेंट की बात मत करो। हालांकि, इस बीच ही कुछ यूजर्स तो ये भी अंदाजा लगा रहे हैं कि विराट कोहली भविष्य में अपने परिवार के साथ च में भी शिफ्ट हो सकते हैं।

**क्या विराट कोहली होंगेच में शिफ्ट ?**

दरअसल विराट कोहली के सेकंड बच्चे अकाय का जन्म यूके में हुआ था, जिसकी वजह से कुछ यूजर्स ये अंदाजा लगा रहे हैं कि रिटायरमेंट के बाद विराट और अनुष्का अकाय और वामिका के साथ अब्रॉड में शिफ्ट हो सकते हैं। हालांकि, विराट कोहली ने अपने इंटरव्यू में बाहर शिफ्ट होने को लेकर किसी भी तरह का बयान नहीं दिया है।आपको बता दें कि विराट और अनुष्का के बेटे अकाय का जब जन्म हुआ था, तो उस वक्त ये सवाल उठे थे कि क्रिकेट किंग के बेटे की सिटिजनशिप इंडिया की होगी या फिर च की। अनुष्का शर्मा पिछले काफी समय से महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी %झूलन गोस्वामी% को लेकर चर्चा में हैं।

